ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 14 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-58 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

केएल राहुल तीनों फॉर्मेट में मिडिल ऑर्डर ... पेज 12 पर



## रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत पूरी करने पर हमारा जोर : हेमंत

**हम लोग 36 लाख 30 हजार लोगों को पेंशन का लाभ दे रहे**

**20 लाख से अधिक किसानों को केसीसी कार्ड उपलब्ध कराया**

**तीन कमरों का अबुआ आवास दे रही राज्य सरकार**



**रांची/जामताड़ा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को जामताड़ा के नाला प्रखंड के नूतनडीह में कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की जरूरत है। इसलिए राज्य सरकार ने राशन कार्डधारियों को अब अनाज के साथ एक किलो दाल भी देने जा रही है। इसके साथ आठ लाख परिवारों को आवास का लाभ देने के लिए अबुआ आवास योजना शुरू की गई है वहीं हर गरीब को 10 रुपये में धोती, साड़ी और लुंगी वर्ष में दो बार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। कहा कि गांव-गांव, पंचायत-पंचायत में शिविर लग रहा है और इन शिविरों में पदाधिकारी मौजूद रहकर जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को मजबूत करना है तो गांव को मजबूत करना होगा। इस निमित्त ग्रामीण परिवेश के अनुरूप योजनाएं बननी शुरू हुई हैं। अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए जरूरतमंद लोग अवश्य शिविर में आवेदन दें। इसके तहत तीन कमरों का आवास राज्य सरकार देगी। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार हर समस्या के समाधान के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है। राज्य अलग होने के बाद 20 वर्ष में मात्र 15 लाख लोगों को पेंशन मिलता था। विगत चार वर्ष में हम लोगों ने 36 लाख 30 हजार लोगों को पेंशन का लाभ देने का काम किया है। विगत चार वर्ष में हमारी सरकार ने 20 लाख से अधिक किसानों को केसीसी कार्ड से आच्छादित करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इस राज्य को मजबूत बनाने में लगे हैं ताकि आने वाले कुछ वर्षों के बाद झारखंड इतनी ताकत पैदा कर ले कि वह हर चुनौतियों का सामना कर पाये और पिछड़ापन का कलंक मिटाने में सक्षम हो पाये। हेमंत सोरेन ने कहा कि साइकिल वितरण योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से पैसा भेजा जा रहा है। पूर्व में 3500 रुपये की साइकिल दी जाती थी, अब साइकिल खरीद के लिए स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को 4500 रुपये दिए जा रहे हैं। यह राशि बच्चे-बच्चियों के खाते में सीधे जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10वीं-12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कुदरत का करिश्मा : महिला ने एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म

**माता-पिता व परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, नाम रखेंगे-राम, लक्ष्मण व भरत**

**सदर अस्पताल में हुई नॉर्मल डिलीवरी, मां-बच्चे स्वस्थ, महिला को पहले से दो बेटियां**



**राहुल कौशल। लोहरदगा**

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जननी सुरक्षा के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। संस्थागत प्रसव पर विश्वास करते हुए लोग सदर अस्पताल में पहुच कर अपना प्रसव करा रहे हैं। लोहरदगा सदर अस्पताल में एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। एक साथ तीन बच्चों की डिलीवरी होते ही स्वास्थकर्मी जहां हैरत में पड़ गए, वहीं माता-पिता और परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। महिला को पता ही नहीं चला था कि उसके गर्भ में तीन बच्चे पल रहे हैं। चिकित्सक के मुताबिक तीनों बच्चे और उनकी मां पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि एक साथ तीन बच्चों के जन्म के कारण बच्चों का वजन कम है। सभी बच्चों को एसएनसीयू में रखा गया है। इधर एक साथ तीन बच्चों के जन्म को लेकर पूरे इलाके में चर्चा हो रही है। लोग सदर अस्पताल में बच्चों को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने तो बच्चे को गोद लेने की इच्छा भी परिजनों के समक्ष रख दी है। परिजनों ने बताया कि हमलोग खेती किसानी करके जीविकोपार्जन करते हैं। जब ईश्वर ने दो बेटियां दी थीं, तो बेटे की आस में हमने तीसरे बच्चे के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### लोयाबाद थाना का एएसआई 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**धनबाद।** लोयाबाद थाना के एएसआई मनोज कुमार मिश्रा एसीबी की टीम ने बुधवार को 10 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम ने थाने में कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एएसआई मनोज मिश्रा को पकड़कर एसीबी के धनबाद कार्यालय ले आई है। उससे पूछताछ की जा रही है. ज्ञात हो कि इससे पहले नवबंर 2022 मे दरोगा दशरथ साहू जुलाई महीने में दारोगा निलेश कुमार एसीबी के हत्थे चढ़ चुके हैं।

### जीओ सर्विलांस सिस्टम के साथ धीरज साहू के घर फिर पहुंची आयकर की टीम

**रांची।** आयकर विभाग के अधिकारियों की एक टीम बुधवार को कांग्रेस सांसद धीरज साहू के रेडियम रोड स्थित आवास पर जीओ सर्विलांस मशीनों (जियो फिजिकल इंस्ट्रूमेंट) के साथ एक बार फिर से पहुंची है। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग के अधिकारी लगभग 12 से अधिक वाहनों से उनके आवास पहुंची। टीम कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर लगातार जांच कर रही है। इससे पहले आईटी की टीम ने मंगलवार की रात भी जियो सर्विलांस सिस्टम से धीरज साहू के घर की जांच की थी। टीम जीओ सर्विलांस सिस्टम मशीन के माध्यम से मिट्टी के अंदर भी छुपाकर रखे गए जेवरात सहित अन्य सामानों को खोजने में जुटी है। खबर लिखे जाने तक सर्च अभियान जारी है। सीआईएसएफ के जवान वहां तैनात है। किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि आयकर की टीम ने गत छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रुपयों से भरी 30 अलमारी बरामद की थी। उस दिन से नोटों की गिनती जारी है। सूत्रों के अनुसार अब तक 500 करोड़ रुपये रुपये मिले हैं। नोटों के अलावा 17 किलोग्राम जेवरात भी मिले थे।

### शराब कारखाना अंकुर बयोकेम में आयकर की धमक

**धनबाद।** धनबाद के निरसा तेतुलिया स्थित अंकुर बायोकेम शराब कारखाने में धनबाद और पश्चिम बंगाल के इनकम टैक्स की टीम ने बुधवार को संयुक्त रूप से दबिश दी। जानकारी के अनुसकर आईटी की टीम वहां कागजातों को खंगाल रही है। पश्चिम बंगाल के कोलकता, आसनशोल और धनबाद की आयकर टीमों ने एक साथ दबिश दी है। आईटी की टीम के अंदर जाने के बाद से किसी को भी अंदर जाने या अंदर से बाहर आने की अनुमति नहीं है। सूचना मिलने पर कंपनी के अधिकारी और मलिक महेंद्र शर्मा कारखाना पहुंचे। छापेमारी के इस पूरे प्रकरण को कांग्रेस सांसद सह शराब व्यापारी धीरज साहू के ठिकानों पर हुई छापेमारी के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। आसनशोल के टीएमसी नेता पूर्व विधायक सोहराब अली के घर पर भी छापेमारी चल रही हैं।

### झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में राजा पीटर को मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में मुख्य साजिशकर्ता गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर को बुधवार को जमानत मिल गई। न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कुछ शर्तों के साथ जमानत के आदेश दिए। इससे पहले झारखंड हाई कोर्ट से दो बार राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट से भी उनकी जमानत याचिका मेरिट के आधार पर खारिज हो चुकी थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राजा पीटर साढे छह साल से जेल में हैं एवं इस मामले में गवाहों की संख्या भी काफी अधिक है, ऐसे में उन्हें जमानत प्रदान की जाए। इस मामले में राजा पीटर को मुख्य साजिशकर्ता मानते हुए एनआईए ने उन्हें नौ अक्टूबर, 2017 को गिरफ्तार किया था। इस मामले में एनआईए ने करीब पांच प्रोटेक्टेड गवाहों के बयान दर्ज कराये हैं। एनआईए इस मामले की जांच 28 जून, 2017 से कर रही है। दरअसल, नौ जुलाई, 2008 को बुंडू के एसएस हाई स्कूल में एक समारोह के दौरान रमेश सिंह मुंडा सहित चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रांची पुलिस के अलावा सीआईडी भी इस हत्याकांड की जांच कर चुकी है, लेकिन हत्यारे तक नहीं पहुंच सकी थी। इसी मामले में राजा पीटर के अंगरक्षक शेषनाथ सिंह खरवार को सात अक्टूबर, 2017 को गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में शामिल रहे नक्सली कुंदन पहन ने राज्य पुलिस के सामने 27 मई, 2017 को समर्पण किया था।

## लोस में दो युवकों ने लगाई दर्शक दीर्घा से छलांग, कार्यवाही स्थगित

# आतंकी हमले की बरसी के दिन लोस में स्मोग अटैक

**जयभीम और तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगा रहे थे दोनों युवक**

**सांसदों ने दोनों को पकड़ लोकसभा के सुरक्षाकर्मियों को सौंपा**

**संसद के अंदर प्रदर्शन करने वाले 2, बाहर प्रदर्शन करने वाले 2, कुल 4 गिरफ्तार, 2 की तलाश जारी**

**नई दिल्ली।** 22 साल पहले 13 दिसंबर, 2001 में संसद भवन पर आतंकवादी हमले का प्रयास हुआ था। बुधवार को इस घटना की बरसी थी लेकिन इसी दिन एक बार फिर संसद की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ खड़ा हुआ। दरअसल बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान ही दर्शक दीर्घा में बैठे दो व्यक्तियों ने सदन में छलांग लगा दी, हंगामा किया और टियर स्मोग (रंगीन धुआं छोड़ने वाला उपकरण) अटैक कर सांसदों को आतंकित करने का प्रयास किया। लेकिन सदन में मौजूद सांसदों ने ही दोनों को पकड़ कर लोकसभा के सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया। दोनों युवकों की पहचान सागर शर्मा और डी मनोरंजन के रूप में हुई है। मनोरंजन मैसूर व सागर लखनऊ का रहने वाला है। यह घटना गंभीर इसलिए भी हो जाती है कि ठीक घटना के पहले प्रधानमंत्री सहित पक्ष-विपक्ष के कई प्रमुख नेताओं 2001 के आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नौ सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि दी थी। वहीं कुछ दिन पहले ही अमेरिका में रह रहे खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भी वीडियो जारी कर कहा था कि संसद में 13 दिसंबर को हमला हुआ था। इस बार भी वह हमला करवाएगा। घटना के संबंध में बताया गया कि लोकसभा की दर्शक दीर्घा से बुधवार को दो व्यक्तियों ने छलांग लगा दी और वे सदन के बीचों बीच आ गए। इसके बाद सदन की कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इसी दौरान संसद के बाहर भी एक महिला हरियाणा की नीलम और महाराष्ट्र के अमोल शिंदे ने स्मोग पटाखे फोड़े और टियर स्मोग के साथ नारेबाजी की। महिला उच्च शिक्षा प्राप्त है लेकिन बेरोजगार है, वह किसान आंदोलन में भी शामिल हुई थी।



### संसद तब भी चली थी, अब भी चलेगी : लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ने बुधवार को सदन के सदस्यों को सुरक्षा का आश्वासन देते हुए जानकारी दी कि सदन के अंदर दो लोगों द्वारा फैलाया गया धुआं खतरनाक नहीं था। उन्होंने सदस्यों को यह भी आश्वासन दिया कि वे सबसे अलग से बातचीत कर उनके सुझाव लेंगे कि कैसे सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सकता है। दोनों फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं। हंगामे के बाद दो बजे दोबारा लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई। लोकसभा अध्यक्ष ने सदस्यों को सूचित किया कि जांच करा ली गई है और धुआं सामन्य है। इसमें खतरा नहीं है। वे सभी को आश्वासन देते हैं कि पूरी जांच होने के बाद सदन को जानकारी दी जाएगी। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने अपनी बात रखनी चाही।

### दोनों को मैसूर-कोडगु के भाजपा सांसद से मिला था पास, एमए बीएड, एमएड, सीटीईटी, एमफिल व नेट क्वालीफाई है नीलम

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को शून्यकाल के दौरान अचानक दो युवक दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए और तानाशाही.., तानाशाही.. के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे। पकड़े जाते समय स्प्रे करके रंग-बिरंगा धुआं फैला दिये। इससे संसद में अचानक अफरा तफरी मच गई। संसद के अंदर से पकड़े गए दोनों युवकों की पहचान सागर शर्मा और मनोरंजन के रूप में हुई है। दोनों मैसूर के रहने वाले हैं। इन्हें मैसूर-कोडगु संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के कार्यालय से लोकसभा दर्शक दीर्घा का पास मिला था। इधर संसद के बाहर प्रदर्शन करने वालों में एक महिला है। जिसका नाम नीलम (42) बताया जा रहा है, जो हरियाणा की रहने वाली है। बाहर प्रदर्शन करने वाले दूसरे व्यक्ति की पहचान महाराष्ट्र के लातूर के अमोल शिंदे (25) के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस घटना में 6 लोगों के शामिल होने का संदेह है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### संसद भवन के बाहर टियर स्मॉग के साथ दो प्रदर्शनकारी हिरासत में

**नई दिल्ली।** संसद भवन के सामने जिस महिला और पुरुष को नारेबाजी करते और टियर स्मॉग (रंगीन धुआं छोड़ने का उपकरण) का इस्तेमाल करते हिरासत में लिया गया है उनकी पहचान नीलम और अमोल शिंदे के रूप में हुई है। नीलम हरियाणा के हिसार की रहने वाली है जबकि अमोल शिंदे महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी प्रणव तयाल ने बताया कि पुलिस ने फौरन दोनों को हिरासत में ले लिया। दोनों प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। इसलिए उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। पुलिस उन्हें वहां से संसद मार्ग थाने लेकर चली गई। महिला और पुरुष ने संसद भवन के बाहर पहले पटाखे फोड़े थे और उसके बाद भारत माता की जय, जय भीम, तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे भी लगाए।

**पलामू सांसद वीडी राम की पहल ने लायी रंग**

## आज से शुरू होगा झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की पहल आखिरकार रंग लायी। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा कोहरे के कारण पिछले चार दिसंबर से बंद की गयी झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन 14 दिसम्बर से पुनः प्रारम्भ करने हेतु अधिसूचना जारी कर दिया गया है। विदित हो कि 4 दिसम्बर को ठंड के मौसम में कोहरा व धुंध के कारण 1 मार्च 2024 तक रेलवे बोर्ड द्वारा उक्त ट्रेन का परिचालन बंद कर दिया गया था। इससे आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुये मामले को लेकर 7 दिसंबर को चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जया वर्मा सिन्हा व केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर एवं पत्राचार के माध्यम से सांसद श्री राम ने हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रखने का अनुरोध किया था। ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाने पर प्रधानमंत्री व रेल मंत्री के प्रति आभार जताते हुये सांसद ने कहा कि उक्त ट्रेन का परिचालन शुरू होने से पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को यात्रा करने में हो रही कठिनाईयों से निजात मिलेगी। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी है।



फाइल फोटो

## डॉ. मोहन यादव बने मध्य प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री

- प्रधानमंत्री की उपस्थिति में ली शपथ
- जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल ने ली उप मुख्यमंत्री पद की शपथ

**भोपाल।** डॉ. मोहन यादव मध्य प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्यपाल पटेल ने जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित विधायक, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, स्वयंसेवक और आम नागरिक उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### भजनलाल शर्मा 15 को लेंगे शपथ

**जयपुर।** राजस्थान के मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 15 दिसंबर को राजस्थान के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। राजस्थान भाजपा ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### विष्णुदेव साय बने छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री

**रायपुर।** आदिवासी नेता विष्णुदेव साय ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली। उनके साथ दो उप मुख्यमंत्रियों अरूण साव एवं विजय शर्मा ने भी शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस मौके पर मौजूद थे। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राजधानी के साइंस कालेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में साय को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी। राज्यपाल ने इसके उपरान्त दो उप मुख्यमंत्रियों अरूण साव एवं विजय शर्मा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी। सभी ने ईश्वर के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बेमौसम आग से सुलगते सवाल



**सुनील बादल**

**वैसे** तो कहा जाता है कि आग और दुर्घटना का कोई समय तय नहीं होता पर आग लगने की सर्वाधिक घटनाएं गर्मी के दिनों में होती हैं क्योंकि गर्मी के दिनों में सूखी चीजों में आग जल्दी लगती है वैसे सर्दी के मौसम में भी आग लगती है जब ठंढ से बचने के लिए लोग अलाव जलाते हैं या घरों में लकड़ियां जलाते हैं पर कल राजधानी रांची की सबसे बड़ी सब्जी मंडी में लगी आग में जली लगभग 50 दुकानों के राख होने से कई सवाल सुलग रहे हैं कि व्यस्ततम मुख्य मार्ग महात्मा गांधी रोड के इतने महत्वपूर्ण मार्केट में जिन छोटे फल विक्रेताओं की जमा पूंजी लगभग 30-40 लाख जल कर राख हो गई क्या उन्हें बचाने के लिए कोई सुरक्षा उपकरण नहीं लगे थे? नहीं लगे थे तो जिम्मेदारी किसकी थी? दुकानदार संघ के सदर हाजी फिरोज ने बताया कि किसी ने बीमा नहीं करा रखा था जिससे उनकी भरपाई हो सके। वहां से टैक्स वसूलने वाले नगर निगम और बिना सुरक्षा व्यवस्था के अनापत्ति प्रमाण पत्र देने वाले या आखें मूंदे अग्नि शमन विभाग दोनों के मुख्यालय की दूरी लगभग तीन-तीन किलोमीटर है। कल्पना की जा सकती है लगभग प्रतिदिन होने वाली भारी भीड़ के बीच अगर आग लगती तो क्या अनहोनी हो सकती थी? क्योंकि उन संकरी गलियों में आग बुझाने वाली गाड़ियों के जाने की जगह ही नहीं थी। मोटे तौर पर हटिया, जमशेदपुर, बोकारो के योजनाबद्ध बसाए गए टाउनशिप को छोड़ दें तो शायद ही कहीं आग बुझाने वाली गाड़ी फायर टेंडर के सुगम आवागमन के लिए नियमानुसार 25 फीट की सड़क छोड़ी गई है। ऐसे असुरक्षित भवनों के नक्शे पास हैं और कैसे अग्नि शमन विभाग लगातार घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अनापत्ति पत्र देता रहा है? इतिहास की बात करें रांची और झारखंड में अनेक दुःखद अग्निकांड हुए हैं । धनबाद के केंदुआ बाजार की एक दुकान में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी। धनबाद शहर के जोड़ा फाटक इलाके में एक बहुमंजिला बिल्डिंग में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। विवाह समारोह के दौरान गैस सिलेंडर फटने से यह हादसा हुआ था। धनबाद में एक सप्?ताह में आग लगने की दूसरी घटना थी। अग्निशमन विभाग के आंकड़े के अनुसार, इस साल झारखंड में अगलगी की कुल 2476 घटनाएं घटीं। इनमें सर्वाधिक 206 घटनाएं जमशेदपुर के गोलमुरी में दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर धनबाद है, जहां 202 घटनाएं घटीं। इन घटनाओं के बावजूद अग्निशमन विभाग ने कुल 490 करोड़ रुपये की संपत्ति को जलने से बचाया। जान जाने व जख्मी होने का मामला सिर्फ धनबाद में दर्ज है। धनबाद में अगलगी से 22 लोगों की जान गई, 32 लोग जख्मी हुए, 40 लोगों की जान बचा ली गई। राजधानी रांची से लेकर झारखंड के सभी छोटे बड़े शहरों के आसपास बहुत तेजी से अंधाधुंध कॉलोनियां बिना किसी नक्शे या अग्निशमन विभाग की गाड़ियों के लिए 25 फीट का रास्ता छोड़े बसाई जा रही हैं जो अगले कुछ दशकों में इससे भी बड़ी दुर्घटनाओं को किस प्रकार रोकेंगी इसका जवाब किसी के पास नहीं है उन भू माफियाओं के पास नहीं जो बहुत तेजी से मनमाने रेट पर जमीन बेचकर कॉलोनियां बसा रहे हैं और उन परिवारों के पास तो बिल्कुल भी नहीं जो ऐसी कॉलोनियों में किसी तरह अपना घर बना चुके हैं । वैसे सरकार क्षेत्रीय विकास प्राधिकार को शहरी क्षेत्रों की सीमाओं से बाहर का नक्शा पास करने का अधिकार दिया है पर विभिन्न कारणों से नक्शे पास करने में सुस्ती के मामले न्यायालयों में जाते रहे हैं। अवैध कॉलोनियों की निगरानी या रोक भी प्रत्यक्षतः नहीं है।



## गागर में सागर

### बिहार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष से कार्यकर्ताओं ने की भेंट

**हरिहरगंज।** बिहार भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह से मेदिनीनगर जाने के क्रम में बुधवार को हरिहरगंज में भाजपाईयों ने शिष्टाचार मुलाकात कर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मेन रोड स्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के आवास पर कार्यकर्ताओं का हाल जाना। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए भाजपा की मजबूती के लिए कई टिप्स दिये। मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र पासवान, मंडल उपाध्यक्ष सिकंदर पासवान, कोषाध्यक्ष भीमसेन शर्मा, कन्हाई विश्वकर्मा, सोशल मीडिया संयोजक अमित कुमार, तुषार गुप्ता, अमित गुप्ता, मनोज सोनी, भाजयुमो अध्यक्ष चंदन जायसवाल, महामंत्री अंबुज सिंह, अरुण स्वर्णकार, अशोक सिंह, कुन्दन यादव मौजूद थे।

### फुटपाथी दुकानदारों की समस्याओं का हो समाधानः इं. सुरेश कुमार

**छतरपुर।** नगर पंचायत के चेयरमैन पद के उम्मीदवार इं. सुरेश कुमार ने कार्यपालन अधिकारी से मुलाकात कर फटपाथी दुकानदारों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। बताते चलें कि क्षेत्र के मार्केट एरिया में फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले कुछ दुकानदारों को नगर पंचायत के अधिकारियों द्वारा दुकान हटाने का निर्देश दिया गया था। इस समस्या के समाधान के लिए फुटपाथी दुकानदारों ने इं. सुरेश से संपर्क किया। समस्या की गंभीरता को देखते हुये श्री कुमार ने तुरंत नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी से इस समस्या के समाधान के लिए अनुरोध किया। बताया जाता है कि कार्यपालक पदाधिकारी व सिटी मैनेजर ने रोड पर आवागमन बाधित किये बिना दुकान लगाने का निर्देश जारी किया है। साथ ही अधिकारियों ने कहा है कि कोई भी दुकानदार स्थाई निर्माण नहीं कर सकता है। नगर पंचायत अधिकारियों द्वारा अपनी कस्टडी में लिया गया सामान दुकानदारों को वापस कर दिया जायेगा।

### झामुमो युवा मोर्चा का क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**मेदिनीनगर।** बुधवार को झामुमो युवा मोर्चा द्वारा कराये जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज किया गया। टूर्नामेंट का उद्घघाटन झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर सिंह, ज्ञान निकेतन के चेयरमैन बलिराम शर्मा, प्रो. एससी मिश्रा व कांग्रेस के प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पलामू कप युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला व सचिव आशुतोष विनायक के नेतृत्व में आयोजित टूर्नामेंट के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र दे कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन एपी लकी ने किया। उद्घाटन मैच पत्रकार एकादश व झामुमो एकादश के बीच खेला गया। जिसमें पत्रकार एकादश ने 24 रनों से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच युवा पत्रकार आमिर मुर्तजा बने। टूनामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। पत्रकार एकादश की कप्तानी कुंदन वर्मा ने व झामुमो एकादश की कप्तानी सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने खेलों के विकास में झामुमो युवा मोर्चा के प्रयास की सराहना की। मौके पर झामुमो नेता अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, अविनाश देव, समाजसेवी धनंजय सोनी, पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य देवेंद्र तिवारी, पप्पू पांडेय, झामुमो कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष राजेश सिन्हा, वरिष्ठ नेता पप्पू सिन्हा, नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बबलू चौधरी, मुकेश चौधरी,देवानंद भारद्वाज, संगठन सचिव नवीन सिन्हा, अखिलेश सिंह मौजूद थे।

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

# ग्रामीणों को योजनाओं का मिल रहा लाभ : सीओ

**सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड प्रशासन द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है : बीडीओ**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड के पोल्डीह पंचायत के बेदौलीया में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ धनंजय गुप्ता, बीडीओ रौशन कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, मुखिया संजू देवी, पंचायत समिति रूबी कुमारी आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। लोगों को संबोधित करते हुए सीओ धनंजय गुप्ता ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आमजनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं बीडीओ रौशन कुमार ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड प्रशासन द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके घरों में ही किया जा सके। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार, अविनाश कुमार सिंह, मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, मुखिया रामलखन यादव,उप मुखिया सपना कुमारी, जेएसएलपीएस बीपीएम ,राजस्व कर्मचारी प्रशांत कुमार,पंचायत सेवक वशिष्ठ कुमार तिवारी,प्रखंड कोआर्डिनेटर राजू रंजन,समाजसेवी अशोक यादव मौजूद थे।


कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी


छात्र को साइकिल वितरण का चेक देते अधिकारी

### रजहारा पंचायत मे लगा आपके द्वार शिविर

**पाटन।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का रजहरा पंचायत में आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ अमित कुमार झा,सीओ दीपक कुमार मिश्रा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे, मुखिया अजय कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। योजना का लाभ लेने के लिए शिविर में महिलाओं-पुरुषों मे भारी उत्साह देखा गया। शिविर में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत 4500 रुपये का विद्यार्थियों के बीच चेक वितरण किया गया। शिविर में 18 प्रकार के स्टाल लगाए गये थे। इस दौरान अबुआ आवास के 600 आवेदन प्राप्त किये गये। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिये गोद भराई रस्म का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज कुमार सिंह ने किया। मौके पर बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर,सीआई बालगोबिन्द सिंह, आवास कोऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल, पंचायत सेवक अनिल पासवान, पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, आरजेडी नेता शिव प्रसाद मेहता,रोजगार सेवक धनंजय कुमार,रामानंद पाण्डेय, अजीत मेहता,समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता, कामेश पाण्डेय उपस्थित थे।

### विश्रामपुर के भंडार में 22 को लगेगा शिविर

मेदिनीनगर। विश्रामपुर प्रखंड के भंडार मुख्यालय में 21 दिसंबर को लगने वाले आपके द्वार कार्यक्रम में संशोधन कर अब इसे 22 दिसंबर किया गया है। बीडीओ विक्रम आनंद ने बताया कि अन्य ग्रामों में शिविर का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित है। 15 दिसंबर को लालगढ़, 18 दिसंबर को गुरी व 26 दिसंबर को पंजरी कला मुख्यालय में शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया है कि सरकार उनके द्वार पहुंच रही है। अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। सभी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जायेगा।

### सुहेल को मिला निःशुल्क साइकिल वितरण का लाभ

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत तलेया बभंडी पंचायत भवन परिसर में बुधवार को आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में हसीब अंसारी के पुत्र सुहेल अंसारी को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ दिया गया। इस योजना के तहत सुहेल को सांकेतिक रूप से 4500 रुपए का चेक सौंपा गया। साथ ही यह राशि उसके खाते में स्थानांतरित कर दिया गया। इस राशि से सुहेल साइकिल की खरीद करेगा। चेक मिलने पर सुहेल ने खुशी जाहिर की है।

### 20 दिसंबर को ईदगाह मैदान पर जिला कांफ्रेंस

# धार्मिक व अन्य मुद्दों पर एकजुटता जरूरीः मौलाना मोजिबुल्लाह

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** बुधवार को स्थानीय मदरसा खैरूल इस्लाम परिसर में तहरी के बेदारी इस्लाहे मुआसरा कॉन्फ्रेंस हुसैनाबाद इकाई की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मौलाना खुर्शीद अनवर नूरी ने की। बैठक को संबोधित करते हुमौलाना मुफ्ती मोजीबुल्लाह ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य में उर्दू को उसका हक नहीं दे रही है। धार्मिक व अन्य मुद्दों पर एकजुटता जरूरी है। स्कूलों में उर्दू शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चें उर्दू की तालीम लेने से वंचित हो रहें हैं। अब तक वक्फ बोर्ड का गठन नहीं किया गया है। मुसलमानों को रोजगार नहीं मिल रहा है। साथ ही आज समाज में जहर की तरह फैल रहे दहेज के चलते शादी विवाह में परेशानी उठानी पड़ रही है। इन कुरीतियों को लेकर लोगों के बीच जागरूकता लाने की जरूरत है। साथ ही इसको लेकर गांव-गांव के लोगों को जोड़कर प्रखंड स्तर पर कमेटी बनाने की जरूरत है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि ईदगाह मैदान में 20 दिसंबर को अयोजित जिला स्तरीय कॉन्फ्रेंस में भारी से भारी संख्या में शामिल हों। इस कॉन्फ्रेंस में पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना गुलाम बलियावी समेत कई उलेमा भाग लेंगे। बैठक में मौलाना एजाज, मौलाना कलीम नूरी, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, अब्दुल रहीम, डा. आफताब, हाफिज फिरोज, सदर फिरोज सिदि्दीकी उर्फ चंगेज, मो. अमरोज, इकरामुद्दीन मौजूद थे।


बैठक को संबोधित करते मौलाना

### आपसी विवाद में मारपीट, मामला दर्ज



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के जमुआ पंचायत के माधे-कचहरी टोला गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इस संबंध में दोनों ओर से हुसैनाबाद थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। प्रथम पक्ष के माधे कचहरी निवासी मुलूकराज कुंवर ने सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। जबकि दूसरे पक्ष के अजय ने पांच लोगों को नामजद किया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों ओर से दिए गये लिखित शिकायत के आधार पर केस पंजीकृत कर मामले का

# योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को किया प्रेरित

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड के रजवार गांव में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कमला देवी, सीओ यामुन रविदास, मुखिया जितेंद्र पासवान ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जन प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण तक पहुंचे। यही कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। शिविर में पीडीएस, पेंशन, स्वास्थ्य,कृषि, आवास सहित अन्य योजनाओं के लिए ग्रामीणों ने आवेदन सौंपा। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल पासवान, राणा पासवान, जितेंद्र कुमार रवि, पंचायत सेवक इंद्रदेव यादव, निरंजन सिंह, विनोद रवि, जमाल वारिस,बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, सीआई प्रगति प्रकाश, नजीर ब्रजेश कुमार, सरजू बैगा, विश्वनाथ विश्वकर्मा मौजूद थे।


महिला की गोद भराई व बच्चे का हो रहा अन्नप्रासन


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
mail-rdsdgumla123@gmail.com

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/21/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिला के विशुनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत हेलता पंचायत के कोटा नदी में तीन सिमान के पास उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,61,78,600.00 | 7,24,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.12.2023 से दिनांक 01.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 03.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला। .

PR 313336 (Rural Development) 23-24 (D)


### कार्यपालक अधिकारी ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

# प्रशिक्षु आईएएस को समाजसेवी ने सौंपा 18 सूत्री ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** छतरपुर नगर पंचायत में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिये समाजसेवी सह नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमून ने नये कार्यपालक अधिकारी (प्रशिक्षु आईएएस) को 18 सूत्री ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने अवगत कराया है कि नगर पंचायत से मिलने वाली सुविधायें लोगों को मय्यसर नहीं हो पा रही हैं। प्रमुख मांगों के संबंध में उन्होंने बताया कि संपूर्ण नगर पंचायत में हालिया दिनों लगाये गये स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत कराई जाये। नगर पंचायत में स्थापित शौचालयों की साफ-सफाई कराई जाये। छतरपुर शहर के विभिन्न चौक-चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाया जाये। टेम्पू व बस स्टैंड निर्माण के लिए आवंटित स्थल पर वाहनों के ठहराव की व्यवस्था कराई जाये। पांच-पांडव पहाड़ी पर निर्माणाधीन पानी टंकी का गर्मी से पहले निर्माण कराकर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाये। मुख्यालय सहित नगर पंचायत के सभी वार्डो में पर्याप्त डस्टबिन लगाई जाये आदि हैं। उन्होंने बताया कि कार्यपालक अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है।


प्रशिक्षु आईएएस को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी

### मेदिनीनगर में आम है समस्या, लोग परेशान

# खुली नालियों से दुर्घटना का अंदेशा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में जगह-जगह खुली नालियों से जहां दुर्घटना का प्रबल अंदेशा बना हुआ है। वहीं इससे मच्छरों को भी प्रसार का माकूल वातावरण तैयार हो रहा है। शहर के एक तरफ से शुरू करें तो रेड़मा से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर ही खुली नालियां आगंतुकों के स्वागत को तैयार रहती हैं। साफ-सफाई के अभाव में गंदगी से बजबजा रहीं नालियां अच्छे-भले मूड को भी खराब करने को पर्याप्त हैं। और तो और शहर की हृदय स्थली कहे जाने वाले छहमुहान पर भी मेन रोड के दोनों तरफ नालियां खुली हुई हैं। राजेश चौबे,नंदू मेहता, सत्यनारायण सिंह, बलविंदर आदि ने बताया कि कई स्थानों पर तो नाली के ऊपर रखे खतरनाक ढंग से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। इससे कई बार नागरिक दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं। नगर निकाय का चुनाव नहीं होने के कारण झारखंड के निकाय जनप्रतिनिधि विहीन हैं। ऐसी स्थिति समस्याओं के संबंध नागरिक किससे शिकायत करें। यह समझ से परे है। खुली नालियों के कारण शहर में मच्छरों का कोप बढ़ जाने से मलेरिया आदि मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप भी चरम पर है। लोगों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।


मेदिनीनगर में क्षतिग्रस्त नाली

### डीजे के कानफोड़ू शोर से ध्वनि प्रदूषण चरम पर

**मेदिनीनगर।** वैवाहिक उत्सवों के दौर में इन दिनों जगह-जगह बज रहे डीजे के कानफोड़ू शोर ने नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। ध्वनि प्रदूषण चरम पर होने के कारण बच्चों व बुजुर्गों सहित हृदय रोगियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि शासन स्तर पर डीजे बजाने के लिये ध्वनि की तीव्रता का निर्धारण किया गया है। इसके बाद भी वैवाहिक कार्यक्रमों में डीजे संचालक इसका खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। और तो और नवजातों के अस्पताल के समीप भी इनका जमकर प्रयोग किया जा रहा है। इससे शिशुओं की श्रवण क्षमता प्रभावित होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### हेड मास्टर व शिक्षकों ने किया सम्मानित

# सीएम छात्रवृत्ति योजना में कुसुआ मिडिल स्कूल के 15 विद्यार्थी सफल

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना 2023 के तहत प्रखंड स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा में राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुसूआ के 15 विद्यार्थी सफल हुए हैं। सफलता हासिल करनेवाले विद्यार्थियों में सोनम कुमारी,पवन कुमार, ज्योति कुमारी, विक्की कुमार, रेशमा कुमारी, अमृता कुमारी, किशोर कुमार, अंशु कुमारी, किरण कुमारी,अन्नू कुमारी, रंजन कुमार, कुन्ता कुमारी, संजय कुमार, राहुल कुमार, प्रिंस कुमार व श्वेता कुमारी शामिल हैं। विद्यालय परिसर में एक सादे समारोह में हेड मास्टर उपेंद्र कुमार ने प्रतिभागियों को पेन व कॉपी देकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आप सब नियमित पढ़ाई-लिखाई में ध्यान देतें रहें, ताकि जीवन की प्रत्येक परीक्षा में सफल हों। शिक्षिका सुशीला कुमारी ने कहा कि आज का दौर प्रतियोगिता का है। जीवन के प्रथम प्रतियोगी परीक्षा में सफल हुए हैं। इसी तरह का ऊर्जा आगे भी बरकरार रखें। शिक्षक धर्मेंद्र कुमार,मनोज कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, कुमारी सरिता मौजूद थीं।



सीएम छात्रवृत्ति योजना के सफल विद्यार्थी


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,चतरा

–: रद्द संबंधी सूचना :–

पत्रांक 1991/ग्रा.वि.वि.प्र.,चतरा, दिनांक–12.12.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं.–RDD/SD/CHATRA/30/2023-24 जिसका PR No.-311919 में वर्णित सभी कार्य को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,चतरा

PR 313326 Rural Development(23-24).D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

अतिअल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–
RDD/SD/LOHARDAGA/E-51/2022-23(2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षक/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध कार्य | 5,86,34,109.00 | 11,75,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |
| 2 | लोहरदगा जिला के भण्डरा प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षक/ तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 18.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 18.12.2023 से दिनांक 26.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.12.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा

PR 313329 Lohardaga(23-24).D

## गागर में सागर

### एमएमसीएच प्रांगण में वृक्ष कटवाने की हो जांचः शत्रुघ्न कुमार

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने बुधवार को मेदिनीनगर के एमएमसीएच का दौरा कर परिसर में बगैर अनुमति पेड़ कटवाये जाने की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्थित कई छायादार पेड़ों को कटवाकर ठूंठ करने पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि आज जब पूरी दुनिया भीषण जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण संकट के दौर से गुजर रही है। वहीं एमएमसीएच प्रबन्धन बगैर अनुमति के इन पेड़ों को कटवाकर पर्यावरण की हत्या कर रहा है। जिसके खिलाफ जिला प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। दौरे के क्रम में उन्होंने परिसर में व्याप्त पेयजल संकट पर भी गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने रेडक्रॉस के भवन में बालाजी के कर्मचारियों का प्रवास गृह बनाने पर भी आपत्ति व्यक्त की। श्री शत्रु ने कहा कि यदि तत्काल मामले में समुचित कार्रवाई नहीं की गयी तो संगठन आंदोलन के लिये बाध्य होगा।

### चियांकी में चला वाहन चेकिंग अभियान, कटा चालान

**मेडिनीनगर।** एसपी रिष्मा रमेशन के आदेशानुसार प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव के नेतृत्व में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार द्वारा चियांकी मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई। वाहनों के कागजात, इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस के कागजातों समेत हेलमेट की चेकिंग की गयी। अनियमितता पाये जाने पर कुछ वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया तो कुछ को सख्त हिदायतों के साथ छोड़ा गया। इस मौके पर श्री यादव ने बताया कि आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस व डीटीओ द्वारा सभी वाहनों के कागजातों को चेक किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से 18 साल से कम उम्र के बच्चों को बाइक की चाभी न देने का आह्वान किया। कहा कि अधिकांश दुर्घटनाओं का शिकार नाबालिक ही होते हैं। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि इस तरह के अभियान लगातार चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि चालक अपने वाहनों के सभी पेपर साथ मे रखें व हेलमेट लगा कर ही बाइक चलाएं। शराब का सेवन कर बाइक चलाते पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### नवनियुक्त सीएम भजन लाल को दी बधाई

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के वरिष्ठ सदस्य सह सनातनी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री नवीन तिवारी ने राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को शुभकामना संदेश देते हुए कहा है कि इनके नेतृत्व में राजस्थान उतरोत्तर विकास करेगा। श्री तिवारी ने कहा कि बहुत अरसे के बाद हिंदी भाषी राज्य में ब्राह्मण नेतृत्व को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। यह समाज के लिए अच्छा संकेत है। ब्राह्मणों ने सदैव से समाज का नेतृत्व किया है, किंतु जातिगत राजनीति के दौर में वे पिछड़ते चले गये हैं।

## आम नागरिकों के साथ मनेगा विजय दिवस परसों


छह मुहान चौक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा विजय दिवस धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर 16 दिसंबर को शहर के छः मुहान पर समारोह आयोजित किया जायेगा। समारोह पूर्वाह्न 11बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक चलेगा। इस दौरान 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए पलामू जिला के सैनिकों के परिजन व घायल वीर सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही वीरगति प्राप्त सभी वीर सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी जाएगी। यह जानकारी परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र एवं महासचिव दिनेश गुप्ता ने संयुक्त बयान जारी कर दी है। दोनों इस समारोह के लिए देश भक्त युवा, नगर के सभ्रांत नागरिक, पूर्व सैनिक, सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक संगठनों के सभी राष्ट्र प्रेमी नागरिकों को आमंत्रित किया है। बताया है कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू द्वारा पहली बार जिले में विजय दिवस समारोह आम नागरिकों के साथ एक सार्वजनिक जगह पर आयोजित किया जायेगा। इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा सम्मानित नागरिकों को कार्यक्रम से जोड़ना है। परिषद ने समस्त जिलावासियों से अनुरोध किया है कि अपने साथ अपने मित्रों व परिजनों को भी कार्यक्रम में लेकर आएं एवं पूर्व सैनिकों का हौसला बढ़ाएं।

### स्कूटी व बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा संत जेवियर स्कूल के पास बुधवार की सुबह स्कूटी व बाइक की टक्कर में स्कूटी सवार सदर प्रखंड के पोखरहा गांव निवासी प्रमोद उरांव के पुत्र अमन उरांव उम्र 18 वर्ष व रोहन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी अमन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर तीमारदारी में जुट गये हैं।

### जिला बार एसोसिएशन चुनाव

## चुनाव समिति के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण


चुनाव समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी 16 दिसंबर को होने वाले पलामू डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव के मतदान को लेकर बुधवार से चुनाव समिति के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी बैद्यनाथ चौबे के निर्देशन में पहले दिन सदस्यों को पारदर्शिता पूर्ण ढंग से मतदान कराने को लेकर आवश्यक जानकारी दी गयी। सदस्यों को नियमों व प्रावधानों से भी रूबरू कराया गया। श्री चौबे ने बताया कि मतदान के लिये दो बूथ बनाये गये हैं। 550 मतदाताओं में से क्रमांक एक से सौ तक के मतदाता अधिवक्ता कक्ष परिसर में नीचे एवं क्रमांक 101 से लेकर 550 तक के मतदाता अधिवक्ता संघ कक्ष के बूथ में मतदान करेंगे। इस दौरान सदस्यों से सुचारू मतदान के निमित्त आवश्यक सुझाव भी मांगे गये। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का कार्यक्रम गुरुवार को भी जारी रहेगा। मौके पर चुनाव अधिकारी शौकत अली व सतीश मेहता एवं व्यवस्थापक संजय दुबे भी मौजूद रहे।

### राजा मेदिनीराय व शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा लगाने की मांग

# कचहरी परिसर में प्रखंड वार धरने की सौंपी जिम्मेदारी

**14 दिसंबर को चैनपुर प्रखंड द्वारा धरना का नेतृत्व किया जायेगा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय कचहरी परिसर में राजा मेदिनीराय व शहीद नीलांबर-पीतांगर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर संविधान बचाओ मोर्चा का धरना बुधवार को भी जारी रहा। सुनील उरांव की अध्यक्षता में दिये जा रहे धरने को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने आरोप लगाया कि इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों के ढुलमुल रवैया को देखते हुए आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मोर्चा के घटक दलों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इस धरने को अनवरत चलने के लिए हर प्रखंड को एक दिन नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई है। दूसरे दिन मेदिनी नगर प्रखंड के नेतृत्व में धरना दिया गया। 14 दिसंबर को चैनपुर प्रखंड द्वारा धरना का नेतृत्व किया जाएगा। इसी तरह आगे क्रमशः नीलांबर-पीतांबरपुर, पाटन, मनातू, छतरपुर, पांकी, रामगढ़ आदि प्रखंड आगे बढ़कर दायित्व निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि हर गांव में राजा मेदिनी राय व नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थापना हेतु जन जागरण रथ रवाना किया गया है। अजय सिंह चेरो, डा. रवि पाल, सुरेंद्र सिंह चेरो, टाइगर रोशन, अनुराग भारती, नागमणि रजक, विपिन बिहारी सिंह, दिब्या भगत मौजूद थे।


कचहरी परिसर में धरना देते मोर्चा के सदस्य

### बार एसोसिएशन के प्रभारी अध्यक्ष ने की वार्ता

## अधूरे कार्यों को करेंगे पूराः रामदेव


रामदेव प्रसाद यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के प्रभारी अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने बुधवार को कचहरी परिसर में वार्ता का आयोजन कर अपनी प्राथमिकतायें गिनाईं। उन्होंने कहा कि यदि अधिवक्ताओं ने दोबारा उन्हें मौका दिया तो वे निश्चित ही पहले कार्यकाल में अधूरे रहे कार्यों को पूरा करेंगे। श्री यादव ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कभी भी अध्यक्ष बनकर नहीं, बल्कि अधिवक्ताओं का साथी बनकर दायित्व निर्वहन किया। एक समान रूप से सभी के सुख-दुख में सहभागिता की है। अपनी उपलब्धियां गिनाते हुये उन्होंने कहा कि दो वर्ष के कार्यकाल में फेवर ब्लाक लगवाने के साथ ही परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये। अधिवक्ताओं को वर्षों पूर्व से राज्य से मिलने वाली 150 रूपये की रेकरिंग की राशि को बढ़वाकर दो हजार रुपये कराया गया। अधिवक्ताओं के मरणोपरांत मिलने वाली राशि को एक लाख से बढ़वाकर डेढ़ लाख रुपये कराया गया। पुत्री की शादी में मिलने वाली सहयोग राशि 31 की जगह 51 हजार रुपये कराई गयी। संघ में नये लाइब्रेरी भवन का निर्माण सहित उन्होंने अधिवक्ताओं को बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहे। परिसर में उन्हें कोई परेशानी ना हो इसका भी पूरी तरह से ख्याल रखा जायेगा।

### अखिल भारतीय स्तर पर खेलने जायेगी फरीदाबाद टीम

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में एमकेडीएवी अव्वल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में आयोजित 17 वर्ष आयु वर्ग बालक वर्ग की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एमकेडीएवी के तीन छात्र साहिल राज,दक्ष कुमार एवं कुंवर सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस टीम इवेंट में झारखंड के 76 स्कूलों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की थी। सफल छात्र 7 एवं 8 जनवरी 2024 को डीएवी पब्लिक स्कूल फरीदाबाद में आयोजित अखिल भारतीय स्तर की स्पर्धा में भाग लेंगे। इन बच्चों के साथ विद्यालय के खेल शिक्षक एवं कोच मयंक सिंह भी उनके साथ जायेंगे। इसी क्रम में 10 एवं 11 दिसंबर को डीएवी बोकारो सेक्टर 4 में आयोजित भारोत्तोलन प्रतियोगिता में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये एमकेडीएवी के बच्चों ने विभिन्न आयु वर्ग की बालक-बालिका स्पर्धा में 9 स्वर्ण पदक झटके। ये बच्चे 4 से 8 जनवरी 2024 को नेशनल लेवल (अखिल भारतीय स्तर) पर खेलने डीएवी सोनीपत जाएंगे। इस दल में ऋषभ, आर्यन, प्रिया, रिया, स्वाति, आदर्श,आदित्य, आयुष एवं अभिषेक सम्मिलित हैं। इनका नेतृत्व शिक्षिका सुदेशना राय एवं शिक्षक नितिन राज ने किया। विद्यालय के प्राचार्य डा. जीएन खान ने छात्रों की स्वर्णिम उपलब्धि पर हर्ष जताते हुये सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**सफल छात्र 7 एवं 8 जनवरी 2024 को डीएवी पब्लिक स्कूल फरीदाबाद में आयोजित अखिल भारतीय स्तर की स्पर्धा में भाग लेंग**


एमकेडीएवी में विजेता बच्चों के साथ अध्यापक

### अंडर-19 खेलकूद में शंखा के आयुष को मिला गोल्ड

**विश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल के राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता अंडर-19 में विश्रामपुर प्रखंड के शंखा गांव निवासी आयुष कुमार दुबे को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। आयुष डीएवी मेदिनीनगर की तरफ से बोकारो में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया था। जहां राज्य के सभी डीएवी स्कूलों के विद्यार्थी शामिल थे। आयुष दुबे ने भार उठाने की प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव, प्रखंड व जिला का नाम रोशन किया है। आयुष के पिता बलवंत दुबे बीमोड़ पावर ग्रिड में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि बचपन से ही आयुष का भार उठाने से खासा लगाव रहा है। इस जीत का श्रेय आयुष ने अपने माता-पिता एवं गुरु को दिया है। इस उपलब्धि पर स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय,अगम दास आदि ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ग्रामीणों को मिला कई योजनाओं का लाभ

## 9587 आवेदनों में 5390 का ऑन स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिले के 13 पंचायतों व मेदिनीनगर नगर निगम के दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में आये 9587 आवेदनों में से 5390 का आन स्पाट निष्पादन किया गया। इस दौरान अबुआ आवास योजना के तहत 5259 आवेदन आये। शिविर में 350 से अधिक लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इसी तरह 209 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, लुंगी का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 526 आवेदन प्राप्त किये गये व 156 बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। वहीं सर्वजन पेंशन के तहत 320 आवेदन प्राप्त किये गये। शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये।


लाभुक को कंबल देते अधिकारी

**इन स्थानों पर आज आयोजित होगा शिविर :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 14 दिसंबर को मोहम्मदगंज के पंसा एवं हुसैनाबाद के उर्दवार, ऊंटारी रोड के लुम्बा सतबहिनी के अन्य ग्राम,चैनपुर के महुगावां, पाटन के किशुनपुर, नीलाम्बर-पीताम्बरपुर के पिपरा खुर्द,पांकी के ढुब पंचायत,छतरपुर के डाली, पिपरा के मधुबाना के अन्य ग्राम में शिविर लगाया जायेगा।

### नाटक मंचन से दी अबुआ आवास योजना की जानकारी

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के बभंडी में चल रहे आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा नुक्कड़ नाटक व गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को कैसे सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए जागरूक किया गया। बभंडी के अलावा अन्य कई जगहों पर भी नाटक कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान चैनपुर के सीओ ने कहा कि कलाकारों ने नाटक के माध्यम से जो जानकारी दी है। लोगों को उसका लाभ लेना चाहिये। कलाकारों ने शानदार अभिनय से लोगो का मनोरंजन करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी है। खास कर झारखंड सरकार द्वारा लागू की गयी नयी योजना अबुआ आवास योजना के बारे में कलाकारों ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसी तरह सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले, फूलो झानो, साइकिल योजना आदि के बारे में भी बताया गया। कलाकारों में कामरूप सिन्हा, अमर कुमार भांजा, कनक लता तिर्की, राहुल कुमार, अदनान कासिफ, कुमार जीवन आदि शामिल रहे।


नाटक प्रस्तुत करते कलाकार

### पंडित रामनारायण शुक्ल की पुण्य स्मृति पर काव्य गोष्ठी

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और परिमल प्रवाह के संयुक्त तत्वावधान में पांडू प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव गोलपा में पंडित रामनारायण शुक्ल की पुण्य स्मृति में विचार गोष्ठी सह काव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉ राजेश्वर पांडेय ने कार्यक्रम का उद्घाटन एवं साहित्य परिषद के प्रदेश मंत्री डॉ विजय प्रसाद शुक्ल व कवि मनीष मिश्र नंदन ने संचालन किया। काव्य गोष्ठी में काव्य के लिए अखिल भारतीय साहित्य परिषद व परिमल प्रवाह की भूमिका पर परिचर्चा के साथ कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ विनय प्रसाद शुक्ल ने पं.रामनारायण पांडेय के व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ राजेश्वर पांडेय ने कहा कि धरती पर जीवन व सभ्यता-संस्कृति के विकास के साथ ही साहित्य रचे जा रहे हैं। वस्तुतः संवेदनाएं ही कवि को कविता लेखन के लिए विवश करती हैं। जीवन के हरेक रंग के साथ कवि आक्रोश व संघर्षों को प्रमुखता से रचता है।

## तैयारी

### बेतला नेशनल पार्क से चीतलों को किया जायेगा शिफ्ट

# सॉफ्ट रिलीज केंद्र तैयार, जबलपुर से ट्रक आने का इंतजार

**मध्य प्रदेश के जबलपुर से यह विशेष ट्रक संभवतया दिसंबर महीने के तीसरे सप्ताह के शुरूआती दौर में ही बेतला पहुंच जाने की उम्मीद है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में चीतलों के लिये चार साफ्ट रिलीज केंद्र बनकर तैयार हैं। अब प्रबंधन को मध्य प्रदेश के जबलपुर से एक विशेष ट्रक की आने का इंतजार है। जबलपुर से आने वाला यह ट्रक बेतला नेशनल पार्क के चीतलों को सॉफ्ट रिलीज केंद्रो तक ले जाने के कार्य में प्रयोग किया जाना है। पलामू टाइगर रिजर्व उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि मध्य प्रदेश के जबलपुर से यह विशेष ट्रक संभवतया दिसंबर महीने के तीसरे सप्ताह के शुरूआती दौर में ही बेतला पहुंच जाने की उम्मीद है। जैसे ही यह विशेष ट्रक बेतला नेशनल पार्क पहुंचेगा। वैसे ही बेतला नेशनल पार्क के चीतलों को सॉफ्ट रिलीज केंद्रों में भेजने का काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया की चीतलों को नर व मादा के अनुपात में भेजा जाएगा। चार चीतलों की एक टोली होगी। जिसका नेतृत्व एक नर चीतल करेगा। इसका उद्देश्य चीतलों की संख्या बढ़ाकर मांसाहारी जानवरों के लिये समुचित शिकार का प्रबंध करना है। श्री जैना ने बताया बोम तकनीक से इस विशेष ट्रक में एक बार में दो टोली चीतलों को भेजा जायेगा। दिसंबर के अंत तक चीतलों को केंद्रों में पहुंचाने का कार्य पूरा होने की उम्मीद है।


पीटीआर का मनोरम दृश्य

### 15 हेक्टेयर के केंद्र में रखे जायेंगे 30 चीतल

उपनिदेशक श्री जैना ने बताया कि 15 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले एक साफ्ट रिलीज केंद्र में अधिकतम 30 चीतल रखे जायेंगे। उत्तरी प्रमंडल में लोकया व हैरनडेगुआ सॉफ्ट रिलीज केंद्र पर सबसे पहले चीतलों को भेजा जायेगा। दक्षिणी प्रमंडल में भी दो ऐसे ही केंद्र बनाये जा रहे हैं। यहां के जोगिया डेरा व टेनो में 40-40 हेक्टेयर का केंद्र बनाया जा रहा है। इसमें प्रत्येक केंद्र में 80 चीतल रखे जायेंगे।

### अभिभावकों के लिए लाईव प्रसारण

## लिलिपुट गॉट टैलेंट में बच्चों ने दर्शायी प्रतिभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में बुधवार को ऐतिहासिक लिलिपुट गॉट टैलेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। ओपन टैलेंट प्रतियोगिता में बच्चों ने डांस,गाना, एक्टिंग,मोनो एक्टिंग आदि स्पर्धाओं में सहभागिता की। अभिभावकों के लिए इस शो का लाईव प्रसारण किया गया। शो को जज करने के लिए विशेष अतिथि के तौर पर अनुज कुमार सिंह व मनु नामधारी ने सूक्ष्मता पूर्वक अवलोकन कर अपने निर्णय सुनाये। स्कूल की प्राचार्य रेणु गोयल ने बताया कि सभी बच्चों में प्रतिभा छिपी होती है। जरूरत है उसे निखारने की। निर्णायकों द्वारा प्रणव शर्मा को प्रथम, वैदेही खेतान, आकांक्षा एवं प्राजकता नीरज द्वितीय व हमजा अहमद तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावे अमाया, अनिका, राजा, अहम, गौरी, मेहर, विहान, नूर, सूर्यान्शी, शिवांक, अथर्व, जैनब, प्रीषा, मानविक, सान्वी, प्रणयन, श्रद्धा, आराध्या, दर्श, कनिष्का, काव्या, रुद्रांश, आयुष व अद्विक को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि हिम्मतरामका ने बेहतरीन अंदाज में किया। स्कूल के डायरेक्टर ने बताया कि 15 दिसंबर को स्कूल में पेपरस फैशन शो का आयोजन किया जाएगा।


कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

## गागर में सागर

### सड़क सुरक्षा को लेकर नागरिकों को पोस्टर के सहारे किया जा रहा जागरूक

**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस अधीक्षक निर्देशानुसार नगर उंटारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पंप, नगर उंटरी थाना के सामने थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर पोस्टर चिपकाकर लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस का उद्देश्य है कि वाहन चलाते समय तेजी और लापरवाही से वाहन ना चलाएं, जिससे दुर्घटना को रोक जा सके। हेलमेट का उपयोग करें। ड्राइविंग लाइसेंस तथा गाड़ी संबंधित कागजात साथ लेकर चलें एवं सवारी गाड़ी ओवरलोड लेकर नहीं चलें ताकि ओवरलोड नहीं रहेगी तो वाहन अनियंत्रित नहीं होगी। इससे जहां चालक सुरक्षित रहेंगे, वहीं सवारी भी आपकी सुरक्षित रहेगी। वाहन चलाते समय हमेशा अपना गति व साइड लेने देने की स्थिति को समझने की जरूरत है। इसी को देखते हुए पुलिस ने दुर्घटना को रोकने के लिए पोस्टर चिपकाकर लोगों को जागरुक किया गया।

### थाना प्रभारी ने लोगों को किया जागरूक

**भवनाथपुर।** सड़क सुरक्षा को लेकर भवनाथपुर थाना पुलिस सोमवार से ही पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक कर रही है। सोमवार को सिंदुरिया पंचायत व मंगलवार को अरसली उतरी पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी रामेस्वर उपध्याय ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियम की अनदेखी करने वाले लोगों को जागरूक करने का प्रयास जिला पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार किया जा रहा है। वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों का उपयोग कर अपनी और दूसरों की जान बचाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए स्वजन के साथ-साथ दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। लोगों से शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की भी अपील की गई। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने करने के साथ ही हेलमेट, आवश्यक कागजात, सीट बेल्ट पहनने के लिए लोगों को शपथ भी दिलाई गई। मौके पर पर थाना के एएसआई प्रभु मेहता मुखिया प्रतिनिधि ताशविन अंसारी, पिंटू, बीडीसी नेपाल साह, विजय वियार, मिथलेश चोरशिया, कसमुदिन अंसारी, दयानन्द प्रजापति, बैजनाथ पासवान आदि मौजूद थे।

### बच्चों के बीच स्वेटर व जूतों का वितरण

**भवनाथपुर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैलान में बुधवार को मुखिया सुकनी देवी ने कक्षा 1 व कक्षा 2 के कुल 92 छात्र-छात्राओं के बीच सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए ड्रेस, स्वेटर और जूतों का वितरण किया। इस मौके पर मुखिया और उप मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार के द्वारा सरकारी विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चों को किताब, कॉपी, बैग जैसे विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक सामग्री मुहैया कराई जा रही है ताकि गरीब से गरीब वर्ग के बच्चे पढ़ लिख सकें। साथ ही क्षिक्षको से अपील कर कहा कि बच्चों को बेहतर रूप से क्षिक्षा दें व अनुशासन में रखें। अनुशासन में रहने से बच्चे शरारत नहीं कर पाएंगे। ध्यान से पढ़ सकेंगे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बटेश्वर दूबे, सहायक क्षिक्षक सुनील यादव, राजू यादव, देवेंद्र यादव, रंजीत दुबे, प्रबंध समिति अध्यक्ष उमेश यादव आदि उपस्थित थे।

### बुजुर्ग स्वास्थ्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए करें प्रयास : डॉ.कौशल

**गढ़वा।** सदर अस्पताल परिसर स्थित यक्ष्मा केंद्र के सभागार में बुधवार को बुजुर्ग स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के स्वास्थ्यकर्मियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें सदर अस्पताल एवं जिले के विभिन्न सीएचसी के काउंसलर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, नेत्र सहायक, दंत सहायक आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डा. कौशल लाल सहगल ने किया। जबकि बतौर प्रशिक्षक डा. कुमार प्रशांत प्रमोद एवं डा. कुमार पीयूष प्रमोद उपस्थित थे। एनसीडी के कुमार संजीव शरण ने एनपीएचसीइ कार्यक्रम एवं उसकी आवश्यकता तथा डेमोग्राफी के बारे में विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण में खालिद अनवर, सदर अस्पताल के नेत्र सहायक सत्येंद्र कुमार, एनसीडी सेल के राजकुमार वर्मा, कुंदन कुमार यादव, काउंसलर संजय कुमार यादव, सुशील कुमार, राहुल कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

### भाजपा नेता ने मरांडी से की मुलाकात

**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैया चौबे बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए कहा की जम्मू-कश्मीर से 370 हटाने के फैसले को सही ठहराया जाना सुप्रीम कोर्ट का स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा की इसके लिए पीएम मोदी बधाई और अभिनंदन के पात्र हैं, जिनके नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जम्मू- कश्मीर को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए धारा 370 हटाने का फैसला लिया।370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की मुख्यधारा में शामिल हो चुका है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और खेल के क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर लगातार आगे बढ़ रहा है। जिन हाथों में पहले पत्थर होते थे, आज उन हाथों में किताबें और क्रिकेट के बल्ले देखे जा रहे हैं।

## सरकार आपके द्वार शिविर में मिथलेश ठाकुर बोले-भाजपा सरकार ने प्रदेश व लोगों को विकास से वंचित रखा

# भाजपा के लोगों को चुनना आपकी भूल थी : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को प्रखंड के करकोमा गांव में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश कुमार राय, एसडीओ विजय कुमार, बीडीओ जागो महतो आदि मौजूद थे। इस मौके पर मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य की स्थापना के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उक्त कार्यक्रम पूरे राज्य में चलाया जा रहा है ताकि झारखंड के आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित, दबे कुचले तथा आर्थिक रूप से कमजोर एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि भाजपा के विधायक एवं सांसद को चुन कर भेजना आप लोगों की बड़ी भूल थी क्योंकि भाजपा की सरकार के मंत्री, विधायक एवं सांसदों ने लूट खसोट कर केवल अपनी तिजोरी भरने का काम किया, जिसके कारण झारखंड एवं यहां के लोग विकास से वंचित रह गए तथा पूरे राज्य की स्थिति बदहाल रही। ठाकुर ने सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि पूरे राज्य के किसानों का 50 हजार रुपये का केसीसी ऋण माफ किया गया है। आगे एक लाख रुपये तक का ऋण भी माफ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एनपीए खाताधारी का भी ऋण माफ किया जाएगी। ठाकुर ने कहा कि 2024 तक 99 प्रतिशत घरों में पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी तथा किसानों को नहर के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

उपायुक्त ने शिविर में उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक पंचायत में यह कार्यक्रम इसलिए चलाया जा रहा है ताकि सरकारी योजनाओं को आसानी से धरातल पर उतरा जा सके। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि सभी जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य मिलेगा। उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आप सभी को सरकारी योजनाओं से अवगत कराना है ताकि आप लोग सुनिश्चित कर सके कि कौन सी योजना का चयन किया जाए जिससे पंचायत तथा यहां के लोगों का विकास हो सके। बीडीओ, प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी आदि लोगों ने भी संबोधित किया। शिविर में अबुआ आवास के लिए 14 सौ लोगों ने आवेदन जमा किए। इसके अतिरिक्त जेएसएलपीएस के महिला समूह को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा 16 लाख 35 हजार का डमी चेक प्रदान किया गया। सावित्रीबाई फुले योजना के 10, बिरसा आवास योजना के 10, पेंशन के पांच, केसीसी योजना के पांच लाभुकों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। साथ ही मौके पर ही 50 गरीब लोगों को कंबल भी उपलब्ध कराया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग बाल विकास परियोजना खाद्य आपूर्ति पेयजल कल्याण विभाग मनरेगा सहित कार्यक्रम में स्टाल लगाए गए थे। मौके पर प्रखंड झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद, झामुमो के जिला युवा सचिव अतहर अली अंसारी, मुखिया राम सागर महतो, पूर्व प्रखंड प्रमुख विकास सिंह कुशवाहा, पंचायत सचिव राम जी राम, रोजगार सेवक मनदीप सिंह, स्वयंसेवक राजकुमार चंद्रवंशी, दिनेश तिवारी, नाजिम अंसारी, शिवकुमार चौधरी, हीरा राम आदि उपस्थित थे।




### पांच स्कूली बच्चों को मिला साइकिल के लिए चेक

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय के पंडरिया पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेल पहाड़ी परिसर में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बीडीओ नंदजी राम, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, मुखिया गायत्री देवी, बीडीसी हसीना बेगम ने संयुक्त रूप से किया। अधिकारियों ने जेएसएलपीएस समूह के आजीविका महिला सखी मंडल के बीच ऋण वितरण के तौर पर 9 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। वहीं 7 लोगों को पेंशन से स्वीकृति पत्र, 5 छात्र-छात्राओं को साइकिल के लिए 4500 का चेक दिया गया। 40लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। शिविर में 1056 आवेदन प्राप्त हुए। अबुआ आवास के 712, आयुष्मान कार्ड के 10, मनरेगा के 22, पेंशन योजना के 82, सावित्रीबाई फुले के 30, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 42, राशन कार्ड के 23 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ तहमिद अंसारी ने किया।

## सरकार आपके द्वार शिविर में प्राप्त हुए सैकड़ों आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**




प्रखंड की अरंगी पंचायत में पंचायत में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ रविन्द्र कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, प्रमुख आभा रानी, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, मुखिया फूलकुमारी देवी, बीडीसी नसीबन बीबी उपमुखिया प्रमोद पटेल ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिये गये। शिविर में लगाए गए स्टालों पर आवेदन देने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई। आवेदनों की जांच कर ऑन द स्पॉट स्वीकृति दी गई। सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना का लाभ तत्काल दिया गया। मौके पर झामुमों नेता हिफाजत अंसारी, बिनोद यादव, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, बीपीओ कमलेश कुमार, जीपीएस उमेश कुमार, प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार रवि कुमार, शिक्षा विभाग से बीआरपी राजेन्द्र गुप्ता, बिजली विभाग से इंदल राम, लेखपाल अशानंदन राम, अंचल निरीक्षण मोजिब खान, कर्मचारी अमरेंद्र कुमार, अजमेरी अंसारी, विनोद पासवान, रोजगार सेवक गुलाब पासवान, पूर्व मुखिया शिवकुमार प्रसाद यादव, समाजसेवी डॉ रामनाथ मेहता, सुशील यादव, विजय मेहता, ऑपरेटर मनीष मेहता, मोसाफिर साह, सचेत कुमार, सुनील सिंह, अदित्य कुमार, मयंक विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को न दें पेट्रोल : एसपी

**गढ़वा।** सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। फिर भी, बिना हेलमेट के फर्राटे भरते दोपहिया वाहन सड़कों पर देखे जा रहे हैं। ऐसे वाहन चालकों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने अब नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान चलाया है। इसे लेकर पेट्रोल पंप मालिकों को निर्देश दिया जा रहा है। बुधवार को शहर में अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने किया। पुलिस अधीक्षक ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंप पर स्वयं पहुंचकर नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान को लागू करने के लिए पेट्रोल पंप मालिकों एवं कर्मियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल नहीं दें। नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान से दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करने लगेंगे। लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करना चाहिए। इससे सड़क दुर्घटनाओं में मौत के मामले में कमी आएगी। मौके पर एसडीपीओ एके यादव समेत कई पुलिस अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## तानाशाह रघुवर दास सरकार में जनता की आवाज को कुचला गया : धीरज दुबे

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी अपनी ही सरकार (रघुवर सरकार) में भीगी बिल्ली बने रहते थे। रघुवर दास ने तानाशाही पूर्वक राज चलाया। रघुवर राज में किसी भी विधायक, मंत्री को सच बोलने की हिम्मत नहीं होती थी। तानाशाह भाजपा की सरकार में विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के लोगों की भी आवाज को कुचला गया। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में सरकार में रहते हुए भी पूर्व विधायक कुछ भी नहीं कर सके, परंतु अब गढ़वा में चारों तरफ तेजी से होते विकास कार्य को देखकर उनकी बेचैनी बढ़ गई है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने बुधवार को होटल पद्मावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही।

दुबे ने कहा कि गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों से घबरा कर पूर्व विधायक तिवारी अनरगल बयानबाजी कर रहे हैं। आज के समय में खुद तिवारी के गृह पंचायत तिलदाग में जितना कार्य हो रहा है, वे अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में इसका एक दहाई कार्य भी नही कर पाए थे जबकि वह उनका अपना पंचायत है। आज उनकी बड़बोली निकल रही है। उनकी सरकार में कांग्रेस के पूर्व विधायक कद्दावर नेता को बेवजह जेल भेजा गया। उस समय न तो ये सच बोल पाए और न ही उनसे मिलने तक गए। इन्हें सरकार की नाराजगी का डर था। भाजपा के ही एक वैश्य नेता ने जब गरीब गुरबों की आवाज उठाई तो उन्हें भी जेल जाना पड़ा। उस समय भी पूर्व विधायक मौनी बाबा बन रहे। प्रतापपुर में फ्लोराइड की समस्या से जूझ रही जनता का आवाज जब झामुमो के नेताओं ने उठाया तब उस समय भी पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्यों पर मुकदमा दर्ज कराया गया, सरेआम लप्पड़, थप्पड़ करते हुए उनकी आवाज को कुचला गया। अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले कांग्रेस के वरिष्ट नेता को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में बुलाकर अपमानित किया गया।

### डर से भीगी बिल्ली बने रहते थे विधायक, सच को सच बोलने की नहीं थी क्षमता

दुबे ने कहा कि उनके कार्यकाल में न तो कोई पदाधिकारी यहां तक की थाना प्रभारी भी पूर्व विधायक की नहीं सुनते थे। रघुवर सरकार में पूर्व विधायक की हैसियत चपरासी के बराबर भी नहीं था। जब तक वे विधायक रहे तब तक न तो क्षेत्र में रहे, न तो जनता के किसी भी सुख-दुख में शामिल हुए और न ही किसी गरीब की इलाज आदि में भी किसी प्रकार का कोई सहयोग किया। ऐसे व्यक्ति तो विधायक बनने के योग्य ही नहीं हैं। आखिर जनता उन्हें क्यों विधायक बनाए। भाजपा की सरकार ने सरकारी महकमा का जमकर दुरुपयोग करते हुए आम आवाम की आवाज उठाने वाले सभी लोगों की आवाज को कुचल कर रख दिया था। भावनपुर विधायक भानु प्रताप शाही आज पाक साफ बने हुए हैं। यह जग जाहिर है कि नक्सलियों के संरक्षक भानु को दवा घोटाले में ईडी ने जेल भेजा। उन पर कई मामले दर्ज हैं। अब वह भाजपा में शामिल होते ही बिल्कुल पाक साफ बन गए। यह तो शर्मिंदगी की हद है कि एक घोटाले बाज की आवाज आज काफी तेज निकल रही है। पूरे 5 वर्ष के कार्यकाल में रघुवर सरकार ने एक भी जेपीएससी के बहाली नहीं ले पाई तब उनके कार्यकर्ता को सांप सूंघ गया था, आज निजी एवं सरकारी क्षेत्र में नौकरी प्रदान कर रहे मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर रहे हैं। मौके पर केंद्रीय सदस्य शंभु राम, शरीफ अंसारी, बीस सुत्री अध्यक्ष निरज तिवारी, पूरन तिवारी उपस्थित थे।

## 860 आवेदनों में 214 का त्वरित निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के कधवन ग्राम स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिपस बाला रानी, बीडीओ विकास कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, कधवन पंचायत के मुखिया व मुखिया संघ अध्यक्ष फिरदौस अंसारी बीडीसी फतेह मोहम्मद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 860 आवेदन प्राप्त हुये। इनमें 214 आवेदनों का त्वरित रूप से निष्पादन किया गया, जबकि 593 आवेदन लंबित रहे। अबुआ आवास योजना के तहत सर्वाधिक 511, आयुष्मान कार्ड के लिए 9, मनरेगा के नये कार्य के लिये 32, नये जॉब कार्ड के 45, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना तहत 2, राशन कार्ड में संशोधन के लिये 16, बिजली समस्या के लिए 2, पन्द्रहवें वित्त आयोग के 5, धोती साड़ी व लुंगी वितरण के 8, कंबल वितरण के 21, सर्वजन पेंशन के 14, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 2, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के 1, आधार पंजीकरण के 5, स्वच्छता व पेयजल के 27, कल्याण विभाग के 1, आजीविका मिशन के 11, स्वास्थ्य जांच के 94, राजस्व एवं भूमि सुधार से सबंधित एक आवेदन प्राप्त हुये। मौके पर पूर्व प्रमुख रविन्द्र कुमार पासवान, मुखिया प्रतिनिधि राकेश चौबे, प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल सिंह, बीपीएम धनज्जय कुमार, कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, शिक्षा विभाग बीपीओ तहमीना प्रवीण, प्रधानमंत्री आवास के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, सीआरपी शक्तिदास सिन्हा, सीएचओ शोम्या गुप्ता, एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार एएनएम फूलकुमारी देवी, बाल विकास पर्यवेक्षिका शोभा कुमारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, पल्लवी चौबे, रोहित कुमार, विक्रम कुमार आदि मौजूद थे।



## विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**



विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने प्रखंड मुख्यालय में एक सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। राज्य संपोषित योजना के तहत कृत्रिम गर्भधान केंद्र से ढबरिया कब्रिस्तान तक 1.80 करोड़ की लागत से लगभग दो किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण किया जाएगा। इससे पहले कांडी पहुंचने पर सैकड़ो लोगों ने फूलमाला के साथ विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने की।

विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में कोई भी विकास का काम लंबित नहीं रहेगा। वर्तमान में कांडी प्रखंड में लगभग आधा दर्जन सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही दो बहुद्देशीय पुल का भी निर्माण कार्य हो रहा है, जबकि दो पूल का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है। उन्होंने लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि इसके अलावे कांडी प्रखंड की पांच विभिन्न सड़कों निर्माण होना है, जिनकी स्वीकृति विभाग से मिल चुकी है। सभी टेंडर में चला गया है। बहेरवा मोड़ से नैनाबार होते हुए कांडी भवनाथपुर मुख्य पथ तक 2.250 किलोमीटर लंबी सड़क 1.72 करोड़ की लागत से बनाई जाएगी। वहीं सुंडीपुर मोड़ बनकट से सुंडीपुर हनुमान मंदिर तक 1.400 किलोमीटर लंबी सड़क 1.16 करोड़ की लागत से बनाई जाएगी। दो किलोमीटर लंबी शिवरी से पखनहा सड़क 1.54 करोड़ रुपये खर्च कर बनाई जाएगी। इसी तरह 1.7 किलोमीटर लंबी जतरो पतरिया से शिवरी तक पथ निर्माण 1.50 करोड़ की लागत से किया जाएगा। उधर दो किलोमीटर लंबी बहेरवा मोड़ से रतनगढ़ तक सड़क निर्माण होगा, जिसकी लागत राशि 1.74 करोड़ है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कांडी प्रखंड में जिस गति से विकास कार्य किए जा रहे हैं यह स्पीड दूसरी जगह नहीं है। छोटी या बड़ी कोई भी सड़क अब कच्ची नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति दो टोकरी मिट्टी डालकर अपने आप को समाजसेवी नहीं कहला सकता। जेसीबी चलाने के लिए कोई सड़क कच्ची नहीं रहेगी। विधायक ने कहा कि आपके घर में जो मजदूरी कर रहा है उसको मजदूरी मिलना चाहिए न कि किसी दूसरे को। सभा को किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम लाला दुबे, राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा,कांडी पंचायत मुखिया विजय राम, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने भी संबोधित किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह ने किया। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, प्रवीण सिंह, शशि रंजन दुबे, राजेन्द्र पाण्डेय, सीताराम तिवारी, मणिकांत सिंह, राम लखन प्रसाद, मझिआंव विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, घटहुआं कला मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, कृष्णा सिंह, रविन्द्र राम, मोती लाल यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पहल | नए सिविल सर्जन डॉ. अशोक ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण

# 'अस्पताल की साफ-सफाई पहली प्राथमिकता होनी चाहिए'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से गढ़वा के नए सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बुधवार को श्री बंशीधर नगर अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएस ने ओपीडी के अलावा महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, प्रसव रूम, कुपोषण उपचार केंद्र, जांच केंद्र, ओटी रूम, दवा वितरण रूम, एक्सःरे रूम, जांच घर, स्टोर रूम, ड्यूटी रोस्टर सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने जगह-जगह क्षतिग्रस्त अस्पताल भवन को देख चिंता व्यक्त की। उन्होंने प्रभारी चिकित्सक एवं प्रबंधन को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने अस्पताल परिसर के अलावे लेबर रूम, एक्सरे रूम एवं वार्ड को स्वच्छ रखने की हिदायत दी। साथ ही मरीज के बेड पर साफ सुथरा चादर बिछाने का निर्देश किया।




निरीक्षण के बाद सीएस ने चिकित्सकों एवं कार्यालय कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कर्मियों को अस्पताल को बेहतर प्रबंधन, साफ सफाई, आवश्यक उपकरण, एसएनसीयू में बच्चों के स्वास्थ्य और बेहतर इलाज को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक सेवाओं को अच्छे ढंग से करने की सलाह दी। इसके साथ ही मरीज को मिल रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के सभी कर्मियों से क्रमवार बातचीत कर समस्याओं से अवगत हुए। वहीं बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. गोकुल प्रसाद ने सीएस को अस्पताल की कई समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर सीएस डॉ अशोक कुमार ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग समय से ड्यूटी पर आएं। स्वास्थ्य कर्मियों को ड्रेस कोड में होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की साफ-सफाई अस्पताल की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रबंधक एवं चिकित्सा को हमेशा मरीज के प्रति सजग रहने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में हमेशा ऑक्सीजन एवं दवाइयां की कमी नहीं होने दी जाएगी।

उन्होंने कहा अगर कोई भी कर्मी डयुटी के प्रति लापरवाही बरतते हैं, तो उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रभारी उपाधीक्षक गोखुल प्रसाद, लिपिक राजेश कुमार सिन्हा, लिपिक विपेश राज तमंग, अकाउंट मैनेजर करूंगा कुमारी, डाटा मैनेजर अनुरंजन पांडेय, एमपीडब्ल्यू असफाक अहमद, नीलम लता, ममता कुमारी आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## गागर में सागर

### कार ने महिला को रौंदा, स्थिति गंभीर

**बरवाडीह।** प्रखंड के बाजार क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले मुख्य सड़क में बुधवार को नीतू मेडिकल के समीप इंडिगो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रही महिला नेमुल बीबी को रौंद कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे घायल महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। आसपास के लोगों ने घायल महिला को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर उसका इलाज किया गया। गंभीर स्थिति देखते हुए उसे पीएमसीएच मेदिनीनगर रेफर किया गया। मामले में बरवाडीह थाना प्रभारी निवास सिंह ने कार मालिक मनी सोनी को सीआरपीएफ कैंप के समीप कार के साथ धर दबोचा।चालक शुभम सोनी भागने में कामयाब रहा। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित कुल 28 आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जाँच एवं सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन अनिल मिंज आदि उपस्थित थे।

### ठंड बढ़ी, चौक-चौराहों पर अलाव की मांग

**चंदवा।** इन दिनों पड़ रही कड़ाके की ठंड ने कंपकपी बढ़ा दी है। बढ़ते ठंड को देखते हुए लोगों ने स्थानीय प्रशासन से अलाव की व्यवस्था की मांग की है। ठंड के बढ़ने से बाजारों में गरम कपड़ों की बिक्री भी बढ़ गई है। लोगों ने बताया कि पूर्व में अंचल कार्यालय द्वारा चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था की जाती थी, लेकिन इस वर्ष अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। कड़कड़ाती ठंड में स्थानीय लोगों के साथ साथ राहगीर भी खासे परेशान हैं। इसके बावजूद अबतक प्रशासन की ओर से इससे बचाव के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

### मजलिस ए ओलमा की बैठक आज

**चंदवा।** समाज में फैले बुराइयों को मिटाने और उसके रोकथाम के लिए राज्य के तमाम ओलमा को एकजुट होकर मेहनत करनी होगी। तब जाकर एक खूबसूरत समाज तैयार होगा। इसी सिलसिले से मजलिस ए ओलमा ने ऑल झारखंड ओलमा व अइम्मा (एमामों) का एक अहम इजलास (बैठक) गुरुवार 14 दिसंबर को सुबह 9 बजे से मदरसा महमूदिया सुरसा मुड़मा, मांडर (रांची) में रखा है। इस इजलास में लातेहार जिले के सभी ओलमा को शिरकत करने का आह्वान किया गया है। उक्त जानकारी मजलिस ए ओलमा लातेहार जिले के सचिव मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने दी है।

### जरूरतमंदों के बीच में वस्त्र का वितरण

**बरवाडीह।** वंदे मातरम निष्काम कर्म योग की साधना की ओर से बुधवार को प्रखंड की हरातू पंचायत मुंडू तेतरिया टोला में जरूरतमंदों के बीच में साड़ी धोती वस्त्र का वितरण किया गया। अध्यक्ष निर्दोष कुमार द्वाराग्रामीणों को शिक्षा और नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नशा से बचने के लिए और अपना धर्म संस्कृति वैभव बचा रखने के लिए शिक्षा पर अधिक ध्यान देने पर जोर देते इस विषय पर लोगो को जागृत किया गया। मौके पर ग्राम मूंडू तेतरिया टोला के दिनेश भुइयां, रामजन्म भुइयां, खिजो भुइयां, रामरति सिंह, नवकेश सिंह रणजीत सिंह, मुनारी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पेड़ से टकराया वाहान, बचा चालक

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र अंर्तगत हजारीबाग मुख्य सड़क पर बुधवार को बघमरी मोड़ के पास कोला वाहन हाईवा अनियंत्रित हो एक विशालकाय सखुआ पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे हाईवा वाहन घटनास्थल पर ही पलट गया। इस घटना में चालक बाल-बाल बच गया। जबकि विशाल का पेड़ पूरी तरह जड़ से कब्बड़ गया। बताया गया कि कोल वाहन हाईवा आम्रपाली से कोयला लाद कटकमसांडी डंप करने जा रहा था। इसी बीच बघमरी मोड के समीप विपरीत दिशा में जाकर विशालकाय सखुआ पेड़ में टक्कर मार दिया।

### कृषि विभाग का हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कुंदा।** प्रखंड सभा कक्ष में बुधवार को कुंदा आत्मा सहायता अनुदान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक राजेश कुमार सिंह ने कृषि विभाग से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देने के साथ ही तकनीकी रूप से बीज उपचार, मिट्टी जांच, प्राकृतिक खेती करने के तरीके को अपनाकर कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में एटीएम सुधीर कुमार, कृषक मित्र, दिलीप यादव, मनोज यादव,कृष्णा यादव, अनुज साहु,सुरेश यादव,प्रेम यादव, रूपेश यादव, यसपाल यादव, रामकुमार यादव, निर्मल गंझू, बीजय भोक्ता, संतोष भोक्ता महेश गंझू, जेएसएलपीएस महिला कृषक समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

---

जिलास्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का शुभारंभ, विजेता टीम प्रमंडल व राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में लेगी हिस्सा

# उद्घाटन मैच में गिद्धौर ने सिमरिया को 3-0 से दी करारी मात

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप 2023 का आयोजन बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में 18 से 40 वर्ष वर्ग के पुरुष एवं महिला टीमें भाग ले रहीं हैं। तीन दिवसीय इस टूनार्मेन्ट का फाइनल 15 दिसंबर को खेला जाएगा। जिला स्तरीय विजेता टीम प्रमंडल स्तरीय और उसके बाद राज्य स्तर के प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।



मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डीआरडीए निदेशक अरुण एक्का ने इसका उद्घाटन किया। साथ ही मौके पर गुब्बारा उड़ाकर खेल में अनुशासन और एकता का संदेश दिया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों द्वारा फुटबॉल को किक मारकर कर मैच का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच सिमरिया बनाम गिद्धौर के बीच खेला गया, जिसमें सिमरिया ने गिद्धौर को तीन शून्य से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच कान्हाचट्टी और मयूरहण्ड के बीच खेला गया, जिसमें कान्हाचट्टी ने मयूरहण्ड को दो-शून्य से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरा मैच चतरा बनाम लावालौंग के बीच खेला गया, जिसमें चतरा ने लावालौंग को तीन शून्य से ट्राइब्रेकर में पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चौथा मैच कुंदा और हंटरगंज के बीच खेला जाना था, लेकिन समय पर नही नहीं पहुंचने के कारण कुंदा को वॉकओवर के साथ विजेता घोषित कर दिया गया। पांचवां मैच सिमरिया बनाम पथलगड़ा के बीच खेला गया, जिसमें पथलगड्डा ने टाईब्रेकर में 4-2 से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं पहले दिन का छठा और आखिरी मैच कान्हाचट्टी और प्रतापपुर के बीच खेला गया, जिसमें कान्हाचट्टी ने प्रतापपुर को 3-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कल पुरुष वर्ग में सेमी फाइनल और फाइनल मैच खेला जाना है।उसके बाद तीसरे दिन महिलाओं के बीच मैच खेला जाएगा। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### बीसीए चतरा ने छह विकेट से जीता मैच

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चल रहे जिला स्तरीय लीग का नौवां मैच खेला गया। 12 वां मैच बीसीए सीनियर चतरा बनाम कन्हाचट्टी के बीच खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए कन्हाचट्टी की टीम ने 27.2 ओवर में सभी विकेट खोकर महज 160 रन का स्कोर खड़ा किया। कन्हाचट्टी की ओर से नवल ने 56, ओमकार व प्रिंस ने 25-25 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। बीसीए सीनियर चतरा की ओर से गेंदबाजी करते हुए पीयूष ने तीन व राज, सुभाष व धनजय ने दो दो विकेट लिया। इस प्रकार जवाबी पारी खेलने उतरी बीसीए सीनियर चतरा की टीम ने महज 21.5 ओवर में चार विकेट खोकर 161 रन बना कर मैच छह विकेट से जीत लिया।




---

# 'कांग्रेस की छवि खराब करने के मंसूबे नहीं होंगे कामयाब'

### साहू के प्रतिनिधि ने आयकर विभाग की कार्रवाई पर व्यक्त की कड़ी प्रतिक्रिया

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर व अन्य ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि साहू खानदानी बहुत बडे बिजनेस परिवार से आते हैं। इनके यहां चार सौ, पांच सौ करोड़ रुपये निकलना कोई बहुत बड़ी आश्चर्जनक बात नहीं है। इस परिवार को हर कोई जानता है। धीरज साहू का परिवार जितना आमजनों को सहयोग करता है यह जगजाहिर है। यह पैसा इनके बिजनेस का पैसा है। अभी तक इनकम टैक्स के पदाधिकारी इस पर अपना कोई वक्तव्य नहीं दिया है।इनकम टैक्स विभाग के द्वारा जब पैसे के बारे में धीरू बाबू से पूछा जाएगा वो हिसाब देंगे, क्योंकि उनके पास से बरामद पैसा घोटाला का नहीं है। यह पैसा उनके व उनके परिवार के बिजनेस का है। वे सरकार को इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं। वहीं इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



से लेकर भाजपाई लगातार बयानबाजी कर अपनी मानसिकता को दर्शा रहे है। लेकिन प्रेस के कतरन के आधार पर देश के प्रधानमंत्री का इनके खिलाफ बयान आ चुका है, जो बहुत ही हास्यास्पद व निंदनीय है। प्रधानमंत्री नीरव मोदी, मेहूल चौकसी, ललित मोदी जो देश की जनता के दस हजार, बीस हजार करोड़ रुपये लेकर आपके सहयोग से विदेश में चले गए, इसके बारे में कोई बयान नहीं देते और न ही सांसद राहुल गांधी द्वारा 20 हजार करोड़ रुपये के सवालों का जबाब देते हैं।

उन्होंने कहा कि 1965 में जब भारत चीन में भीषण युद्ध हुआ था, उस वक्त भी इस परिवार के लोगों ने 47 किलो सोना और 47 लाख रुपये भारत सरकार को दान देकर मदद की थी। अभी भी धीरज प्रसाद साहू के परिवार के फार्म में इस देश के लाखों परिवार का भरण पोषण हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा सरकार गलत जगह हाथ डालकर फंस गए हैं। अगर आप सोच रहे होंगे कि ऐसा करने से लोक सभा के चुनाव में बीजेपी को झारखंड में फायदा होगा यह आप बहुत बड़ा गलतफहमी है। इस तरह की हरकत से आप झारखंड के लोकसभा के चुनाव में शून्य पर आ जाएंगे। क्योंकि धीरू बाबू व उनका परिवार इस राज्य के ही नहीं अन्य कई राज्यों के गरीबों का मसीहा है। जितना गरीब, असहाय और बीमार लोगों को ये आर्थिक रूप से मदद करते है उतनी मदद इस राज्य की किसी पार्टी की सरकार भी नहीं करती है। केंद्र की भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार को 2024 में उखाड़ फेंकने के लिए एकजुटता के साथ देशवासी आगे आएं।

### अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को किया गया जब्त



**पत्थलगड़ा।** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जहेरा गांव से अंचलाधिकारी मोनी कुमारी एवं थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने अवैध बालू लोड एक ट्रेक्टर को जब्त किया। उपरोक्त कार्रवाई उपायुक्त अबु इमरान द्वारा अवैध बालू खनन व भंडारण को लेकर जिला खनन टास्क फोर्स के बैठक में दिए निदेर्शानुसार के आलोक में प्रभारी सीओ एवं थाना प्रभारी के संयुक्त नेतृत्व में बालू घाटों के निरक्षण के दौरान की गई। इस दौरान बालू माफिया पुलिस को देखकर ट्रेक्टर छोड़ भागने में सफल रहा। वही सीओ ने कहा कि प्रखंड में अवैध बालू खनन में जुटे बालू तस्करों के विरुद्ध स्थानीय प्रशासन की सख्त नजर है। जब्ती मामले में सीओ के लिखित पत्र के आलोक में अज्ञात मालिक के विरुद्ध अवैध उत्खनन व परिवहन का मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

## विधायक बैद्यनाथ राम ने किया अस्पताल भवन के निर्माण स्थल का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**


ब्लॉक कैंपस के अंदर पुरान२ आंगनबाड़ी केंद्र भवन के पास नए अस्पताल भवन के निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

बुधवार को विधायक बैद्यनाथ राम ने बीडीओ, सीओ एवं दो इंजीनियरों आदि के साथ स्थल का निरीक्षण किया और भवन निर्माण शुरू कराने के लिए ले आउट किया गया। मौके पर विधायक बैद्यनाथ राम ने बताया कि बालूमाथ एकीकृत प्रखंड बरियातु एवं हेरहंझ में वर्षों से सुविधायुक्त अस्पताल की कमी थी। क्षेत्र की जनता की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से अब पूरी होने वाली है। यह निर्माण दो एकड़ भूमि में कराया जाना है। आगामी 17 दिसंबर को भवन निर्माण के लिए शिलान्यास किया जाएगा। गुणवत्ता पूर्ण भवन यथाशीघ्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि विधायक के अथक प्रयास से नए अस्पताल भवन का निर्माण कराये जाने पर क्षेत्र की जनता में काफी खुशी देखी जा रही है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव, राजद युवा अध्यक्ष दीपक यादव, झामुमो युवा अध्यक्ष औरंगजेब खान, राजद नेता श्याम सुंदर यादव, मनोज यादव, राजेश यादव, हेरहंज कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लाडले खान, अबुल भाई, अंकित पांडेय, अमीन भुनेश्वर साव आदि उपस्थित रहे।

## विधिक सेवा प्राधिकार ने लगाई पुस्तकों की प्रदर्शनी

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड/गिद्धौर**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशानुसार बुधवार को मयूरहंड प्रखंड कार्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने के लिए पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। इसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह ने संयुक्त रुप से किया। कानूनी जानकारी से संबंधित पुस्तकें, पंफ्लेट, चित्र आदि की प्रदर्शित करने के साथ कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। बीडीओ ने कहा कि सभी नागरिकों के लिए उचित और निष्पक्ष न्याय प्रक्रिया को सुनिश्चित करने और उस संबंध में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। 1995 में देश में पहली बार सर्वोच्च न्यायालय की



ओर से गरीब और कमजोर वर्ग की सहायता के लिए कानूनी सेवा दिवस शुरू किया गया था। मौके पर पीएलभी दयानंद कुमार शर्मा, मुज्जाहदीन अंसारी, प्रधान सहायक ओमप्रकाश शर्मा, कनिय अभियंता उमेश उरांव के अलावा प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावे आम नागरिक उपस्थित थे। वहीं गिद्धौर में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय परिषद में बुधवार को कानूनी पुस्तकों का प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का नेतृत्व पारा लीगल वॉलिंटियर कुमारी शारदा भारती ने किया।

### स्कूल के छात्र-छात्राओं किया गया जागरूक

**चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा व बाल कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में 100 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत पारा लीगल वालंटियर सरोज कुमार ठाकुर एवं बिंदुल बाला द्वारा शहर के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवरिया में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को बाल विवाह, बाल श्रम एवं पोक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। बच्चों को किसी भी प्रकार शोषण सहने की जरूरत नहीं है अगर इस प्रकार का कहीं मामला आता है तो तुरंत पुलिस बाल मित्र, चाइल्ड हेलप लाइन, बाल कल्याण समिति या जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा से संपर्क करें। कार्यक्रम में बालिकाओं को 18 साल व किशोरों 21 वर्ष से कम उम्र में शादी नहीं करने की अपील की गई।

## प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ ने विधायक रामचंद्र को दिया मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांगों को लेकर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह को मंगलवार शाम एक मांग पत्र दिया। शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने मंगरा स्थित रामचंद्र सिंह के आवास पर पहुंचकर सर्वप्रथम विधायक को प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें अंग वस्त्र शॉल ओढ़ाकर सम्मानित स्वागत किया। साथ ही संघ के सदस्यों ने वेतनमान प्राप्ति एवं अन्य मांगों को लेकर विधायक को मांग पत्र देते हुई विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान अपनी मांगों को रखने अनुरोध किया।



सहायक अध्यापकों द्वारा विधायक को वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए आकलन सफल अध्यापकों को वेतनमान एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों को वेतनमान के समतुल्य मानदेय की चर्चा करते हुए सरकार द्वारा 3 माह में वेतनमान देने की घोषणा को धरातल पर उतारने का आग्रह किया। विधायक ने सारी बातों सुनते हुए एवं मांग पत्र को गहनता पूर्वक पढ़ने के बाद सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए सहायक अध्यापक के प्रति पूर्ण सहानुभूति रखते हैं एवं जल्द उनकी मांग को पूरा करने के लिए तत्पर है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष-मोहम्मद शकील खान, सचिव बबलू सिंह, अनिल सिंह, डिलेश यादव, सियाराम सिंह, आलोक कुमार, राकेश कुमार, नौशाद, सरफराज, विनोद राम, पीटर खलखो, महबूब आलम, तुलसी यादव, परसराम, राजकुमार आदि सहायक अध्यापक गण शामिल थे।

---

**पहल** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 19 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण

# पांच लाभुकों के बीच किया गया जॉब कार्ड का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे लोगों को जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ स्वयं लें और दूसरों को लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में पांच लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, दो लाभुकों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पांच छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म, चार छात्राओं के बीच साइकिल के लिए स्वीकृति पत्र, फूलो झानो आशीर्वाद योजना के अंतर्गत हड़िया- दारु बेचने




वाली 2 महिलाओं को अन्य रोजगार से जोड़ा गया। पांच लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, 10 लाभुकों को पौधा, पांच लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, 10 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, 1 लाभुक के बीच सर्वजन पेंशन योजना, 19 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### शिविर में शामिल होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं : जिप सदस्य

**बरवाडीह।** झारखंड सरकार की ओर से संचालित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को प्रखंड के छिपादोहर पंचायत सचिवालय में किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, जिप सदस्य संतोषी शेखर, 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, निजाम अंसारी, मुखिया बेरोनिका कुजुर आदि ने किया। इस मौके पर जिप सदस्य संतोषी ने कहा कि पंचायत में लगाए जा रहे शिविर का मुख्य उद्देश्य पंचायत के सभी लोगों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचना है। 20सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि शिविर में शामिल होकर सरकारी योजनाओं का अधिक सा अधिक लाभ उठाएं। बीडीओ राकेश सहाय ने सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की अपील की। वहीं शिविर में अतिथियों द्वारा सावित्री फुले बाई लाभुक बालिकाओं के बीच प्रमाण पत्र, धोती साड़ी, कंबल आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, नंदू प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य दिलीप कुमार सिंह, अंचल निरीक्षक सुरेश राम, राम नाथ वर्मा, विजय कुमार पप्पू, नरेश सिंह, कृष्ण प्रसाद, बनवारी सिंह आदि उपस्थित थे।




## अवैध कोयला लोड हाईवा को पुलिस ने किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

थाना पुलिस ने कोयला के अवैध तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने एक अवैध कोयला लोड हाईवा जब्त किया गया है। इस मामले में दो लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा अवैध भंडारण एवं परिवहन पर कार्रवाई करने से कोयला चोरों में हड़कंप व्याप्त है। थाना प्रभारी ने बताया कि आगे भी अवैध भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध छापामारी अभियान जारी रहेगा।

**मामले में दो लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई, अवैध भंडारण एवं परिवहन पर कार्रवाई करने से कोयला चोरों में हड़कंप व्याप्त**

### कोल माइंस में चल रहे वाहनों की जांच

**लातेहार।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन द्वारा सड़क दुर्घटना की रोकथाम को लेकर इन दिनों लगातार वाहन जाच अभियान चलाया जा रहा है। उनकी इस पहल से आज सभी लोग हेलमेट पहन कर वाहन चलाते नजर आ रहे हैं। बुधवार को सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के निर्देशानुसार लातेहार सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत के समीप तूवेद ग्राम में पुलिस अवर निरीक्षक दिवाकर धोबी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। साथ ही तूवेद कोल माइंस में चल रहे हाईबा वाहनों के कागजात की जांच के साथ -साथ गाड़ी चला रहे चालकों के लाइसेंस की भी जांच की गई।

## गागर में सागर

### अनियंत्रित बोलेरो ने एक पुलिस जवान व एक वृद्ध महिला को मारी टक्कर

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित लोहरदगा रोड़ कुम्हार डीपा पुल से आगे एक अज्ञात बोलेरो वाहन चंदाली पुलिस लाइन गुमला में कार्यरत कांस्टेबल दिल मोहन सिंह तथा एक वृद्ध महिला नवी देवी को टक्कर मारकर भागने में सफल रहा। बाद में उक्त घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने उक्त दोनों घायलों को गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया। कांस्टेबल दिल मोहन सिंह बाइक से पुलिस लाइन चांदली जा रहे थे। वृद्ध महिला सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में अनियंत्रित तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने उक्त दोनों व्यक्तियों को टक्कर मार दी। कांस्टेबल दिल मोहन सिंह के शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट आई है। वहीं वृद्ध महिला नवी देवी का एक पैर टूट गया है और उसके आंख से खून का रिसाव हो रहा है।

### 'जनजाति परिवार की महिला से दिल्ली में बंधक बनाकर कराया जा रहा कार्य'

**गुमला।** जिले के बिशुनपुर थाना स्थित पुलपुलपाट निवासी जनजातीय परिवार की संगीता कुमारी के परिजनों ने बताया है कि संगीता कुमारी को अधिक पैसा कमाने का लालच और सब्ज बाग दिखाकर मानव तस्करों और दलालों द्वारा दिल्ली के एक घर में काम पर लगा दिया गया है, जहां पर उससे मारपीट और उसके इच्छा के विरुद्ध जबरन बंधुआ मजदूरी का कार्य कराया जा रहा है। परिजनों ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और श्रम विभाग से उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई गई है। साथ ही साथ बिशुनपुर थाना पुलिस को लिखित आवेदन भी सौंपा गया है और संगीता कुमारी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई गयी हं।

### बोलेरो ने स्कूटी को पीछे से मारी टक्कर

**गुमला।** सीलम ग्राम के समक्ष एक अज्ञात अनियंत्रित तेज रफ्तार से आ रहे बोलेरो ने सारूबेडा ग्राम निवासी जगन्नाथ किसान और चिरोडीह निवासी शुकरा नगेसिया की स्कूटी में पीछे से मारी जोरदार टक्कर मार दी। दोनों व्यक्ति उक्त स्कूटी में सवार होकर रायडीह के तरफ जा रहे थे। दोनों व्यक्ति सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया।

### चोर ले उड़े पिकअप वाहन, प्राथमिकी दर्ज

**गुमला।** सिसई रोड निवासी बृजमोहन गुप्ता ने अपने पिकअप वाहन चोरी होने के संबंध में सिसई थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पिकअप चालक डाढा ग्राम निवासी ने प्रतिदिन अपने घर के बाहर लगाया करता था। मंगलवार रात भी घर के बाहर पिकअप वाहन को लगाकर सोने चला गया और जब सुबह उठा तो देखा कि उक्त पिकअप उक्त स्थान पर नहीं है।

### आगजनी में लाखों रुपये का नुकसान

**गुमला।** थाना स्थित पनसो ग्राम निवासी कुलदीप महतो ने अपने घर में हुई आगजनी के मामले में अपने पड़ोसी के बच्चे पर संदेह व्यक्त करते हुए गुमला सदर थाना में लिखित आवेदन सौंप कर कहा है कि उक्त आगजनी में कैश, कपड़ा, कागजात, सर्टिफिकेट, घरेलू सामान जलकर राख हो गया है, जिससे लाखों का नुकसान हुआ है।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता अंतर्गत जिला स्तरीय महिला/पुरूष फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन सीएम उत्कृष्ट प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा मैदान में किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन आज उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता एवं अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से प्राप्त कर किया गया। भंडरा व किस्को मैच (पुरुष वर्ग) की शुरूआत उप विकास आयुक्त ने की। इस मैच को किस्को ने 3-2 से जीता। सेन्हा और पेशरार प्रखंड के बीच हुए मैच को सेन्हा प्रखंड ने 1-0 से जीता। तीसरा व दिन का अंतिम मैच लोहरदगा और कुडू प्रखंड के बीच खेला गया। समापन 15 दिसंबर को होगा। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, नगर पर्षद प्रशासक जयपाल सिंह, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा आदि उपस्थित थे।

### विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन

**गुमला।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को घाघरा प्रखंड के रुकी पंचायत में, सिसई के बड़गांव पंचायत, बसिया के कलीगा पंचायत, कामडारा के रेड़वा पंचायत, चैनपुर के छिछवानी पंचायत, विशुनपुर के अम्तिपानी पंचायत, गुमला के कसीरा पंचायत, डुमरी के करनी पंचायत, पालकोट के नाथपुर पंचायत, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 15 में शिविर का आयोजन किया गया। जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण वितरण भी किया गया। 14 दिसंबर को घाघरा प्रखंड के संहल पंचाय में, सिसई के बड़गांव द. पंचायत, एवं गुमला के कोटाम पंचायत में शिविर आयोजित होंगे।

### पत्नी का मृत्यु प्रमाणपत्र पाकर भावुक हुए

**लोहरदगा।** अरकोसा पंचायत के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बुधवार को भक्सो ग्राम निवासी गजेंद्र को अपनी पत्नी का मृत्यु प्रमाण-पत्र दिया गया। वे अपनी पत्नी का प्रमाण-पत्र पाकर भावुक हो गये। उन्होंने कहा कि पत्नी की मृत्यु के बाद बहुत टूट गये हैं।

---

#### भंडरा प्रखंड के ग्राम जामगाई में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# सरकार कर रही जनसमस्याओं का समाधान : मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम जामगाई में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। कहा कि हमारी सरकार ग्रामीणों के द्वारा तक पहुंच कर समस्याओं का समाधान कर रही है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण पूरे राज्य के विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर आयोजित किया जा रहा है। जनता के द्वार तक पहुंच कर विकास कार्यों से अंतिम व्यक्ति को जोड़ने का काम कर रही है और उनके सारे समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ इस शिविर के माध्यम से दिया जा रहा है।




कहा कि पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में नई योजना यथा अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक - आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े मामले, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, राजस्व अभिलेखों में संशोधन-परिमार्जन, आधार और राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबधित शिकायत का निवारण समेत अन्य कार्य का निष्पादन किया जाएगा। कुछ मामलों में उपरोक्त योजना के तहत आवेदन लेकर त्वरित करवाई की जा रही है, जिसका समाधान एक सप्ताह के अंदर करने का प्रयास किया जाएगा। आज पूरे राज्य में 20 लाख राशन कार्ड लाभुकों को हमारी सरकार ने उपलब्ध कराया है,इस गठबंधन सरकार ने ऐसी व्यवस्था किया है कि सरकारी पदाधिकारी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पोटली बना कर जनता के द्वार तक जाएंगे और अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ा जा रहा। अभी हमारे द्वारा सभी पंचायतों में पेयजल हेतु 10 - 10 (दस दस) चापाकल दिया जाएगा, मनुष्य को जीवन जीने के लिए रोटी कपड़ा एवं मकान की आवश्कता होती है जिसके लिए अबुआ आवास योजना के तहत घर, एवं तन ढकने के लिए धोती साड़ी योजना के तहत धोती साड़ी, एवं पोषाहार भोजन के लिए चावल के साथ साथ दाल भी उपलब्ध कराया जा रहा है एवं सर्वजन पेंशन योजना के तहत भी जरूरतमंदों को लाभ दिया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, शिक्षित लोगो के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोन, इसके साथ साथ संस्कृति को बचाने के लिए विधायक निधि से सभी ग्राम में अखड़ा का निर्माण हमने लोहरदगा क्षेत्र में किया। इसी लोहरदगा मॉडल के आधार पर झारखंड सरकार पूरे क्षेत्र में अखड़ा का निर्माण करेगी एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों के संरक्षण एवं महत्व को बढ़ाने के लिए मांदर एवं नगाड़ा का वितरण भी किया जा रहा।

कहा कि झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजना के तहत सरकार आपके द्वार तक आई है और सभी समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया जा रहा है जो लोग सक्षम नहीं हैं उनके लिए हेल्प डेस्क लगाया गया है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण के माध्यम से झारखंड के सभी पंचायत तक सरकार की योजनाएं सीधे-सीधे पहुंच रही है और सरकारी सुविधा, जिला ऑफिस एवं ब्लॉक ऑफिस जाकर मिलती थी वह हमें अपने गांव घर के पास ही उपलब्ध हो रहा है यह वर्तमान गठबंधन सरकार की बहुमुखी सोच है जिससे राज्य में विकास कार्य तेजी से हो रहा है और सभी समस्याओं का समाधान हो रहा है। इस मौके पर परिसंपतियो का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। मौके पर रोहित प्रियदर्शी उरांव, डोमना उरांव, जुगल भगत, उमेशनाथ तिवारी, राजमुनी उरांव, बरिया देवी, विशाल डुंगडुंग, धनेश्वरी उरांव, असलम अंसारी, जमील अंसारी, विजय उरांव, सुशील उरांव, काले उरांव, सोमनाथ उरांव, अनीता पन्ना,बालमुनी कुजूर, राजमुनि कुमारी, खुर्सिद अंसारी, हसबुल खान, आदि उपस्थित थे।

---

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को सदर प्रखंड के अरकोसा पंचायत, कुडू प्रखंड के जिंगी और भंडरा प्रखंड के जमगाईं पंचायत में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जामताड़ा में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का लॉव टेलीकास्ट में कार्यक्रम स्थल पर किया गया। कार्यक्रम में संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड व पंचायत के जनप्रतिनिधिगण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### वर्षा कुमारी को मिला जाति प्रमाण-पत्र

सदर प्रखंड लोहरदगा के अरकोसा पंचायत के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरकोसा की छात्रा वर्षा कुमारी को जाति प्रमाण-पत्र दिया गया। वर्षा ने बताया कि जाति प्रमाण-पत्र के लिए उन्होंने हाल ही में आवेदन दिया था। आज कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र मिल तो आगे सरकारी की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलेगी। वर्षा ने इसके लिए मुख्यमंत्री सोरेन धन्यवाद दिया।



### रबिया को मिला नामांतरण शुद्धि-पत्र

सदर प्रखण्ड के अरकोसा पंचायत के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बुधवार को अरकोसा अंचल की निवासी रबिया खातून को भूमि संबंधी नामांतरण शुद्धि-पत्र प्रदान किया गया। रबिया के पति ने इसके लिए आवेदन दिया था जिसका प्रमाण-पत्र आज दिया गया। रबिया ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

---

## सुषमा उरांव को बनाया गया जेएमएम महिला मोर्चा सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत घाटा निवासी सुषमा उरांव को सेन्हा प्रखंड जेएमएम महिला मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। जेएमएम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरिता भगत ने बताया कि आगामी चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से संगठन के प्रति रुचि निष्ठा व ईमानदारी को देखते हुए सुषमा को प्रखंड अध्यक्ष का जिम्मेवारी सौंपा गया है। साथ ही कहा कि इनके नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिलेगा तथा आने वाले समय मे जेएमएम का जनाधार बढ़ेगा। वही सुषमा उरांव ने कहा कि संगठन विश्वास कर के जो जिम्मेवारी दी है। वही सुषमा उरांव को जेएमएम महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा के अलावे बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, राजकिशोर राम, सुमति उरांव, देवकी उरांव, युवन्ती कुमारी, लक्ष्मी उरांव,सरिता उरांव आदि ने बधाई और शुभकामना दी है।

---

# अरेया व हिसरी पंचायत में विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किस्को प्रखण्ड के अरैया और हिसरी पंचायत में आयोजित किया गया। दोनों स्थानों पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बैंक के पदाधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में सभी




उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंखने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ 4 लाभुकों को दिया गया। मनरेगा में 100 दिन का कार्य दिवस पूर्ण करने के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। आज के कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरुण उराँव समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

---

# सभी प्रखंडों में संचालन समिति बनाई जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में मुख्य संरक्षक व कोर कमेटी सदस्य रमेश उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कोर कमेटी सदस्य एवं संचालन समिति सदस्य सहित जिला महिला पदाधिकारी एवं नगर पदाधिकारी मौजूद थे। ज्ञात हो की कुछ दिन पूर्व जय श्रीराम समिति के जिला एवं प्रखंड कमेटी को भंग किया गया इसके पश्चात जिला संचालन समिति का विस्तार किया गया था। कोर कमेटी एवं संचालन समिति सदस्यों के बीच रणनीति बनाई गई। सभी जिला संचालक समिति सदस्यों को प्रखंड एवं नगर की जिम्मेदारी दी गई। मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने सभी संचालन समिति सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 25-12-2023 तक सभी प्रखंडों में संचालन



समिति की कमेटी बना ले। जिसके बाद सदस्यता अभियान जल्द से जल्द पुरी की जा सके। रमेश उरांव ने कहा आगामी 22 जनवरी को पूरे देश में अयोध्या को लेकर उत्सव मनाने की तैयारी हो रही है। जिसे लेकर जय श्रीराम समिति सभी सनातन समाज के घरों पर भगवा झंडा लगाने एवं घरों को दीपों से सजाने की अपील करती है। मौके पर सुषमा सिंह अजय सोनी, अनूप गुप्ता, रमेश राय, ओम महतो, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, बिंदिया देवी, पूर्णिमा वर्मा, गौरी देवी, मीणा देवी, अनिल उरांव, प्रदीप साहू नितेश जयसवाल, रामकुमार साहू, अनुज कुमार, पंकज महतो, बजरंग करुवा, दीपक साहू, ज्योति भगत, अभिषेक सिन्हा(सूर्या), आयुष आदि लोग मौजूद थे।

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**प्रथम शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-DWSD/GAR-17@2023-24, दिनांक&06.11.2023 द्वारा Construction of rural water supply Scheme with 1.0 HP DC Solar motor pump complete set & Deep T/W of 125/115mm dia, 90mtrs depth at village-Siriyatonger, GP-Bahiyar khurd, Block Ramna in Dist-Garhwa for the year 2023-24 कार्य जो **PR No. 310916** Drinking Water and Sanitation (23-24).D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से राशि, तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :-

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 9,85,151.00 | 9,80,894.00 |
| 2 | अग्रधन की राशि (रू0 में) | 20,000.00 | वही |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | 1250.00 | वही |
| 4 | परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि | 11.11.2023 को 12.30 बजे अपराह्न से | 15.12.2023 को 12.30 बजे अपराह्न से |
| 5 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 21.11.2023 को 03.30 बजे अपराह्न तक | 22.12.2023 को 03.30 बजे अपराह्न तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 21.11.2023 को 04.30 बजे अपराह्न तक | 22.12.2023 को 04.30 बजे अपराह्न तक |

नोट - (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि-पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।
(iii) विशेष जानकारी हेतु कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.313366 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

---

#### पहल

## आजसू पार्टी की बैठक में पुराने नेताओं व कार्यकर्ताओं का स्वागत

# कमल किशोर भगत जनता की आवाज थे : नीरू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आजसू लोहरदगा प्रधान कार्यालय, ब्लॉक मोड में आजसू पार्टी के द्वारा स्वागत समारोह और बैठक बुधवार को हुई। बैठक में पुराने नेताओं एवं कार्यकर्ता जिन्होंने घर वापसी की है एवं नए सदस्यों के आगमन पर स्वागत किया गया, सभी को माला एवं आजसू पार्टी का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी हैं। कमल किशोर भगत ने भी एक आम कार्यकर्ता से इस पार्टी की शुरूआत की थी और जनता की आवाज बनकर उभरे थे, जिसका परिणाम था कि लोहरदगा में लगातार दो बार उन्होंने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और आने वाले समय में सभी के सहयोग से पुनः इस बार चुनाव में आजसू पार्टी जीत दर्ज करेगी। स्वागत समारोह के पश्चात 17 दिसंबर को कमल किशोर भगत की द्वितीय पुण्यतिथि के दिन उनकी प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम



की तैयारी पर चर्चा करते हुए बताया गया कि लोहरदगा आजसू कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे संपन्न होगा, जिसमें मुख्य रूप से पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, गोमिया के विधायक लंबोदर महतो, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहित, रांची जिला परिषद की अध्यक्ष निर्मला भगत उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम के निमित्त आज कमल किशोर भगत स्मारक समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष के रूप में नीरू शांति भगत एवं सचिव विनोद सिंह उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता इकरामुल अंसारी राजेश शर्मा रँथु ऊराँव, सागर वर्मा बरज सिंह ,एन कुजूर, जीतू सिंह एवं कलीम खान परमेश्वर भगत शनिचरवा किसान एवं सभी प्रखंड के अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष इस समिति के पदाधिकारी होंगे इसके अलावा महिला जिला अध्यक्ष अनीता साहू एवं महिला मोर्चा के सभी प्रखंड अध्यक्ष के अलावा, संजीव शर्मा, राजू उरांव मुस्तफा अंसारी राजन महतो रोहित साहू आयुष कुमार पदाधिकारी बनाए गए, प्रेस मीडिया प्रभारी कवलजीत सिंह बनाए गए हैं, स्वागत समिति में अनीता देवी सुनीता साहू मालती टोप्पो हेमंती देवी बनाए गए हैं। बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से लाल गुडडू नाथ शाहदेव केंद्रीय सचिव, कवलजीत सिंह पूर्व केंद्रीय सचिव, सूरज अग्रवाल केंद्रीय सचिव, अरविंद यादव केंद्रीय सचिव, अंजू देवी, रामनंदन साहू, अनीता साहू, इकरामुल अंसारी, रँथु उरांव, राजू उरांव, कलीम खान, विश्वनाथ उरांव, शाहिद अंसारी आदि शामिल रहे।

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
**(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)**

**अतिअल्पकालीन ई-पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई-पुर्ननिविदा सूचना संख्या-RDD/SD/LOHARDAGA/E-13/2023-24 (3rd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पेशरार प्रखण्ड के ग्राम होन्हे से सहेदा जाने वाले पथ में आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 49,41,000.00 | 98,900.00 | 5000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 18.12.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 18.12.2023 से दिनांक 26.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 28.12.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:-कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :- 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.313332 Lohardaga(23-24):D

## एक नजर

### मोतिहारी में फिर गैंगवार, युवक को बाइक सवार अपराधियों ने गोलियों से छलनी किया

**मोतिहारी।** बिहार के मोतिहारी में गैंगवार में एक बार फिर ताबड़तोड़ गोलियां चली है। यहां पताही थाना क्षेत्र स्थित गोनाही गांव में हुई गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गयी। युवक की पहचान अविनाश सिंह उर्फ ननकू सिंह के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से 12 खोखा बरामद किया। इसमें से तीन खोखा 9 एमएम पिस्टल का बताया जा रहा है। पुलिस घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है। एसपी कामटेश कुमार मिश्रा ने कहा कि गंगवार में युवक की हत्या की गयी है। बताया कि डीएसपी सुबोध कुमार राय के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया है। ताकि आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जा सके। इधर घटना को लेकर ननकू के छोटे भाई स्वतंत्र सिंह ने बताया कि शंभू राय के दरवाजे के बाहर उसका भाई खड़ा था। उसके साथ पांच लोग और थे। तभी बाइक सवार दो अपराधी वहां पहुंचे और उनपर ताबड़तोड़ गोलियां चलायी।

### ऋण दिलाने के नाम पर 150 महिलाओं से ठगी, संचालिका सहित तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** कानपुर में लोन दिलाने के नाम पर 150 महिलाओं से पांच लाख से ज्यादा की ठगी करने वाले फाइनेंस कंपनी संचालिका समेत तीन लोगों के खिलाफ किदवईनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नौबस्ता गल्ला मंडी दीन दयाल पुरम निवासी रेनू गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनके जैसी 13 टीम लीडर महिलाओं को विभिन्न बैंकों से लोन दिलाने का काम करती थीं। लक्ष्मीपुरवा निवासी नेहा गुप्ता उर्फ नंदिनी उर्फ रोशनी ने उससे व अन्य सभी टीम लीडरों से संपर्क किया।

अपने मनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के माध्यम से गरीब महिलाओं के समूह को लोन दिलाने के लिए कहा। लोन दिलाने से पहले महिलाओं से फाइल चार्ज के नाम पर 3452 रुपये व अन्य खर्चे बताकर रुपये ऐंठ लिए। सारा रुपया फाइनेंस कंपनी संचालिका नेहा व उसके दो साथियों मध्य प्रदेश के उज्जैन निवासी विजय कुमार सोने व अतुल लेकर फरार हो गए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित महिलाओं ने बीते शुक्रवार को किदवईनगर और बारादेवी स्थित कंपनी के बंद पड़े कार्यालय पर हंगामा किया था। प्रकरण में किदवईनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है। चौकी इंचार्ज लाल कॉलोनी शैलेंद्र सिंह राघव ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### प्रधान ने गाड़ी सीखने के दौरान सात बच्चों को रौंदा, एक गंभीर

गोरखपुर। गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां खोराबार थानाक्षेत्र के रामपुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में कार सीख रहे प्रधान लाल बचन की लापरवाही से कई बच्चे दुर्घटना के शिकार हो गए। सभी बच्चों को सीएचसी खोराबार में ले जाया गया है। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई है। एएसपी मानुष पारीक भी मौके पर पहुंचे हैं।

# बिहार में गया हुआ सबसे ठंढा, न्यूनतम तापमान दस डिग्री पहुंचा




**एजेंसी। पटना**

प्रदेश में मौसम ने अब अपनी करवट बदल दी है। इसी बीच पछुआ हवा ने तापमान के मीटर को लुढ़का दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पछुआ हवा का प्रभाव बना हुआ है। इसी वजह से तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। अधिकतम के साथ साथ न्यूनतम तापमान में भी गिरावट जारी है। गया-औरंगाबाद का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक पहुंच गया है। इसके साथ ही कोहरा भी दर्ज किया जा रहा है। पछुआ हवा ने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ शहरी क्षेत्रों में भी कनकनी बढ़ा दी है। बुधवार के के मौसम पूर्वानुमान की बात करें तो बिहार का अधिकतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच वहीं न्यूनतम तापमान उत्तर पश्चिम बिहार, दक्षिण पश्चिम बिहार और दक्षिण मध्य बिहार के जिलों में 10 से 12 डिग्री सेल्सियस रहेगा। आज सुबह हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा बिहार के अधिकांश हिस्सों में देखने को मिला है। बिहार का अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के औरंगाबाद-गया जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य का औसत अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस वहीं औसत न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना का अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर का पहला हफ्ता 18 वर्षों में सबसे गर्म रहा।

### चारधाम में बर्फबारी जारी, केदारनाथ में तापमान माइनस 7

देहरादून। प्रदेश में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी ने अब मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ा दी है। सुबह शाम गलन वाली ठंड पड़ रही है तो दिन में मैदानी क्षेत्रों में धूप निकल रही है। सुबह-शाम कोहरा छाने लगा है। चारधाम में मंगलवार दोपहर से ही बर्फबारी हो रही है। फूलों की घाटी, हेमकुंड साहिब, तुंगनाथ, मद्महेश्वर, हर्षिल, उत्तरकाशी और औली क्षेत्र भी बर्फ से ढक गए हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को पहाड़ों पर बारिश का पूर्वानुमान जताया है। केदारनाथ धाम में तो तापमान माइनस 7 तक पहुंच गया है। गंगोत्री-यमुनोत्री में भी पारा शून्य से नीचे चला गया है।

### शीतलहर की चपेट में हिमाचल, 10 स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में



शिमला। हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीते दिन हुई बर्फबारी से पूरा राज्य शीतलहर की चपेट में आ गया है। राज्य के 10 स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। पहली बार सुंदरनगर, भुंतर व मंडी में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने राज्य के सभी भागों में 16 दिसंबर तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान जताया है। वहीं, 17 मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में यह बदलाव आने की संभावना है। 18 दिसंबर से फिर पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। उधर, आज राजधानी शिमला व अन्य भागों में मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि, तापमान में गिरावट से ठिठुरन बढ़ गई है। शिमला का न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, सुंदरनगर माइनस 1.0, भुंतर माइनस 1.2, कल्पा माइनस 4.2, धर्मशाला 6.2, ऊना 2.4, कांगड़ा 3.9, मंडी माइनस 0.9, चंबा 2.2, डलहौजी 1.5, जुब्बड़हट्टी 3.8, कुफरी 1.1, कुकुमसेरी माइनस 7.3, नारकंडा माइनस 1.6, रिकांगपिओ माइनस 1.6, सेऊबाग माइनस 0.4, धौलाकुआं 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# कैमूर के डीएम बने मिसाल, सदर अस्पताल में पत्नी की कराई डिलीवरी



**एजेंसी। भभुआ**

सरकारी अस्पतालों के प्रति आमजन की बनी अवधारणा को दूर करने के लिए जिलाधिकारी सावन कुमार ने अनूठी पहल की है। उन्होंने अस्पताल की सुरक्षित प्रसव व्यवस्था का जिले के नागरिकों को संदेश देने के लिए अपनी पत्नी की डिलीवरी के लिए सदर अस्पताल में बहती कराया ।डॉ. किरण सिंह और डॉ. मधु के द्वारा सदर अस्पताल के ओटी में सिजेरियन ऑपरेशन से द्वारा कराए गए सुरक्षित प्रसव के बाद एहतियाती तौर पर नवजात शिशु को लगभग दो घंटे एसएनसीयू में भी भर्ती कराया गया। फिलवक्त जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं। इस खुशी के मौके पर जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को साधुवाद देते हुए इसी प्रकार व्यवस्था को सुदृढ बनाए रखने तथा आमजन को व्यवस्था का लाभ उपलब्ध कराते रहने का निर्देश दिया। इस मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अरविंद कुमार, डीपीएम ऋषिकेश जायसवाल व अस्पताल प्रबंधक शैलेंद्र कुमार सहित कई जेएनएम व नर्स उपस्थित रहीं।

# मिड डे मील खाकर कई बच्चों की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी। सहरसा**

बिहार में मिड डे मील योजना की स्थिति बदतर है। सरकारी स्कूलों में नौनिहालों को मिलने वाले एमडीए में आये दिन कीड़े-मकौड़े, छिपकली, सांप आदि मिलते हैं। या फिर इसको खाने से बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। ताजा मामला सहरसा के महिषी प्रखंड के महिषी दक्षिणी पंचायत स्थित मध्य विद्यालय भागवतपुर का है। जहां मिड डे मिल खाकर 12 से अधिक बच्चे बीमार पड़ गये। सभी को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।



### एमडीए खाने के बाद पेट दर्द और उल्टी होने लगा

बताया जाता है कि स्कूल के 190 बच्चों ने दोपहर में मीड डे मिल का खाना खाया था। छुट्टी के बाद जब बच्चे अपने घर पहुंचे तो उनके पेट में दर्द होने लगा और कुछ को दस्त (उल्टी) भी शुरू हो गया। बच्चों की तबीयत बिगड़ता देख परिजन परेशान हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों ने वरीय अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर महिषी थाना की पुलिस ने गांव पहुंची और सभी बीमार बच्चों को सीएचसी में भर्ती करवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉ आर आर महतो के अनुसार, इलाज के बाद सभी बच्चों की तबीयत ठीक है।

# कॉरिडोर के दो साल पूरे होने पर फूलों से सजा धाम, बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा

**एजेंसी। वाराणसी**

काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण उत्सव पर मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि का नजारा दिख रहा है। हर-हर, बम-बम के जयघोष से गंगा के किनारे से लेकर धाम क्षेत्र गूंज है। वहीं शहर की सड़कों पर भक्तों की टोली भगवान शिव के आराध्य भगवान राम की भक्ति में सराबोर नजर आ रही है। सामाजिक संस्थाओं की ओर से धाम क्षेत्र में दीप भी जलाए जा रहे हैं।आज काशी विश्वनाथ धाम का दूसरा लोकार्पण उत्सव मनाया जा रहा है। मंदिर में भी लोकार्पण उत्सव पर रुद्राभिषेक, पूजन के साथ ही सांस्कृतिक आयोजनों चल रहे हैं। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया है और रुद्राभिषेक के बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण भी होगा। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं धाम आ रहे हैं। शिव बरात समिति के अध्यक्ष जगदंबा



तुलस्यान ने बताया कि शोभायात्रा में चंद्रयान-3 , नारी शक्ति वंदन बिल और अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की झांकी दिखेगी। पारंपरिक तरीके से ढोल और बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जा रही है। शोभायात्रा में शहर की कई धार्मिक संस्थाएं भी शामिल हैं। दुनिया भर के सनातनधर्मियों के आकर्षण का केंद्र बन चुके काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण की कहानी भी अनोखी है। 463 वर्षों के बाद बाबा विश्वनाथ के धाम ने मूर्त रूप लिया। बाबा विश्वनाथ के मंदिर के पुनरुद्धार, निर्माण और कायाकल्प में महाराणा रणजीत सिंह, टोडरमल और अहिल्याबाई के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना ने मूर्त रूप लिया, जो आज श्री काशी विश्वनाथ धाम के रूप में दुनिया के सामने है।

### सबरीमाला में भीड़ की अराजकता पर विवाद

# भाजपा का विरोध प्रदर्शन, केरल एचसी में सुनवाई

**एजेंसी। केरल**

भाजपा नेता कुम्मनम राजशेखरन ने राज्य सरकार पर भीड़ के कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उन्हें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। तीर्थयात्री भोजन, पानी और बुनियादी जरूरतों के बिना पीड़ित हैं। सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर में बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण स्थिति गंभीर होने के कारण पहाड़ी की चोटी पर स्थित मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी, भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने सबरीमाला में सचिवालय के बाहर केरल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता कुम्मनम राजशेखरन ने राज्य सरकार पर भीड़ के कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उन्हें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। तीर्थयात्री भोजन, पानी और बुनियादी जरूरतों के बिना पीड़ित हैं। सबरीमाला में पर्याप्त जगह है। सरकार नहीं जानती कि जगह का उपयोग कैसे



किया जाए। आप तिरूपति मंदिर देखें, वहां सब कुछ ठीक है। मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि के कारण भक्तों ने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। शिकायतों पर विचार करते हुए, केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अधिकारियों को मंदिर पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों को सहायता देने का निर्देश दिया। दो न्यायाधीशों की पीठ ने पुलिस को पहाड़ी की चोटी पर भीड़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का भी निर्देश दिया। विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं ने मंगलवार रात निलक्कल में विरोध प्रदर्शन कर अपना असंतोष व्यक्त किया. उन्होंने अपने सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने के लिए पम्पा-एरुमेली सड़क पर रात भर यातायात अवरुद्ध कर दिया। कथित तौर पर पुलिस और श्रद्धालुओं के बीच तब विवाद हुआ जब श्रद्धालुओं को एट्टुमानूर में महादेव मंदिर से आगे बढ़ने से रोका गया। इस बीच, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि इस बार भगवान अयप्पा मंदिर में कुछ भी असामान्य नहीं हुआ है और उन्होंने अधिकारियों से वहां की नई व्यवस्थाओं और प्रणालियों के बारे में जनता को सूचित करने के लिए आवश्यक हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

### खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर 31 लाख का जुर्माना लगाया गया

**लखनऊ।** उपभोक्ताओं को मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने के लिए लखनऊ में 25 प्रतिष्ठानों पर कुल 30.85 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यदि मिलावटखोरों ने जल्द जुमार्ना नहीं भरा तो खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) वसूली प्रमाणपत्र जारी करना शुरू कर देगा। लखनऊ में एफएसडीए के अपर आयुक्त एस.पी. सिंह ने कहा, "मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री को रोकने के लिए नवंबर में नमूने एकत्र कर परीक्षण के लिए भेजे गए थे। प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (नगर-पूर्वी)/न्याय निर्णय अधिकारी की अदालत में मामला दायर किया गया था। न्याय निर्णायक अधिकारी अमित कुमार ने 35 मुकदमों का फैसला करते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर 30 लाख 85 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है।

### बीजेपी के सुवेंदु का ममता बनर्जी पर बड़ा हमला, कहा

# उत्तर बंगाल में झूठे वादे करती हैं सीएम

**एजेंसी। कोलकाता**

भाजपा नेता ने कहा कि यह मुख्यमंत्री उत्तर बंगाल की उपेक्षा करती हैं लेकिन जब चुनाव की बात आती है तो झूठ बोलती हैं। वह उत्तर बंगाल को ही अपनी छुट्टियों के गंतव्य के रूप में देखती हैं। उनके आराम को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय राज्य अतिथि गृहों को महलों में बदल दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2019 में हारी हुई लोकसभा सीटों को फिर से हासिल करने के लिए राज्य के उत्तरी जिलों में मतदाताओं से झूठे वादे कर रही हैं। क्षेत्र के अपने एक सप्ताह के दौरे के दौरान उन्होंने भाजपा पर हमला बोला। सुवेंदु ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार व्यवस्थित रूप से उत्तर बंगाल की उपेक्षा करती है क्योंकि इस क्षेत्र के लोगों ने हाल के सभी चुनावों में भाजपा को वोट दिया है।



भाजपा नेता का दावा है कि 2020-21 में उत्तर बंगाल के लिए बजट आवंटन 759 करोड़ था लेकिन केवल 268 करोड़ जारी किए गए। अगले दो वित्तीय वर्षों में, सरकार ने क्रमशः 759 करोड़ और 800 करोड़ के आवंटन के मुकाबले 170 करोड़ और 308 करोड़ जारी किए। मुख्यमंत्री द्वारा एक सरकारी कार्यक्रम में माटीगाड़ा में एक कैंसर अस्पताल सहित 47 नई परियोजनाओं की घोषणा के कुछ घंटों बाद अधिकारी सिलीगुड़ी पहुंचे। अधिकारी ने लोगों से घोषणाओं के झांसे में नहीं आने को कहा। भाजपा नेता ने कहा कि यह मुख्यमंत्री उत्तर बंगाल की उपेक्षा करती हैं लेकिन जब चुनाव की बात आती है तो झूठ बोलती हैं। वह उत्तर बंगाल को ही अपनी छुट्टियों के गंतव्य के रूप में देखती हैं। उनके आराम को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय राज्य अतिथि गृहों को महलों में बदल दिया गया है। बीजेपी ने 2019 में क्षेत्र की आठ लोकसभा सीटों में से सात और 2021 में 54 विधानसभा सीटों में से 30 सीटें जीतीं। अधिकारी का बनर्जी पर हमला उन खबरों की पृष्ठभूमि में आया है कि ममता बनर्जी 20 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) जैसी परियोजनाओं के लिए केंद्रीय धन जारी करने की मांग करेंगी।

# एक करोड़ की हेरोइन व 14 लाख रुपये के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी। वाराणसी**

अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ (हेरोइन) की अवैध तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गाजीपुर जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र के देवकठिया बेसो नदी पुलिया (एनएच 31) के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोग वाराणसी, बिहार और राजस्थान के हैं। इनके पास से खरीद बिक्री करते समय एक किलो मादक पदार्थ हेरोइन (जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत एक करोड़ रुपये है) और 14 लाख रुपये नगद बरामद किया है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र के मुताबिक इस गिरोह का मास्टर माइंड अजय कश्यप शहर कोतवाली क्षेत्र के ददरीघाट निवासी है, हालांकि उसका वर्तमान पता वाराणसी में फ्लैट नंबर 403 टावर नंबर 03 श्रीराम नगर कालोनी मडुआडीह रेलवे स्टेशन के पास है। वह दूर बैठे-बैठे पूरे नेटवर्क को संचालित करता है। साथ ही इस कार्य में अपने बेटे अभय कश्यप व अन्य सहयोगी राजकमल उर्फ कमल साहनी, शिवम प्रताप सिंह को शामिल किया है। इन लोगों के माध्यम से वो मादक पदार्थ की खरीद बिक्री अंतर्राज्यीय स्तर पर कराता है। 12 दिसंबर को राजस्थान के हेरोइन तस्कर बागचन्द तंवर उर्फ भागचंद निवासी ग्राम दुर्जनपुरा थाना घाटोली जिला झालावार राजस्थान को एक किलोग्राम हेरोइन की डिलीवरी करनी थी। अजय कश्यप के कहने पर अभय कश्यप, राजकमल उर्फ कमल साहनी व शिव प्रताप सिंह दो बाइक से एनएच 31 बेसो नदी पुलिया के पास हाइवे पर मंगलवार की शाम 6:45 बजे पहुंचे। जिन्हें मुखबिर की सूचना पर अलर्ट हुई पुलिस ने हेरोइन खरीद बिक्री करते समय रंगे हाथ पकड़ लिया गया। तस्करों के पास से एक किलो हिरोइन व 14 लाख रुपये नगद बरामद हुआ। जबकि मौके का फायदा उठाकर अभय कश्यप बाइक से फरार हो गया। पूछताछ में हेरोइन तस्कर बागचंद ने बताया गया कि वह हेरोइन राजस्थान कोटा में ले जाकर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर नशे के आदी नए उम्र के पढ़ने वाले युवकों को बेच देता हैं। माल की डिलिवरी सुनसान स्थानों पर जाकर करते हैं।

### आस्था

### राम मंदिर दर्शन अभियान शुरू करेगा संघ

# 5000 विहिप कार्यकर्ताओं को रोजाना दर्शन कराने की तैयारी

**एजेंसी। अयोध्या**

गणतंत्र दिवस से पूरे देश को रामलला के दर्शन का आमंत्रण श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दिया जा रहा है। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद देश के पांच लाख गांवों में घर-घर हल्दी लगा अक्षत भेज रहा है। यह अक्षत गणतंत्र दिवस के बाद अयोध्या आने का आमंत्रण है। संघ हर रोज पांच हजार कार्यकर्ताओं को दर्शन कराने की तैयारी कर रहा है। यह दर्शन अभियान 26 जनवरी से शुरू होकर 23 फरवरी तक चलेगा। एक दिन में दो राज्यों को दर्शन कराया जाएगा। हल्दी अक्षत के साथ एक निवेदन पत्रक भी भेजा जा रहा है। यह पत्रक देश के सभी प्रमुख भाषाओं में छापा गया है, ताकि पत्रक का संदेश रामभक्त आसानी से समझ सकें। विश्व हिंदू परिषद ने संगठन की दृष्टि से देश को 45 प्रांतों में बांट रखा है। हर



राज्य में दो से तीन इकाइयां हैं। उत्तर प्रदेश में छह इकाइयां हैं। संघ सभी इकाइयों को अयोध्या दर्शन के लिए आमंत्रित करेगा। संघ के एक पदाधिकारी ने बताया कि संघ ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह की कमान संभाल ली है। विभिन्न प्रांतों से करीब तीन हजार पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अयोध्या में कैंप किया है। इन सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। गणतंत्र दिवस से दर्शन अभियान शुरू किया जाएगा। हर रोज एक या दो प्रांत के करीब पांच हजार कार्यकताओं को दर्शन के लिए अयोध्या बुलाया जाएगा। उनके रहने, खाने आदि के इंतजाम किए जा रहे हैं।

**रामभक्तों के लिए असम से आई खाद्य सामग्री :** अयोध्या में भक्तों के लिए 36 स्थानों पर भोजनालय की व्यवस्था की जा रही है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से हर रोज 25 हजार भक्तों को निःशुल्क भोजन कराने की तैयारी की जा रही है। बड़ी संख्या में समाजसेवी संस्थाएं और रामभक्त भी भक्तों की सेवा के लिए जलपान आदि का शिविर लगाने की इच्छा जता रहे हैं। यही नहीं खाद्य सामग्री भी भक्त अयोध्या भेज रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को असम से खाद्य सामग्री की पहली खेप अयोध्या पहुंची है। असम से दालचीनी, चायपत्ती, बड़ी इलायची व अन्य कई प्रकार के मसाले आए हैं, जिन्हें रामसेवकपुरम स्थित कार्यशाला में रखा गया है।

# एमपी में भाजपा के यादव कार्ड से यूपी सपा में खलबली



**एजेंसी। लखनऊ**

मध्यप्रदेश के चुनाव नतीजों के बाद भाजपा द्वारा यादव चेहरे को मुख्यमंत्री बनाने के फैसले ने यूपी में समाजवादी पार्टी (सपा) की चिंता बढ़ा दी है। पार्टी को अपने मूल वोट बैंक यादव पर सेंधमारी होने का खतरा नजर आ रहा है। भाजपा ने एमपी में मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर जो यादव कार्ड खेला है, उसका सीधा असर यूपी में पड़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। ऐसे में आगामी आम चुनाव में सपा के लिए आगे की डगर चुनौती भरी हो सकती है। राजनीतिक जानकर बताते हैं कि राम नरेश यादव से लेकर मुलायम सिंह और अखिलेश यादव तक तीन यादव पांच बार यूपी के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यादव वोट बैंक भाजपा के लिए कितना महत्वपूर्ण है। आंकड़ों के अनुसार, यूपी की 24 करोड़ आबादी में यादवों का हिस्सा लगभग 9-10 फीसदी है। इसके साथ, प्रदेश में कई दर्जन जिले ऐसे हैं, जिनमें यादव आबादी लगभग 20 प्रतिशत है। यादव वोट बैंक पर समाजवादी पार्टी की सबसे मजबूत पकड़ मुलायम के जमाने से चली आ रही है।

## मेहनत एक ऐसा वरदान है जो मुकद्दर को भी बदल सकता है : अज्ञात

# भाजपा की वीआरएस नीति

***मोदी***-शाह की जोड़ी ने अटल-आडवाणी युग की उपज तीन बड़े नेताओं- शिवराज सिंह चौहान, डॉ. रमन सिंह और वसुंधरा राजे को ऐसे मोड़ पर घर बैठा दिया है जब इन के राज्यों में भाजपा ने शानदार चुनावी जीत हासिल की नये मुख्यमंत्रियों के नाम सुन कर खुद वे भी चौंक गये थे जिन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया है। वसुंधरा-रमन और शिवराज का मुख्यमंत्री के रूप में कॅरियर समाप्त होना बड़ी राजनीतिक घटना है। सवाल यह है कि वसुंधरा-रमन-शिवराज जिन्हें आजकल वीआरएस कह कर संबोधित किया जा रहा है, उन्हें राज्य में सत्ता के शीर्ष पद से वीआरएस क्यों दिया गया? चर्चा यह भी है कि क्या राज्यों के बाद अब केंद्र के नेताओं को भी वीआरएस दिया जाएगा और जिस तरह हाल के विधानसभा चुनावों में कई सांसदों को विधायकी का चुनाव लड़ाया गया क्या उसी तरह विधायकों को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जा सकता है? शिवराज, वसुंधरा और रमन सिंह के राजनीतिक भविष्य की करें तो डॉ. रमन सिंह को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष बना कर उन्हें राज्य की राजनीति में ऐसी भूमिका दी गयी है जिसमें उन्हें सक्रिय राजनीति से वास्ता नहीं रखते हुए सदन के प्रति अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निवर्हन भर करना है। शिवराज और वसुंधरा दोनों बड़े जनाधार वाले नेता हैं और इनको ज्यादा समय तक खाली नहीं बैठाये रखा जा सकता। वसुंधरा राजे फिलहाल भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। केंद्र में 2014 में मोदी सरकार बनने पर उन्हें केंद्रीय राजनीति में आने का न्यौता दिया गया था जिसे उन्होंने उस समय अस्वीकार कर दिया था लेकिन माना जा रहा है कि अब कोई अन्य विकल्प नहीं होने के चलते वह लोकसभा या राज्यसभा के माध्यम से केंद्र की राजनीति में आ सकती हैं। हालांकि यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विधानसभा चुनावों के दौरान वसुंधरा राजे ने एक बार यह भी कहा था कि मुझे अब लगता है कि मैं रिटायरमेंट ले सकती हूं। पर राजनीति का नशा ऐसा है कि वह कम से कम जनाधार वाले नेताओं को भी रिटायरमेंट नहीं लेने देती।

> **केंद्र में 2014 में मोदी सरकार बनने पर उन्हें केंद्रीय राजनीति में आने का न्यौता दिया गया था जिसे उन्होंने उस समय अस्वीकार कर दिया था लेकिन माना जा रहा है कि अब कोई अन्य विकल्प नहीं होने के चलते वह लोकसभा या राज्यसभा के माध्यम से केंद्र की राजनीति में आ सकती हैं। हालांकि यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विधानसभा चुनावों के दौरान वसुंधरा राजे ने एक बार यह भी कहा था कि मुझे अब लगता है कि मैं रिटायरमेंट ले सकती हूं। पर राजनीति का नशा ऐसा है कि वह कम से कम जनाधार वाले नेताओं को भी रिटायरमेंट नहीं लेने देती।**

शिवराज सिंह चौहान के साथ अच्छी बात यह है कि उन्होंने आसानी से नई पीढ़ी को सत्ता हस्तांतरित कर दी लेकिन उनके कुछ बयान ऐसे थे जो केंद्रीय नेतृत्व को अखरे भी । संभव है कि उन्हें तत्काल पार्टी में कोई भूमिका नहीं मिले कुछ सूत्रों के अनुसार उन्हें दिल्ली भेजा जायेगा। शिवराज सिंह चौहान के लिए बड़ी भूमिका तय भी कर ली गयी है क्योंकि वह 18 साल तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, तीन बार लोकसभा के सदस्य रहे, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव रहे और पार्टी संगठन चुनावों से लेकर अनेक भूमिकाओं को भी उन्होंने जिम्मेदारीपूर्वक निभाया है, इसलिए संभव है कि शिवराज सिंह चौहान को अगला भाजपा अध्यक्ष बनाया जाये। वैसे अब भाजपा में एक ही चर्चा है कि अब किस नेता को वीआरएस मिलने जा रहा है? लोकसभा चुनाव नजदीक हैं ऐसे में माना जा रहा है कि मोदी-शाह की जोड़ी आगामी दिनों में कई और फैसलों से सबको चौंका सकती है।

### इन दिनों

# जरूरी है ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरुकता


योगेश कु. गोयल



***ऊर्जा*** मंत्रालय से संबद्ध ऊर्जा दक्षता ब्यूरो हर साल 14 दिसंबर को ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में देश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन करता है। ब्यूरो ने वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया था। दरअसल दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है। दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लग जायेगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्त्रोतों को बचाने के लिए विश्व भर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है। विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरुकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरुकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाइट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाय तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाय। आई.एस.आई. चिह्नित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, एसी, हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाय। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाये जाएं तो प्रचंड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है, वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

> **ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है। विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरुकता अभियान है। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरुकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाइट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है।**

## आप की बात

### मजबूरी में पलायन गांव हो गये खाली

**छठ** त्यौहार खत्म होते ही गाँव के वैसे सभी पुरुष जो लोग किसी तरह के मजदूरी करने में सक्षम हैं सभी लोग वगैर किसी सरकारी प्रक्रिया के पड़ोसी राज्य बिहार, यूपी के ईंट भट्ठों से लेकर चेन्नई और बैंगलोर को पलायन कर गए हैं। जिसमें कई ऐसे भी हैं जो पूरे परिवार सहित पलायन कर गए हैं। उनमें से रामगढ़ प्रखंड के सरहुआ गाँव के विजय कोरवा और उमेश कोरवा का परिवार भी शामिल है। पलायन करने वालों में 4 स्कूली बच्चे भी शामिल हैं जिनमें से 2 बच्चियां शामिल हैं। दोनों प्रखंडों के 50 से अधिक परिवारों के साथ बातचीत से साफ पता चलता है कि वर्त्तमान में और इस वर्ष एक भी आदिम जनजाति के परिवारों को मनरेगा में काम नहीं मिला है। इन दोनों प्रखंडों में आदिम जनजातियों के लिए आज मनरेगा हाथी का दांत साबित हो रहा है और जिला प्रशासन इनकी बदहालियों से पूरी तरह बेखबर है। महिलाओं ने दैनिक खाद्य जरूरतों के इंतजामात के बारे बताया कि दशहरा के पहले का दुकानों में बहुत उधार हो गया है। फिर चकवड के बीज का सीजन आया तो करीब 15 दिनों तक गाँव रह रही महिलाएँ अपने परिवार के खाने की चीजें इंतजाम करने हेतु आस - पास और जंगलों से चकवड का बीज इक्कठा कर उसे स्थानीय महाजनों को बेचती थीं। एक दिन में 2 से तीन किलो बीज संग्रहित कर पाते थे, जिसके लिए 20 रुपए किलो बेचकर 36 प्रति रुपए किलो चावल खरीद खा रहे हैं। चकवड बीज का सीजन अब खत्म हो गया है। अब हमलोग तुलसी बीज संग्रहित कर बेचना शुरू ही किये थे। **- जेम्स हेरेंज, सदस्य, भोजन का अधिकार अभियान, झारखण्ड**

### प्रकृति

# बेवजह पीटा जाना निर्दोष मुस्लिम महिला का


आर.के.सिन्हा

***अभी*** कुछ दिन पहले की एक खबर ने लोकतांत्रिक मूल्यों में यकीन रखने वाले हरेक इंसान को उदास कर दिया होगा। खबर संभवतः आपने भी पढ़ी होगी। अगर किसी कारण वश नहीं पढ़ी तो बताना जरूरी है कि मध्य प्रदेश के जिला सीहोर में एक मुस्लिम महिला को उसके ससुराल वालों ने इसलिए बुरी तरह पीटा, क्योंकि, उसने भाजपा को हालिया विधानसभा चुनाव में वोट दिया था। उस महिला को पीटने वालों में उसका अपना देवर भी शामिल था। उसे जब पता चला कि उसके भाई की पत्नी ने भाजपा के हक में वोट किया है तो उसने अपनी भाभी को बुरी तरह से डंडों से मारा। उसका कुछ संबंधियों और पड़ोसियों ने भी साथ दिया। इसके बाद पीड़ित महिला न्याय के लिए कलेक्ट्रेट पहुंची और वहां आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। अब जरा बताइये कि भाजपा के खिलाफ इतनी नफरत कुछ लोगों के मन में क्यों है? देश का कोई भी नागरिक किसी भी दल के उम्मीदवार को वोट देने के लिए स्वतंत्र है। ये अधिकार देश का संविधान सभी को देता है। तब किसी को भी इस बात के लिए तकलीफ क्यों हो रही है कि उसके परिवार में किसने फलां-फला दल के पक्ष में मतदान क्यों किया। दरअसल भाजपा सरकार से कुछ कठमुल्लों को इसलिए नाराजगी है क्योंकि उसने (भाजपा) ने मुसलमानों में ट्रिपल तलाक और हलाला जैसे अमानवीय परम्परा को खत्म करने के लिए बड़े कदम उठाये। इन कठमुल्लों की घोर महिला विरोधी सोच को जहां से भी ललकारा जाता है, तो ये पागलपन पर उतरने लगते हैं, बेवजह हिंसक हो उठते हैं। मुझे याद आ रहा है जब कुछ समय पहले मुंबई में उन मुस्लिम महिलाओं के साथ भी इसी तरह मारपीट और धक्कामुक्की की गई जो ट्रिपल तलाक के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चला रही थीं। उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं कुछ सड़क छाप मुस्लिम नेताओं और उनके चेलों द्वारा। इन लफंगों ने हस्ताक्षर अभियान चलाने वाली महिलाओं पर इस्लाम विरोधी होने तक का आरोप भी लगा दिया था।

> **देश का कोई भी नागरिक किसी भी दल के उम्मीदवार को वोट देने के लिए स्वतंत्र है। ये अधिकार देश का संविधान सभी को देता है। तब किसी को भी इस बात के लिए तकलीफ क्यों?**



### बोधि वृक्ष

## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

***विभिन्न*** आभूषणों से युक्त और संपूर्ण श्रृंगार किये हुए, अप्सरा उर्वशी ऋषि मार्कण्डेय के सामने नृत्य करने लगी। उसने अपनी सिद्धियों से आसपास के वातावरण को बसंत के मौसम के समान बना दिया। लेकिन मार्कण्डेय ऋषि ने फिर भी उस अप्सरा पर कोई ध्यान नहीं दिया। उर्वशी जब सभी क्रियाएं करके थक गई और उसके पास कोई विकल्प नहीं बचा तो अंत में उसने अपनी कमर का फीता खोलकर नग्न हो गई। तब ऋषि मार्कण्डेय ने कहा 'हे पुत्री, हे बहन, हे माता! तुम क्या कर रही हो? तुम इस घने जंगल में अकेले क्यों आई हो?' यह सुनकर उर्वशी अत्यंत शर्मिंदा हुई और उसने उत्तर दिया हे ऋषि! 'मेरी सुंदरता को देखकर इस घने जंगल में सभी साधकों ने अपना संयम खो दिया है लेकिन आप का ध्यान भंग नहीं हो रहा है। मुझे नहीं पता आपका ध्यान कहाँ लगा था? कृपया मेरे साथ इन्द्रलोक आएं अन्यथा; सब मेरा मजाक बनायेंगे कि मैं हार कर वापस लौटी हूं। मार्कण्डेय ऋषि ने कहा 'मेरी एकाग्रता ब्रह्मलोक में थी जहाँ मैं उन दिव्य युवतियों का नृत्य देख रहा था जो इतनी सुंदर हैं कि उनके पास आपके जैसी 7-7 नौकरानियां हैं। फिर, मैं तुम पर कैसे मोहित हो सकता हूँ? अगर कोई आपसे ज्यादा आकर्षक है, तो कृपया उसे भेजें'। तब देवपरी ने कहा, 'मैं महारानी उर्वशी हूं, इंद्र की पत्नी। मुझसे ज्यादा खूबसूरत कोई और महिला नहीं है'। ऋषि मार्कण्डेय ने पूछा, 'चूंकि कुछ भी अविनाशी नहीं है जब भगवान इंद्र की मृत्यु हो जायेगी तो आप क्या करोगी?' उर्वशी ने उत्तर दिया 'मैं चौदह इंद्र भोगूंगी।'

**नोटः भगवान इंद्र की महारानी की उम्र =72 चर्तुयुग 14=1008 चर्तुयुग यानी भगवान ब्रह्मा के एक दिन (कल्प) के बराबर । (क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से



## X - से

जब तक जीना है तब तक सीखना है जीवन का अर्थ यही है

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# विकास या तबाही दोमुहाने पर आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस


किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तर पर सर्वविदित है कि मानवीय सुख सुविधाओं को प्राप्त करने में जहां एक और सुख सुविधाओं का अंबार होता है तो वहीं दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के नतीजो जैसा भयंकर तबाही का आलम भी होता है जो हम सदियों से देखते आ रहे हैं। परंतु मानव जाति है कि सिर्फ अपने वर्तमान सुख सुविधाओं में ही रमी रहती है, भविष्य में आने वाली हमारी पीढ़ियों के बारे में ध्यान नहीं देते हैं। अब समय आ गया है कि हमें अपनी इस सोच को रेखांकित करना होगा क्योंकि आज तकनीकी और प्रौद्योगिकी चार कदम आगे बढ़कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ओर दुनियां बढ़ गई है, जिसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं तो तबाही की भी काफी संभावनाएं आ सकती है जो हमें वर्तमान डीपफेक के रूप में नजर आ रही है, इसके अलावा साइबर सिक्योरिटी, डाटा थेफ्ट और सबसे बड़ी बात यह है कि आतंकवादियों के हाथ में एआई टूल्स आ जाने से बहुत बड़ा खतरा उत्पन्न हो जायेगा जिसका विश्व के सभी देशों को मंथन करना जरूरी हो गया है। इसलिए ही एआई पर वैश्विक साझेदारी करना, तकनीक का आदान-प्रदान, विचार विमर्श करना जरूरी हो गया है, इसलिए ही 29 देशों का एआई पर वैश्विक साझेदारी शिखर सम्मेलन 12-14 दिसंबर 2023 को भारत में शुरू हो गया है, जिसका उद्घाटन माननीय पीएम ने 12 दिसंबर 2023 को किया जिसका उद्देश्य एआई के निरंतर विकसित हो रहे क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिल सके क्योंकि एआई विकास और तबाही दोनों का टूल बन सकता है, इसलिए आज हम मीडिया व पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अहम रोल होगा। साथियों बात अगर हम दिनांक 12 दिसंबर 2023 को माननीय पीएम द्वारा एआई शिखर सम्मेलन के उद्घाटन की करें तो, आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया।

> **आज हम मीडिया व पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अहम रोल होगा।**

## टेक वर्ल्ड

### अब एंटरटेनमेंट होगा डबल

वनप्लस एक नया स्पीकर लेकर आ रहा है। वहीं वनप्लस ने बिना किसी डिटेल के सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग डिवाइस का एक टीजर शेयर किया है। साथ ही टीजर की टैगलाइन 'Wonder of music meets the power of tech' है। भारतीय बाजार में वनप्लस एक नया स्पीकर लेकर आ रहा है। वहीं वनप्लस ने बिना किसी डिटेल के सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग डिवाइस का एक टीजर शेयर किया है। साथ ही टीजर की टैगलाइन Wonder of music meets the power of tech'। ये स्पीकर एक पारदर्शी डिजाइन को सपोर्ट करता है, जो नया नहीं है। हालांकि लॉन्च होने से पहले ये वनप्लस के पोर्टफोलियो में इस तरह के डिजाइन के साथ आने वाला पहला डिवाइस हो सकता है। इसके अलावा डिवाइस स्पीकर सेगमेंट में भी एंट्र कर सकता है क्योंकि, वनप्लस अब तक वायरलेस ईयरबड्स के साथ-साथ ऑडियो कैटेगरी में ईयरफोन पर भी टिक हुआ है। ये देखते हुए कि वनप्लस ने बहुत कुछ शेयर नहीं किया है। नया डिवाइस एक स्मार्ट स्पीकर होगा, जिसके ड्राइवर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ एकीकृत हो सकता है। अभी तक, वनप्लस स्पीकर को केवल कमिंग सून के रूप में छोड़ा गया है। इसमें एक विशिष्ट टाइमलाइन का खुलासा नहीं किया गया है। इसके अलावा स्पीकर का डिजाइन एक दिलचस्प पहलू है। टीजर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वनप्लस इंडिया अकाउंट के माध्यम से पोस्ट किया गया है। ऐसा लगता है कि वनप्लस ने अपने नए स्पीकर के लिए पारदशी डिजाइन के साथ जाने का फैसला किया है। इसके अलावा स्पीकर का डिजाइन एक दिलचस्प पहलू है। **- कुसुम**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सर्दी-जुकाम और खांसी की छुट्टी कर देंगे ये अमेजिंग जूस

सर्दियों में सोच-समझकर जूस का सेवन करना चाहिए। क्योंकि बिना समझे जूस आदि पीने से सर्दी-जुकाम हो सकता है। इसलिए सर्दियों में ऐसे फूड्स का जूस पीना चाहिए। जिनकी तासीर गर्म होती है। सर्दियों में हम सभी को अपनी डाइट का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। क्योंकि हेल्दी और प्रॉपर डाइट लेने से न सिर्फ हमारा शरीर वार्म रहता है। बल्कि शरीर की इम्यूनिटी भी बढ़ती है। ऐसे में कई लोग सर्दियों में जूस का सेवन भी करते हैं। लेकिन सर्दियों में सोच-समझकर जूस का सेवन करना चाहिए। क्योंकि बिना समझे जूस आदि पीने से सर्दी-जुकाम हो सकता है।

इसलिए सर्दियों में ऐसे फूड्स का जूस पीना चाहिए। जिनकी तासीर गर्म होती है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे जूस के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पीने से आप हेल्दी और फिट रहेंगे।

## गाजर-अदरक जूस

गाजर और अदरक जूस में विटामिन ए और विटामिन सी पाया जाता है। जो हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करने का काम करता है। यह जूस हमारी त्वचा को जवां और ग्लोइंग बनाता है। यह जूस शरीर में कोलेजन बढ़ाने के साथ ही त्वचा की इलास्टिसिटी को इम्प्रूव करता है। एक रिसर्च के मुताबिक अदरक के जूस में जिंजरोल पाया जाता है। जो कैंसर कोशिकाओं के विनाश को बढ़ावा देता है।

## चुकंदर जूस

चुकंदर हमारे शरीर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में आप सर्दियों में चुकंदर के जूस का सेवन कर सकते हैं। सर्दियों में चुकंदर के साथ अदरक डालकर इसका सेवन करने से शरीर को एंटीइंफ्लामेटरी, नाइट्रेट, एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन व मिनरल्स मिलेगा। अगर आप रोजाना 500 मिलीलीटर बीटरूट जूस पीते हैं। तो इससे 15 फीसदी तक शरीर की थकावट कम हो सकती है।



## क्रैनबेरी जूस

क्रैनबेरी जूस में एंटीऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। जो हमारी डायजेशन सिस्टम को ठीक करने के साथ इम्यूनिटी भी बढ़ाता है। क्रैनबेरी जूस में विटामिन सी और ई भरपूर मात्रा पायी जाती है। इस जूस का सेवन करने से हमारे शरीर से टॉक्सिन पदार्थ निकल जाता है। साथ ही यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन में भी राहत देने का काम करता है। आप संतरा, मौसंबी और अंगूर को मिलाकर क्रैनबेरी जूस बना सकते हैं।

## सिट्रस फ्रूट जूस

सिट्रस फ्रूट जूस विटामिन सी से भरपूर होता है। यह इम्यूनिटी को स्ट्रांग करने के साथ ही इंफेक्शन और कोल्ड फ्लू से बचाता है। सिट्र्स फ्रूट जूस फ्लेवोनोइड्स दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। साथ ही विटामिन सी के होने से यह त्वचा को ग्लोइंग बनाता है।

## कीवी जूस

कीवी में कैरोटेनोइड्स, पॉलीपेनोल्स और डाइटरी फाइबर पाया जाता है। इसमें मौजूद तत्व कोल्ड और फ्लू से बचाने का काम करते हैं। साथ ही यह जूस झुर्रियों को कम करता है। जिससे हमारी त्वचा यूथफुल दिखती है।

❖ अनन्या मिश्रा

# दांत निकलने पर चिड़चिड़ा हो गया है बच्चा तो करें ये एक्सरसाइज

दांत निकलने पर बच्चे चिड़चिड़े हो जाते हैं, जिससे माता-पिता के लिए बच्चे को संभालना काफी ज्यादा मुश्किल हो जाता है। इसलिए हम आपको कुछ एक्सरसाइज के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे बच्चे की तकलीफ काफी हद तक कम हो सकती है। छोटे बच्चों के दांत निकलने पर उन्हें दर्द और असहजता महसूस होती है। ऐसे में कई बार वह लगातार रोते हैं और चिड़चिड़े हो जाते हैं। ऐसे में पेरेंट्स के लिए बच्चे को संभालना काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में अगर आपके बच्चे के भी दांत निकल रहे हैं और वह दर्द में हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ एक्सरसाइज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको करवाने से आप बच्चे की तकलीफ को काफी हद तक कम कर सकते हैं।



## ऐसे कराएं एक्सरसाइज

बता दें कि दांत निकलने पर बच्चों के मसूड़े फूल जाते हैं। ऐसे में बच्चे के फेस पर आंखों से लेकर कान की ओर स्ट्रोक चलाएं। साथ ही लोअर लिप से कान की ओर और अपर लिप से कानों की ओर ट्रोक चलाएं। फिर कानों से ठोड़ी की तरफ स्ट्रोक चलाएं। दिन में दो से तीन बार ऐसा करने से बच्चे को दर्द में आराम मिलेगा।

## इस समय निकलते हैं बच्चे के दांत

जब बच्चा तीन महीने का होता है तो उसके दांत निकलना शुरू हो जाते हैं। 4 से 7 महीने की उम्र में मसूड़ों के अंदर बच्चे का पहला दांत आना शुरू हो जाता है। सबसे पहले सामने वाले पोर्शन में बच्चे के दांत निकलते हैं। इसे सेंट्रल इंसिजर कहा जाता है। आमतौर पर सामने के ऊपरी दांत 4 से 8 सप्ताह के अंदर आते हैं। फिर करीब 1 महीने बाद नीचे के दांत आना शुरू हो जाते हैं।

## दांत निकलते पर दिखते हैं ऐसे लक्षण

जब बच्चे के मसूड़े में सूजन आने के साथ यह लाल होने लगते हैं। वहीं शिशु के शरीर का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से कम होता है। यह बच्चे के दांत निकलने के लक्षण होते हैं। दांत निकलने पर बच्चे के चेहरे पर रैशेज आ जाते हैं और शिशु अपने कानों पर बार-बार हाथ फेरने लगता है। वहीं दांतों के दर्द और असहजता को दूर करने के लिए बच्चे के हाथ में जो भी आता है, वह उसे अपने मुंह में डालता है। वहीं दर्द के कारण बच्चे को रात में सही से नींद भी नहीं आती है।

## बच्चे के दांत निकलने पर क्या करें

बच्चे के दांत निकलने पर मुंह से लार निकलने लगती है। इसको बार-बार साफ करते रहें। साथ ही साफ उंगली से बच्चे के मसूड़ों को धीरे-धीरे मसलें। वहीं बच्चे को चबाने के लिए भी कुछ दें। इसके अलावा फ्रिज में 30 मिनट के लिए एक गीला कपड़ा रख दें। फिर इस कपड़े को बच्चे के दांत पर मसलें। इससे बच्चे को दर्द में राहत मिलेगी।

## डॉक्टर को दिखाएं

इसके अलावा दांत निकलने पर बच्चे को समय-समय पर पीडियाट्रिशयन और डेंटिस्ट के पास चेकअप के लिए जाएं। इससे आप भी निश्चिंत रहेंगे। साथ ही डेंटिस्ट को दिखाने से बच्चे को भी आराम मिलेगा।

# आपके मूड को अच्छा बनाते हैं ये फल

सर्दियों में संतरे खाने से आपका मूड भी काफी अच्छा होता है। इसमें विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर पाया जाता है। विटामिन सी सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के उत्पादन के लिए आवश्यक है। जिससे आपका मूड अच्छा होता है।

जब भी हमारा मन उदास होता है या फिर मूड खराब होता है तो अक्सर हम सभी अनहेल्दी फूड्स जैसे फ्राइड या फिर शुगरी फूड्स खाना शुरू कर देते हैं। इससे मूड भले ही अच्छा हो जाए, लेकिन सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इसलिए, हमेशा यह सलाह दी जाती है कि आप हेल्दी ऑप्शन चुनें। इसके लिए आप फलों का सेवन कर सकते हैं। जी हां, ऐसे कई फल होते हैं, जिन्हें अपनी मूड बूस्टिंग प्रॉपर्टीज के लिए जाना जाता है। इतना ही नहीं, इसमें मौजूद विटामिन, मिनरल्स व एंटी-ऑक्सीडेंट्स के कारण सेहत पर भी अच्छा असर पड़ता है।



**केले :** केले आपके मूड को अच्छा बनाने के लिए जाने जाते हैं। दरअसल, केले में ट्रिप्टोफैन होता है, जिसे शरीर सेरोटोनिन में परिवर्तित करता है, एक न्यूरोट्रांसमीटर जो आपके मूड को अच्छा बनाता है। इतना ही नहीं, इसमें पोटेशियम, विटामिन बी6 और काबोर्हाइड्रेट आदि भी पाया जाता है।

**बेरीज :** बेरीज जैसे ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी, रास्पबेरी आदि में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी और विटामिन के आदि पाया जाता है। ये एंटी-ऑक्सीडेंट ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से निपटने में मदद करता है। यही कारण है कि जब बेरीज का सेवन किया जाता है तो इससे आपको अच्छा लगता है।

**चेरी :** चेरी एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन सी और पोटेशियम से भरपूर होता है। इतना ही नहीं, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और यह आपको अच्छी नींद दिलाने में मदद करता है, जिससे मूड पर अच्छा असर पड़ता है।

**संतरे :** सर्दियों में संतरे खाने से आपका मूड भी काफी अच्छा होता है। इसमें विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर पाया जाता है। विटामिन सी सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के उत्पादन के लिए आवश्यक है। जिससे आपका मूड अच्छा होता है। इतना ही नहीं, संतरे की रिफ्रेशिंग खुशबू से अरोमाथेराप्यूटिक प्रभाव भी होता है।

**अनानास :** अनानास का सेवन करने से भी आपका मूड अच्छा हो सकता है। इसमें विटामिन सी, मैंगनीज और ब्रोमेलैन पाया जाता है। ब्रोमेलैन आपके मूड को बेहतर बनाने में मदद करता है। साथ ही साथ, इसका टेस्ट भी काफी अच्छा लगता है।

❖ मिताली जैन

# एनीमिया होने पर दिखाई देते हैं ऐसे लक्षण




महिलाओं में एनीमिया की समस्या ज्यादा देखी जाती है। खासकर गर्भावस्था में महिलाओं के शरीर में खून की कमी हो जाती है। ऐसे में इन चीजों का सेवन करने से शरीर में खून बढ़ता है। बता दें कि हीमोग्लोबिन या ब्लड टेस्ट के जरिए एनीमिया की जांच की जाती है। रक्त संबंधित रोग को एनीमिया कहा जाता है। इस बीमारी के चलते व्यक्ति के शरीर में खून की कमी होने लगती है। वहीं हीमोग्लोबिन एक तरह का प्रोटीन है। बता दें कि फोलिक एसिड, आयरन और विटामिन की कमी से एनीमिया हो जाता है। पुरुष और महिला दोनों में यह बीमारी हो सकती है। लेकिन ज्यादातर महिलाओं में यह समस्या देखी जाती है। खासकर गर्भावस्था में महिलाओं के शरीर में खून की कमी हो जाती है। जिसके कारण प्रेग्नेंसी में महिलाओं को कमजोरी, थकान, सिर दर्द, चिड़चिड़ापन और चक्कर आदि आने लगते हैं। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि एनीमिया से पीड़ित महिलाओं को किन फूड्स का सेवन करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

## एनीमिया के लक्षण

एनीमिया के लक्षणों के दिखते ही सबसे पहले टेस्ट करवाएं। इससे पुष्टि हो जाएगी। वहीं प्रग्नेंसी के दौरान महिलाओं को एनीमिया की समस्या होती है। लेकिन कई बार महिलाएं इसे नजरअंदाज कर देती हैं। जिसका असर गर्भ में पलने वाले बच्चे पर पड़ता है। कई मामलों में स्थिति इतनी अधिक गंभीर हो जाती है कि बच्चे की जान बचाना मुश्किल हो जाता रहै। ऐसे में अगर आपके परिवार में किसी की एनीमिया की मेडिकल हिस्ट्री है। तो डॉक्टर को इसके बारे में जरूर बनाएं। हीमोग्लोबिन या ब्लड टेस्ट के जरिए एनीमिया की जांच की जाती है।

## आयरन रिच फूड्स

एनीमिया के लक्षण नजर आने पर आयरन रिच फूड्स का सेवन करना चाहिए। बता दें कि पालक, काली मसूर दाल, लाल मसूर दाल और चना दाल में आयरन की अच्छी मात्रा पायी जाती है। वहीं दाल में आयरन और प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में इन चीजों का सेवन करने से शरीर में खून बढ़ता है। वहीं इसके अलावा आप अंजीर, किशमिश, अखरोट और काजू आदि ड्राई फ्रूट्स का भी सेवन कर सकते हैं। साथ ही अंडे का सेवन भी एनीमिया में फायदेमंद माना जाता है। कद्दू के बीज का सेवन एनीमिया में लाभकारी होता है।

## फोलिक एसिड

एनीमिया के मरीजों को हेल्थ एक्सपर्ट्स की सलाह पर फोलिक एसिड का सेवन भी करना चाहिए। ऐसे में फोलिक एसिड विटामिन बी का एक रूप है। फोलिक एसिड का सेवन ब्लड सेल्स के निर्माण के लिए फायेदमंद माना जाता है। वहीं प्रेग्नेंसी के दौरान भी महिलाओं को फोलिक एसिड का सेवन किए जाने की सलाह दी जाती है। क्योंकि यह गर्भ में पलने वाले बच्चे के विकास के लिए भी जरूरी माना जाता है। ऐसे में आप डॉक्टर की सलाह पर विटामिन-बी12 का सेवन कर सकती हैं।

## सूडोकु नवताल- 6913

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6912 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## दैनिक पंचांग

**14 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.47 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मकर | 08.53 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 10.39 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 12.12 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 13.42 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 15.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.21 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.34 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.50 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कन्या | 00.02 बजे से |
| | | तुला | 02.13 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.27 ब.से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 348 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 00.57 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** मूल 09.47 बजे को समाप्त। **योग** गण्ड 13.24 बजे को समाप्त। **करण** बालव 14.05 बजे तदनन्तर कौलव 00.57 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 1.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 11' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871827 **जूलियन दिन** 2460292.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 29 **विशेष** चन्द्रदर्शन।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7975



**बाएँ से दाएँ**

1. जंगल की आग-4
4. अयोग्य, नालायक-4
6. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
8. तैयार होना-3
9. जीभ, जिव्हा-3
11. पाश, फंदा, -2
13. नामकरण करना-2,3
15. मेरा(सं.-2)
16. खाद्य सामग्री-3
18. तहत-3
19. कक्ष, रूम-3
20. भरोसा, विश्वास-4
22. सचेत, होशियार-4

**ऊपर से नीचे**

1. दागी, धब्बेवाला-4
2. गीलापन, तर होना-2
3. दुनिया, जगत-3
4. अदा, हाव-भाव-5
5. भरा हुआ-4
7. टपकना, गिरना-3
10. नाम रखना-5
12. एकमत-4
14. भक्षक, विनाशकारी-3
17. खारा, क्षारीय-4
18. वन, जंगल-3
21. लाश, मुर्दा, मृतक-4

### शब्द पहेली -7974 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | दा | चा | र | | स | त | ल | ज |
| ल | | य | ती | म | खा | ना | | हा |
| प | र | | | दा | | | चा | ल |
| ना | च | | क | री | ब | | ल | त |
| | ना | ब | ना | | ला | ल | च | |
| आ | का | | त | ह | त | | ल | क |
| गा | र | | | सी | | | न | या |
| ध | | न | वी | न | त | म | | म |
| ना | म | ध | र | | क | रा | मा | त |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**वृष राशि :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है।

**मिथुन राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कर्क राशि :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंह राशि :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या राशि :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें।

**तुला राशि :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक राशि :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**धनु राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मकर राशि :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुंभ राशि :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मीन राशि :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक बेहद गंभीर मामला

■ सुरक्षा में तैनात निहत्थे सुरक्षाकर्मियों की कमी भी नजर आई : अधीर रंजन ■ घटना पर सबको चिंता करनी चाहिए, वाद-विवाद नहीं करना चाहिए : स्पीकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सदन में बोलते हुए लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक को गंभीर विषय बताते हुए कहा है कि 13 दिसंबर को संसद पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर लोकसभा में यह हमला हुआ है, जो गंभीर चिंता का विषय है। चौधरी ने सदन में बोलते हुए कहा कि सुबह ही प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और हम सबने संसद पर हुए उस आतंकी हमले के दौरान शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि दी है। 2001 का वह आतंकी हमला आज के मामले से अलग था। लेकिन, आज की यह घटना बताती है कि जो सावधानी बरतनी चाहिए थी, वह सावधानी नहीं बरती गई। अधीर रंजन चौधरी ने आगे कहा कि आज हमारे सांसदों ने निडर होकर उनको दबोच लिया। लेकिन, आज पार्लियामेंट की सुरक्षा में तैनात निहत्थे सुरक्षाकर्मियों की कमी भी नजर आई आखिर ये कहां गए। टीएमसी नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने भी लोकसभा में इस घटना पर गंभीर चिंता जाहिर की। लोकसभा स्पीकर ने इस पर बोलते हुए सदन के अंदर कहा कि इस घटना पर सबको चिंता व्यक्त करनी चाहिए, वाद-विवाद नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओपन हाउस में इन सब मसलों पर चर्चा करना ठीक नहीं है। वह सभी दलों की आज बैठक बुलाएंगे, जिसमें सभी के सुझावों को माना जायेगा और उन पर अमल भी किया जाएगा। इसके साथ ही स्पीकर ने यह भी जोड़ा कि सांसदों के कहने पर (उनके द्वारा पास बनवाने) ही लोग दर्शक दीर्घा में आते हैं और हम सभी को यह देखना होगा कि पास बनाते समय हमें क्या-क्या सावधानी बरतनी होगी क्योंकि यह हम सब की चिंता का विषय है। इसके बाद बिरला ने यह भी कहा कि हम सब लोग देश और राष्ट्र की सेवा करने के लिए आए हैं और कितनी भी विपरीत परिस्थिति हो यह सदन चले, यह हम सब की जिम्मेदारी है। उस घटना (2001 आतंकी हमला) के बाद भी सदन चला था और आज भी सदन चलेगा, कोई भी सदनों को रोक नहीं सकता है और इसके बाद सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलने लगी।

इससे पहले, दोपहर 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर स्पीकर ओम बिरला ने बुधवार को सदन की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में सदन को जानकारी देते हुए बताया है कि दोनों लोगों (सदन में कूदने वाले युवकों) को पकड़ लिया गया है और उनके पास मौजूद सामग्रियों को भी जब्त कर लिया है। बिरला ने यह भी बताया कि संसद भवन के बाहर से भी दो लोगों को पकड़ा गया है।

## नहीं बरती सावधानी




### घटना की लोकसभा अपने स्तर पर संपूर्ण जांच कर रही

लोक सभा स्पीकर बिरला ने बताया, जो घटना शून्य काल के समय घटित हुई थी, उस घटना की लोकसभा अपने स्तर पर संपूर्ण जांच कर रही है और इस संबंध में दिल्ली पुलिस को भी आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। लेकिन, जो हम सबकी चिंता थी कि वह धुआं क्या था? तो, अभी तक प्रारंभिक जांच में वह सामने आया है कि वह धुआं साधारण और सनसनी फैलाने वाला धुआं था, इसलिए यह धुआं चिंता का विषय नहीं है, इसकी प्रारंभिक जांच कर ली गई है। सदन में विपक्षी सांसदों द्वारा चर्चा की मांग पर बिरला ने कहा कि घटना की प्रारंभिक जांच अभी जारी है और अंतिम जांच में तथ्यों को सामने आने के बाद वह सदन को तथ्यों से अवगत कराएंगे। दरअसल, बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल की कार्यवाही के दौरान अचानक सदन में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अचानक दर्शक दीर्घा से 2 युवक सदन में कूद पड़े और इनमें से एक युवक ने सीटों पर कूदते हुए आगे की तरफ बढ़ना शुरू कर दिया। उस समय सदन में मौजूद सांसदों ने दोनों को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने जूते से कुछ निकालने का प्रयास किया। कई सांसदों ने यह भी बताया कि उस समय सदन के अंदर पीला सा धुंआ भी नजर आया। सांसदों ने दोनों को पकड़ कर सुरक्षाकर्मियों के हवाले किया। सदन की कार्यवाही का संचालन कर रहे पीठासीन सभापति राजेन्द्र अग्रवाल ने लोकसभा की कार्यवाही को तुरंत रोककर सदन को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। लोकसभा की सुरक्षा में चूक की यह बड़ी घटना उसी दिन हुई है जब देश भारत के लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर संसद भवन पर 13 दिसंबर, 2001 को हुए आतंकी हमले की 22 वीं बरसी पर इस भयावह हमले के दौरान शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को याद कर रहा है।

### आतंकवाद के खिलाफ देश दृढ़ता से एकजुट : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष और रास में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। खड़गे ने संसद भवन परिसर में 2001 में हुए हमले के जांबाज वीरों की शहादत पर उन्हें बुधवार को श्रद्धांजलि देने के बाद एक्स पर लिखा -हम उनके अदम्य साहस को नमन करते हैं और सदैव उनके ऋणी रहेंगे। हमारी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। भारत, आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से एकजुट है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे व पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संसद पर आतंकी हमले के बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि




उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में बुधवार को संसद पर 13 दिसंबर 2001 को हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों, संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्यों, बलिदानियों के परिवार के सदस्य तथा अन्य विशिष्टजनों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने भी बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्ष 2001 में इसी दिन राज्यसभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक जगदीश प्रसाद यादव और मातबर सिंह नेगी, कमलेश कुमारी, दिल्ली पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक नानक चंद और रामपाल, दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, विजेंद्र सिंह और घनश्याम तथा केंद्रीय लोकनिर्माण विभाग में माली देशराज ने आतंकी हमले से संसद की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया था। जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी और कमलेश कुमारी के निःस्वार्थ बलिदान के सम्मान में उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से अलंकृत किया गया था। नानक चंद, रामपाल, ओम प्रकाश, विजेंद्र सिंह और घनश्याम को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से अलंकृत किया गया था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पोस्ट में लिखा कि 22 साल पहले आज ही के दिन देश के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व को मिटाने और हमारे लोकतंत्र के मंदिर को नुकसान पहुंचाने की आतंकियों की नापाक योजना को बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने नाकाम कर दिया था। नौ लोगों ने मातृभूमि के लिए इस दौरान अपनी जान कुर्बान कर दी। राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। आज मानवता के समक्ष बने सबसे बड़े खतरे आतंकवाद को उसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में खत्म करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराते हैं।

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने एक्स पोस्ट में लिखा कि इस अवसर पर वे 2001 में हमारी संसद पर हमले के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले साहसी सुरक्षाकर्मियों को याद करते हैं। भारत उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव उनका ऋणी रहेगा। आतंकवाद दुनिया भर में मानवता के लिए खतरा बना हुआ है।

## एक नजर

### महादेव सट्टेबाजी मामला में रवि उप्पल को दुबई से गिरफ्तार किया गया

**नई दिल्ली।** महादेव ऑनलाइन बुक्स सट्टेबाजी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बड़े घटनाक्रम में, ऐप के मालिकों में से एक, रवि उप्पल को संयुक्त अरब अमीरात में दुबई पुलिस ने हिरासत में लिया है। सूत्रों से ये जानकारी मिली है। सूत्रों ने कहा कि उप्पल को भारतीय वित्तीय जांच एजेंसी, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर इंटरपोल द्वारा जारी रेड नोटिस के आधार पर हिरासत में लिया गया।

### मुख्तार अंसारी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को बांदा जेल में बंद गैंगस्टर से राजनेता बने पांच बार के विधायक मुख्तार अंसारीको गैर भाजपा शासित किसी राज्य में स्थानांतरित करने की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इस मामले में विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने हालांकि, अंसारी के बेटे उमर को रिट याचिका में अपनी गुहार में संशोधन करने की अनुमति दी और कहा कि वह शुक्रवार को संशोधित याचिका पर विचार करेगी।

### कर्नाटक में दंपति संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिले

**उडुपी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के उडुपी जिले में एक समाज-सेवी व्यक्ति और उनकी पत्नी अपने आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मृतकों की पहचान 68 वर्षीय लीलाधर शेट्टी और 58 वर्षीय वसुंधरा शेट्टी के रूप में की गई है। दंपति के शव कापू कस्बे में उनके आवास पर लटके हुए पाए गए। लीलाधर शेट्टी एक प्रसिद्ध कलाकार थे और उन्होंने रंगतरंगा थिएटर समूह की स्थापना की थी।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर इमरान खान ने दी प्रतिक्रिया, बोले-

## कश्मीर मुद्दा अब और जटिल

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के भारत सरकार के फैसले की वैधता को वहां के उच्चतम न्यायालय द्वारा बरकरार रखे जाने से कश्मीर मुद्दा और जटिल हो जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले को सोमवार को सर्वसम्मति से बरकरार रखा। पीटीआई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि खान ने एक संदेश में कहा कि भारतीय शीर्ष अदालत का फैसला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का सरासर उल्लंघन है।

## अनुच्छेद 370 रद करने के मामले में ओआईसी के ब्यान की आलोचना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट द्वारा उचित ठहराने के फैसले पर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की चिंता को भारतीय विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। ओआईसी के जनरल सचिवालय ने ब्यान जारी कर कहा था कि आत्मनिर्णय के अधिकार की तलाश में जम्मू और कश्मीर के लोगों के साथ वह अपनी एकजुटता की पुष्टि करता है। ओआईसी संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में जम्मू और कश्मीर के मुद्दे को हल करने के लिए अपने प्रयासों को बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपना आह्वान दोहराता है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़े शब्दों में इसपर टिप्पणी करते हुए इस्लामिक सहयोग संगठन की आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि ओआईसी ने सीमा पार आतंकवाद के बेपरवाह प्रवर्तक के इशारे पर बयान जारी किया।


## एनआईए, आईटी ने बेंगलुरु में 26 स्थानों पर छापे मारे

**बेंगलुरु।** एनआईए और आयकर विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को बेंगलुरु में 26 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। राज्य की राजधानी में 9 दिसंबर को छापेमारी में आईएस कनेक्शन वाले संदिग्ध आतंकवादी अली अब्बास की गिरफ्तारी के बाद एनआईए के अधिकारियों ने बेंगलुरु में तलाशी अभियान चलाया और 12 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने अली अब्बास से जानकारी खंगालने के बाद ठिकानों पर छापेमारी की है। संदिग्ध आतंकी अली अब्बास एक उर्दू स्कूल चलाता था और अधिकारियों ने उसके आवास से 16.42 लाख रुपये जब्त किए थे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में युद्ध विराम प्रस्ताव पारित

## भारत समेत 153 देशों ने पक्ष में किया मतदान

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**



यूएनजीए की आपात बैठक में गाजा में तत्काल युद्ध विराम प्रस्ताव पारित हो गया। भारत समेत 153 देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया। 10 सदस्यों ने इसका विरोध किया। 23 सदस्य इस प्रक्रिया से अनुपस्थित रहे। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा ने अपने एक्स हैंडल और वेबसाइट पर साझा की है। संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा के अनुसार, इसमें तत्काल मानवीय युद्ध विराम, सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग की गई। प्रस्ताव में महासभा की मांग को भी दोहराया गया कि सभी पक्ष अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करें। इसमें अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून भी शामिल है। यह कानून विशेष रूप से नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में है। प्रस्ताव से पहले फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास का विशिष्ट संदर्भ देने वाले दो संशोधनों के पक्ष में सदस्य देशों ने मतदान किया।

यूएनजीए चीफ फ्रांसिस ने कहा कि गाजा में नागरिकों पर हमले हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय और मानवीय कानूनों का गंभीर उल्लंघन हुआ है। फ्रांसिस ने गाजा में तत्काल युद्ध विराम के लिए समर्थन जताया है। संघर्ष विराम का प्रस्ताव मिस्र के राजदूत अब्देल खालेक महमूद ने पेश किया। युद्ध विराम प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने वाले देशों में अमेरिका, ऑस्ट्रिया, चेक रिपब्लिक, ग्वाटेमाला, इस्राइल, लाइबेरिया, माइक्रोनेशिया, नाउरू, पापुआ न्यू गिनी और परागुआ शामिल हैं।

नक्सली हमला

## आईईडी ब्लास्ट में सीएएफ जवान शहीद एक घायल

**नारायणपुर।** जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमदाई खदान के पास बुधवार सुबह 11 बजे नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में नक्सली भाग खड़े हुए। नक्सलियों के आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से सीएएफ के 9वीं वाहिनी के जवान आरक्षक कमलेश कुमार शहीद हो गए। वहीं, एक जवान आरक्षक विनय कुमार को मामूली चोट आई है, जिनका प्राथमिक उपचार चल रहा है।

## एआई के क्षेत्र में प्रतिभा की कमी को पाटने की गंभीर जरूरत : आईटी राज्य मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने बुधवार को यहां कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित नौकरियों के लिए प्रतिभा की भविष्य की पाइपलाइन को आकार देने के लिए टेक उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों को वैश्विक स्तर पर सरकारों के साथ मिलकर काम करने की गंभीर आवश्यकता है। मंत्री ने राजधानी में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन एक फायरसाइड चैट सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा का पोषण करना एक ऐसी चीज है जिसमें सरकारें मदद कर सकती हैं लेकिन निश्चित रूप से इसमें मुख्य भूमिका नहीं निभा सकती हैं। भविष्य की नौकरियों के लिए उद्योग और शिक्षाविदों को मिलकर काम करना होगा। चंद्रशेखर ने सभा को बताया, यह स्पष्ट है कि एआई के क्षेत्र में प्रतिभा की भारी कमी होने वाली है। हमारे शैक्षणिक संस्थानों, चाहे वह यूके, जापान या भारत में हों, को वास्तव में इसे समझने और इस एआई पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक प्रतिभा प्रदान करना शुरू करने की तत्काल आवश्यकता है।

## 24 घंटे में बाबा विश्वनाथ की होती है पांच आरती

**एजेंसी। वाराणसी**



बाबा काशी विश्वनाथ को भोर में मंगला आरती के पहले रात लगभग 3 बजे से जागने का मनुहार करते-करते पुजारी गण थक जाते हैं, तो गाते हैं - जगाय हारी भोले बाबा ना जागे, गंगा जगावें, यमुना जगावें, त्रिवेणी जगावें लहर मारी, भोले बाबा ना जागे जगाय हारी... । इस मधुर तान पर विश्व के नाथ बाबा विश्वनाथ जब गहरी नींद से उठते हैं, तो सबसे पहला भोग दूध का लगाया जाता है। मंगला आरती के साथ काशी के दिन की शुरूआत होती है। इसके साथ ही शिव की नगरी उनके रंग में रंग जाती है। मंगला आरती से शुरू हुआ सिलसिला रात 10 बजे शयन आरती पर विश्राम लेता है। और भोर में एक घंटे की मंगला आरती से काशी की सुबह शुरू हो जाती है। रात में 2.45 बजे से मंगला आरती के अनुष्ठान शुरू होते हैं, जो तीन से चार बजे तक चलते हैं। मंगला आरती के लिए श्रद्धालु दो बजे से ही मंदिर में प्रवेश करने लगते हैं। आरती के लिए पांच सौ रुपये शुल्क लगता है। आरती से पहले गर्भगृह से रात के श्रृंगार को हटाया जाता है। उसके बाद उनके खड़ाऊं, पलंग, दूध के पात्र हटाए जाते हैं। बाबा जब नींद से जागते हैं तो सबसे पहले उन्हें दूध का भोग लगाया जाता है। इसके बाद उन्हें जल, दूध, घी, दही, शहद और पंचामृत से स्नान कराया जाता है। षोडशोपचार विधि से पूजन के बाद फूलों से श्रृंगार कर बाबा को भस्म अर्पित कर आरती उतारी जाती है। आरती के बाद मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाते हैं। मंगला आरती में बाबा विश्वनाथ से पूरे ब्रह्मांड के कल्याण और मंगल की प्रार्थना की जाती है। बाबा का ये स्वरूप मंगलकारी होता है। मंगला आरती के बाद बाबा पुनः औघड़दानी बनकर महाश्मशान चले जाते हैं। मंगला आरती के बाद बाबा की मध्याह्न भोग आरती दिन में 11:15 बजे से आरंभ होती है। इस आरती के दौरान बाबा विश्वनाथ को पंचामृत से स्नान कराया जाता है, ताकि सृष्टि अन्न, धन और परोपकार से फलती-फूलती रहे। इसके बाद भव्य श्रृंगार होता है। उन्हें फल, फूल, मेवा, दही, मिष्ठान, दूध और भांग का भोग लगाया जाता है।

फैसला | 7 न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मत निर्णय में मुख्य न्यायाधीश कहा

## 'बिना मुहर लगे मध्यस्थता समझौते भी कानूनन वैध'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपने पहले के फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि यदि अंतर्निहित अनुबंध पर संबंधित स्टांप अधिनियम के अनुसार मुहर नहीं लगाई गई है तो मध्यस्थता समझौता शुरू से ही अमान्य या शून्य होगा। बुधवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मत निर्णय में कहा कि गैर-स्टांपिंग या अपर्याप्त स्टांप किसी समझौते को शून्य नहीं बनाता है, बल्कि इसे साक्ष्य में अस्वीकार्य बनाता है। संविधान पीठ ने माना कि किसी समझौते पर स्टांप न लगाना या अपर्याप्त स्टांप भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 के तहत एक ठीक किये जाने योग्य दोष है। इसमें कहा गया है कि प्री-रेफरल चरण में मध्यस्थता समझौते पर मोहर लगाने के मुद्दे को निर्धारित करने के लिए अदालतों को बाध्य करना मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के उद्देश्यों को विफल कर देगा। अपनी अलग सहमति वाली राय में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि मध्यस्थता समझौते पर अपर्याप्त या मुहर न लगने से यह अमान्य नहीं हो जाएगा। इस साल सितंबर में, सुप्रीम कोर्ट एनएन ग्लोबल मर्केंटाइल प्राइवेट लिमिटेड बनाम इंडो यूनिक फ्लेम लिमिटेड और अन्य के मामले में दिए गए फैसले के व्यापक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे को सात-न्यायाधीशों की पीठ के पास भेजने पर सहमत हुआ था। उस मामले में, इस साल अप्रैल में पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 3:2 के अनुपात से यह व्यवस्था दी थी कि गैर-मुद्रांकित या अपर्याप्त-मुद्रांकित मध्यस्थता समझौते कानून की नजर में लागू करने योग्य नहीं हैं। दूसरी ओर, दो न्यायाधीशों ने अपने अलग-अलग अल्पमत निर्णयों में राय दी थी कि स्टाम्प की कमी को ठीक किया जा सकता है और बिना स्टाम्प वाले मध्यस्थता समझौते प्री-रेफरल चरण में मान्य हैं।

## एक नजर

### रेडियो खाँची के स्टुडियो का गोस्नर कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

रांची। रांची विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, रेडियो खाँची 90.4 एफएम के स्टुडियो में गोस्नर कॉलेज के मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म सेमेस्टर वन के 25 छात्रों ने रेडियो स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों ने रेडियो में चल रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त किया। छात्रों ने कार्यक्रम को तैयार करने और उसके प्रसारण से संबंधित कई सवाल किये। रेडियो खाँची के डायरेक्टर डॉ बी.पी. सिन्हा ने छात्रों को पूरी जानकारी देकर संतुष्ट किया। रेडियो में अपनी रूचि जताते हुए छात्रों ने पूछा कि आरजे बनने के लिए किन खास बातों पर ध्यान रखना चाहिए। इस संबंध में भी छात्रों को विस्तार से जानकारी दी गयी।

### शैक्षणिक भ्रमण पर गंगटोक व दार्जिलिंग गये प्रशिक्षु शिक्षक

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के डीएलएड के प्रशिक्षु शिक्षक बुधवार से सात दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। शैक्षिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु शिक्षकों का दल सिक्किम राज्य के गंगटोक के अलावे दार्जिलिंग के विभिन्न स्थलों का अवलोकन करेंगे। मौके पर महाविद्यालय की संस्थान की डायरेक्टर डॉ. रश्मि सहित सभी शिक्षकों ने शैक्षणिक भ्रमण में रवाना हुए प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दी।

### काली मंदिर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा पुतला दहन

रांची। काली मंदिर बचाओ संघर्ष समिति कांके रोड के बैनर तले विगत तीन दिनों से आंदोलन जारी है कल सामूहिक रूप से यज्ञ हवन का कार्यक्रम किया गया शाम को पुतला दहन हुआ। आज सुबह से भारी संख्या में मां काली के भक्त महिला पुरुष धरना स्थल पर उपस्थित हुए रॉक गार्डन प्रबंधन और आरआरडीए रांची को सद्बुद्धि मिले इसके लिए सामूहिक रूप से 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

## डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान रांची की म्यूजियम में

# झारखंड के 32 जनजातीय समुदायों की मिलती है महत्वपूर्ण जानकारियां

रवि चंद कपूर

डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान झारखंड के 32 जनजातीय समुदायों के बारे राज्य और देश के लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी देने वाला संस्थान है। राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित म्यूजियम में झारखंड राज्य के 32 जनजातीय समुदाय के बारे में सभी जानकारियां विस्तार से दी गयी है। एक बार इस म्यूजिम का भ्रमण करने पर यहॉ आने वाले पर्यटकों और दर्शकों को झारखंड के अलग अलग क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी समुदाय की जातियों, उनका इतिहास, पेशा और ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजों के खिलाफ किये गये उनके संघर्षो की पूरी जानकारी मिल जाती है। म्यूजियम में बहुत ही आकर्षक तरीके से झारखंड के सभी 32 जनजातियों की झांकी प्रस्तुत की गयी है। इस मनमोहन झांकी को देखते ही दर्शक को एक बार में ही उनके बारे में सभी जानकारियां मिल जाती है। म्यूजियम में राज्य में जितने भी जनजातीय समुदाय है, वे किस जिला और क्षेत्र में निवास करते है, उनकी जनसंख्या कितनी है और किस जाति का क्या पेशा है। इसके अलावा डिस्पेल बोर्ड में जनजातीय समुदाय के इतिहास, मध्यकाल में उनक जीवन और जीवन स्तर और स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी है। कहा जाय तो इस म्यूजियम में एक बार भ्रमण करने से ही राज्य के आदिवासी समुदाय के बारे में संपूर्ण जानकारी मिल जाती है।



### जनजातीय समुदाय की प्रतिभा को दर्शाने का प्रयास

डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान के निदेशक रणेंद्र कुमार ने बताया कि हमारा प्रयास है कि इस संस्थान के माध्यम से राज्य के 32 जनजातीय समुदाय के बारे में आम लोगों को जनकारी उपलब्ध कराया जाय। इसके साथ ही आदिवासी की कला, संस्कृति, परंपरा और लोक कलाकृति को देश के समक्ष लाया जाय। उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से समय समय पर देश और राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर यहॉ के जनजातीय समुदाय को आम लोगों के समक्ष दर्शाया जाता है।

### छात्राओं ने कहा बहुत खूब

म्यूजियम में धूमने आयी बीए की छात्रा सुनीता ने बताया कि यहॉ भ्रमण करने के बाद आदिवासी समुदाय के बारे में बहुत सी जानकारियां मुझे मिली, जो पहले नहीं थी। यहां आने के बाद आदिवासियों की संस्कृति, परंपरा, रहने-सहन आदि की जानकारी मिली। मैं अपने सहेलियों को बताउंगी और उन्हें भी यहॉ लेकर आउंगी ताकि उनको भी नई नई जानकारियां मिले। बीए की छात्रा अनुष्का ने भ्रमण के बाद बताया कि यहॉ बहुत ही मनमोहक और आकर्षक झांकियां देखने का मिली। जो बिलकुल जीवंत लगते है। यहॉ आने के बाद आदिवासी समुदाय के बारे में जितनी जानकारी मुझे मिली वह पहले कभी नहीं थी।

### 14 से शुरू होगी सेंट्रल रीजन चार्टर्ड एकाउंटेंट्स क्रिकेट की खिताबी जंग




**रांची।** कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सी सी एल के चीफ फाइनेंसियल अफसर सी ए सुनील मेहता एवं डायरेक्टर पर्सोनल विनय रंजन उपस्थित होंगे। 15 दिसंबर को ट्रॉफी अनावरण मुख्य अतिथि झारखण्ड के पर्यटन मंत्री हाफिजूल हसन अंसारी जी के द्वारा किया जायेगा। समापन समारोह में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के डी जी एम् देवेश मित्तल उपस्थित रहेंगे जो की 17 दिसंबर को टोरियन स्कूल के मैदान में होगा। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक कोल इंडिया, है तथा सहायक प्रायोजकों में झारखण्ड टूरिज्म, रेडिशन ब्लू, लिम्का स्पोर्टज, वाओ डिटेलिंग, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, औरोरविस्ता टेक्नोलॉजीज, अग्रवाल स्टुडिओज, मोंगिया स्टील्स, हेल्थ पॉइंट, नास्ता, मारिनो, झारक्राफ्ट, वोर्क्सिस्ट एवं प्रिंट इंडिया है। उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम निदेशक एवं रीजनल कौंसिल मेंबर सी ए मनीषा बियानी जी ने दी। उन्होंने बताया कि आये हुए खिलाडियों के लिए प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### सिंगर कुमार सानू का लाइव कॉन्सर्ट 21 जनवरी को

रांची। आगामी 21 जनवरी को बॉलीवुड के मशहूर सिंगर कुमार सानू नए साल के उपलक्ष में रांची आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में कुमार सानू अपने संगीत का जादू बिखेरेंगे। आयोजक झारखण्ड के अग्रिणी संस्था फास्ट कलाकार के डायरेक्टर परम शाह, सह डायरेक्टर अविनाश कुमार और रमीज बारी ने बताया कि राँची में कुमार सानू का पहला लाइव कॉन्सर्ट है, जिसमें तकरीबन 9000 से 12000 लोगों की शामिल होने का अनुमान है। फास्ट कलाकार ने बताया कि तयारी जोरो शोरो से चल रही है और इसमें सेक्युरिटी का पुख्ता इंतजाम किया गया है। जिसमे 300 बाउंसर, 300 सेक्युरिटी और 300 वॉलेंटियर्स दशकों की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे।

### लिंग समानता पर जी एंड एच हाई स्कूल में नारा लेखन और आशु कविता के विजेता पुरस्कृत

**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची ने अध्यक्ष माला श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में रांची के जी एंड एच हाई स्कूल में एक स्लोगन राइटिंग और एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता (विषयः लिंग समानता) का आयोजन किया। उपाध्यक्ष सुप्रिता लाल, सीजीआर नीता नारायण, चार्टर अध्यक्ष दीपा चौहान और कार्यकारी सदस्य निशि श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इनर व्हील लोगो वाली ट्रॉफियां और योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

## क्रिसमस मिलन समारोह सह मेला 19 से लोयला मैदान में




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। खीस्तीय समुदाय एवम अन्य सभी लोगों के लिए इस वर्ष डा फा कामिल बुल्के स्थित लोयला प्रशिक्षण संस्थान के मैदान में दिनांक 19.12.2023 से 22.12.2023 रोजाना दोपहर 12 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक क्रिसमस मिलन समारोह सह मेला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन रांची पल्ली काथलिक सभा के उप समिति रांची पल्ली खेल समिति के द्वारा किया जा रहा है। विदित हो कि इस क्रिसमस मिलन समारोह और मेले में क्रिसमस कैरोल, बैंड परफॉर्मेंस, चिल्ड्रेन फन जोन, खाने पीने और अन्य वस्तुओं के त्योहारी क्रय विक्रय इत्यादि के व्यवसाय हेतु स्टॉल लगाने की भी व्यवस्था है । स्टॉल के आबंटन में पहले आवेदन के क्रम में प्रथमिकता भी दी जा रही है। अब तक 47 स्टॉल बुकिंग हो चुका है।

### वज्रपात से मृत तीन लोगों के परिजनों को मिलेंगे चार-चार लाख रुपये

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत तीन व्यक्तियों के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि के रूप में चार लाख रुपए भुगतान की स्वीकृति दी है। वज्रपात से चान्हो प्रखंड के दो और ईटकी प्रखंड के एक मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी गयी है।

### बेथेसदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**रांची।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बेथेसदा टीचर ट्रेनिंग बीएड कॉलेज, आर्मी पब्लिक स्कूल और गवर्नमेंट गर्ल्स+2 हाई स्कूल में किया गया। जहॉ छात्र छात्राओं ने लोकतंत्र में मतदान के मौलिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जाना। निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की भागदारी के बारे में समझा। तीनों शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की रूचि बनाए रखने के लिए क्विज एवं कहानी सुनाने (स्टोरी टेलिंग) प्रतियोगिता हुआ। छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया एवं मतदान से जुड़ी बहुमूल्य जानकारी हासिल की। आर्मी पब्लिक स्कूल की वाईस प्रिंसिपल कविता वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तरा रॉय एवं गवर्नमेंट गर्ल्स +2 हाई स्कूल की टीचर रीता कुमारी ने विद्यार्थियों को अपने नागरिक अधिकार का सही से इस्तेमाल करने एवं मतदाता के रूप में कर्त्तव्यों का पालन करने का अनुरोध किया।

### दस राईस मिल का चयन, धान अधिप्राप्ति केंद्रों से टैंगिग का प्रस्ताव मंजूर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला अनुश्रवण समिति द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में राईस मिलों का चयन एवं अधिप्राप्ति केन्द्रों से टैंगिग के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। अनुशंसा के लिए नोडल एजेंसी झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड, रांची को उपलब्ध करा दिया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित अनुश्रवण समिति की बैठक में सर्वसम्मति से खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में राईस मिलों का चयन एवं धान अधिप्राप्ति केन्द्रों से टैगिंग करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया था। जिला अनुश्रवण समिति से अनुमोदित संबद्धता के प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए प्रबंध निदेशक, झारखंड राज्य खाद्य निगम मुख्यालय जिला को भेजा गया है। जिला अनुश्रवण समिति द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में 10 राईस मिलों के चयन का अनुमोदन किया गया है।

## पीएम पोषण योजना जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक

# जिला के विद्यालयों के मध्याह्न भोजन के लिए 42 लाख की स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी के अध्यक्ष सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर बुधवार को समाहरणालय में पीएम पोषण योजना की जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक हुई। बैठक में पीएम पोषण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए मध्याह्न भोजन का बजट सह कार्य योजना का प्रस्ताव रखा गया। जिसपर कमिटी द्वारा रांची जिला के लिए 41 करोड़ 64 लाख 86 हजार रुपए का अनुमोदन किया गया। बताया गया कि जिला के विद्यालयों में नवंबर माह में छात्रों की उपस्थिति 75.12 प्रतिशत रही। जिससे 1 लाख 68 हजार 810 बच्चें नवंबर में मध्याह्न भोजन से लाभान्वित हुए।

### आनंद नगर में विद्यालय से पशुओं को हटाया जायेगा

बैठक में उपस्थित अवर विद्यालय निरीक्षक रांची-02 के द्वारा रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक से कहा गया की उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आनंद नगर हरमू के बाहर गाय आदि पशु को बॉध दिया जाता है। जिससे परिसर के बाहर गंदगी का अंबार लगा रहता है। जिससे विद्यालय के छात्र/छात्रों को परेशानी होती है। जिसपर सहायक प्रशासक रांची नगर निगम द्वारा कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया।

यह भी बताया गया कि प्रथम एवं द्वितीय त्रिमास का चावल वितरण संबंधित अभिकर्ता द्वारा शत प्रतिशत नहीं किया गया है। सभी विद्यालय के प्राचार्यो को निर्देश दिया गया कि छात्र व छात्राओं को ससमय मध्याह्न भोजन मिलता रहे यह सुनिश्चित करें।

**जिला के 2128 विद्यालयों में योजना हो रहा है संचालित :** मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत जिले में कुल-2128 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन संचालित है। इसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय-2190 एवं मध्य विद्यालय-791, उच्च विद्यालय-47 एवं मॉडल विद्यालय-08 उच्च विद्यालय में शामिल है।

**बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थित :** बैठक में नोडल पदाधिकारी जिला मध्याह्न भोजन योजना कोषांग दीप्ती कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, सिविल सर्जन के प्रतिनिधि, सहायक प्रशासक मुकेश रंजन, सुपरवाइजर समाज कल्याण रांची, श्रीमती सुलक्षना टुडू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मांडर रहमत अली, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ओरमांझी श्रीमती सीमा कुमारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बुढ़मू, रविंद्र प्रसाद, अवर विद्यालय निरीक्षक रांची-02, अरविंदा कुमारी, अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति बीएमपी डोरंडा और एसएम रंजन एवं संबंधित अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड से चलने वाली कई ट्रेनों में जनवरी तक लंबी वेटिंग

# 24 से 28 मार्च तक ट्रेनों में गिनती की सीटें बची हैं




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य से चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में कंर्फम सीट मिलना मुश्किल हो गया है। दिसंबर से लेकर जनवरी तक ट्रेन बुकिंग में लंबी वेटिंग है। वहीं, अब तो मार्च के लिए भी कुछ ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल दिख रहा है। होली के लिए अभी से बुकिंग शुरू है। रेलवे के अनुसार मुंबई, सूरत और दिल्ली, बिहार एवं यूपी के शहरों के लिए ट्रेनों में अब कंफर्म सीट मिलना मुश्किल है। हटिया से गोरखपुर के बीच चलने वाली मौर्य एक्सप्रेस की बुकिंग सबसे तेज है। दूसरी ट्रेनों में भी मार्च की अलग-अलग तिथियों में अब गिनती की सीटें ही बची हैं। 25 मार्च को होली है। इसके लिए अभी से बुकिंग शुरू हो गयी है। राजधानी एक्सप्रेस में रांची से नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में गिनती की सीटें उपलब्ध है। वीआईपी ट्रेनों की बुकिंग में अधिक उछाल देखा जा रहा है। नई दिल्ली से हावड़ा और सियालदह जानेवाली राजधानी एक्सप्रेस में थर्ड और सेकेंड एसी में वेटिंग है। 24 मार्च से 28 मार्च तक इन ट्रेनों में गिनती की सीटें ही बची हैं। पटना जानेवाली गंगा दामोदर और धनबाद से पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस में भी मार्च के लिए बुकिंग तेज हो गयी है। बुंबई हावड़ा मेल में 22 मार्च से स्लीपर से सेकेंड एसी फुल, वनगर टर्मिनस आसनसोल पारसनाथ एक्सप्रेस में 19 मार्च को स्लीपर से सेकेंड एसी तक फुल, कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस में 22 से 24 मार्च तक स्लीपर में आरएसी शामिल हैं।

### हटिया-आनंदविहार एक्सप्रेस का परिचालन 14 दिसंबर से

**रांची।** हटिया आनंदविहार एक्सप्रेस के पुनः परिचालन का आदेश रेलवे ने जारी कर दिया है। कोहरा को देखते हुए हटिया आनंदविहार एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द किया गया था, लेकिन अब इसका पुनः परिचालन किया जायेगा। रांची रेल मंडल की ओर से बुधवार को बताया गया कि ट्रेन संख्या 12873 हटिया आनंदविहर टर्मिनल ट्रेन 14 दिसंबर से हटिया से नियमानुसार चलेगी। ट्रेन संख्या 12874 आनंदविहर टर्मिनल हटिया ट्रेन 15 दिसंबर से आनंदविहर टर्मिनल से पुनः परिचालित होगी। दूसरी तरफ रेलवे की ओर से संबलपुर बनारस एक्सप्रेस का परिचालन विशाखापट्टनम तक चलेगी। इस संबध में सूचना जारी कर दी गयी है, जिसके मुताबिक ट्रेन संख्या 18311 विशाखापटनम बनारस एक्सप्रेस ट्रेन का विशाखापटनम प्रस्थान प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को 04: 20 बजे और बनारस आगमन अगले दिन 09: 25 बजे होगा। ट्रेन संख्या 18312 बनारस विशाखापटनम एक्स्प्रेस ट्रेन का बनारस प्रस्थान प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को दिन के तीन बजे और विशाखापटनम आगमन अगले दिन 7:30 बजे है। विस्तार के साथ ही द्विसाप्ताहिक ट्रेनें टीटलागढ़, रायगड़ा, विजयनगरम होते हुए विशाखापटनम तक परिचालित हो रही है।

## पृष्ठ एक के शेष

**रोटी, कपड़ा और मकान की...**

आपकी सरकार आर्थिक सहयोग गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के जरिये कर रही है। आने वाली पीढ़ी सशक्त हो, इसके लिये उत्कृष्ट विद्यालय का निर्माण शुरू कर दिया है। वर्तमान में 80 उत्कृष्ट विद्यालय का शुभारंभ कर दिया गया है। उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या पांच हजार की जायेगी, जिससे यहां के गरीबों, किसानों के बच्चे बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि 80 के दशक में संताल परगना काजू के पेड़ से ढका हुआ था, लेकिन उस समय इसके फल का उपयोग यहां के लोग नहीं कर पाते थे, अब इसके फल को आधुनिक तकनीक से प्रोसेसिंग कर आय में वृद्धि का जरिया बनाया जा सकेगा। इस संदर्भ में वन प्रमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। लोगों को इसका सही लाभ मिलेगा। वहीं, अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के तहत सरकारी भूमि में भी फलदार वृक्ष लोग लगा सकते हैं। जब तक वह फलदार वृक्ष रहेगा उसके मालिक आप ही रहेंगे। इस अभियान के जरिये लोगों को वनपट्टा से आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जामताड़ा जिला में 500 किमी. ग्रामीण सड़क की स्वीकृति दी गयी है जो 300 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। साथ ही पथ निर्माण विभाग के तहत उच्च स्तरीय 220 किमी. सड़क की स्वीकृति दी है जो करीब 250 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। कई जगह निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। सरकार ने फिर से बीरबिंदिया पुल के निर्माण की भी स्वीकृति दी है जो करीब 270 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। इस अवसर पर नाला विधायक-सह-विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष राधा रानी सोरेन, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आयुक्त संताल परगना प्रमंडल, उपायुक्त जामताड़ा, आरक्षी अधीक्षक जामताड़ा, जिला के पदाधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**कुदरत का करिश्मा : महिला ने एक...**

लिए सोची। अब जब भगवान ने हमें तीन बेटे दिए हैं, तो इन्हें किसी को देने का सवाल ही नहीं है। हम अपने तीनों बेटों के नाम राम, लक्ष्मण व भरत रखेंगे। इधर कुदरत के इस करिश्मे को देखकर हर कोई हैरत में पड़ गया। एक साथ तीन पुत्रों के जन्म से परिवार में खुशी है। बताया गया कि महिला को पहले से दो बच्चियां हैं और इन बच्चों के बाद वो अब पांच बच्चों की मां बन गई हैं।

जानकारी के अनुसार कुडू के कोलसिमरी गांव निवासी विनय उरांव की पत्नी कमला उरांव को प्रसव पीड़ा होने के बाद मंगलवार सुबह स्थानीय सदर अस्पताल में भर्ती भर्ती कराया गया था, जहां महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया। ये तीनों बेटे हैं। तीनों बच्चों के जन्म में लगभग पांच छह मिनट का ही फासला है। सभी बच्चे नॉर्मल डिलीवरी से हुए हैं। तीनो बच्चों को नॉर्मल डिलीवरी कराने वाली नर्स शशि कुमारी ने बताया कि सभी बच्चे स्वस्थ हैं। उसने बताया कि इससे पहले भी वो किस्को स्वास्थ्य केंद्र में नॉर्मल डिलीवरी से 2019 में तीन बच्चे कराये थे। उसने बताया कि कमला उरांव की पहले से तीन साल और छह साल की दो बेटियां हैं। वहीं कमला उरांव ने बताया कि सदर अस्पताल में भी नॉर्मल डिलीवरी से बच्चे स्वस्थ रूप से हो रहे हैं। ऐसे में अस्पताल के बाहर घूम रहे बहुत सारे बिचौलियों के चक्कर में पड़कर प्राइवेट अस्पताल में जाने की भूल नहीं करें। प्राइवेट अस्पताल वाले सिर्फ पैसे कमाने के लिए महिला का ऑपरेशन कर देते हैं, जबकि नॉर्मल डिलीवरी से भी बच्चे स्वस्थ हो सकते हैं।

**दोनों को मैसूर-कोडगु के भाजपा सांसद से...**

ये सभी गुरुग्राम में ठहरे थे। पुलिस ने इन लोगों में से चार को गिरफ्तार कर लिया है,जबकि दो की तलाश जारी है। इनमें एक का नाम ललित झा बताया जा रहा है। इनके पास से कोई फोन बरामद नहीं किया गया है। घटना के बाद संसद से बाहर निकलकर बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने पत्रकारों को बताया कि शून्यकाल खत्म होने में पांच-छह मिनट बचा था, तभी पीछे से धड़ाम की अवाज आयी। वह कहते हैं, मुझे लगा कुछ गिरा। मैंने पीछे पलटकर देखा तो कुछ नजर नहीं आया। इतनी देर में एक और ऊपर (दर्शक दीर्घा) से कूदा। हमें लगा कि गड़बड़ हो गई है। पहले जो कूदा था वह सीटों पर कूद-कूद कर आगे बढ़ने लगा। मैं और सांसद हनुमान बेनीवाल उसे पकड़ने के लिए नजदीक गए। इतने में और कई सांसद साथ आ गए। हमने देखा कि उसने जूता निकाला। हमें लगा ये जूता मारेगा। लेकिन हमें यह भी लग रहा था कि कहीं कोई हथियार न निकाल ले, इसलिए हम उसपर टूट पड़े। उसे जकड़ लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। हम छह-सात सांसद मिलकर उसे पीट रहे थे। इतने में उसने अपने जूते से कुछ निकाला। चिंगारी सी निकली और गैस-गैस, धुआं-धुआं हो गया। सभी मुंह को रुमाल से ढक कर भागने लगे। तब तक संसद के सुरक्षाकर्मी भी वहां आ गए। सांसद बताते हैं कि जब संदिग्ध सदन में कूदे थे, उस वक्त वहां एक महिला सुरक्षाकर्मी थी। वह महिला बुरी तरह रो रही थी। उसकी बेहोशी जैसी हालत हो गई थी। क्या संदिग्ध कुछ कह रहे थे? इस सवाल पर सांसद ने कहा, वे तानाशाही नहीं चलेगी-तानाशाही नहीं चलेगी चिल्ला रहे थे। लेकिन उस समय तो हमारे दिमाग में था कि आज कैसे बचेंगे। या इन्हें मारे या कैसे बचें। हम उन्हें पकड़ने में लगे थे ताकि कोई हथियार वगैरा न चला पाएं।बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रही थी नीलमवैसे तो जब संसद चलता है, तो संसद की तरफ जाने वाले सभी मार्ग पर किसी तरह के धरना प्रदर्शन पर रोक लगा दी जाती है। जंतर-मंतर पर पुलिस के घेरे में थोड़ी जगह है केवल वहीं धरना प्रदर्शन करने दिया जाता है। लेकिन कभी -कभी एक - दो लोग अलग -अलग आकर संसद भवन की तरफ जाने वाले मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए नारे लगाने लगते हैं, तो उनको तुरंत पुलिस पकड़ लेती है। ऐसे ही एक बहुत पढ़ी लिखी महिला नीलम जो बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रही थी , उसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह हरियाणा के जींद की रहने वाली है। नीलम के भाई द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उसने उच्च शिक्षा हासिल की है। उन्होंने बताया कि उसने बीए, एमए, बीएड, एमएड, सीटीईटी, एमफिल व नेट क्वालीफाई किया है। वह कई बार बेरोजगारी का मुद्दा उठा चुकी है और उसने किसान आंदोलन में भी प्रदर्शन किया था। फिलहाल संसद के अंदर और बाहर प्रदर्शन करने के मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। मैसूर का रहने वाला है मनोरंजन इनमें से एक मैसूर के डी मनोरंजन के पिता देवराज का बयान आया है। मैसूर के रहने वाले देवराज ने कहा कि यह गलत काम है, करना है तो सच के लिए काम करना चाहिए, कोई बच्चा अगर यह करता है तो यह गलत है। मेरा बच्चा अगर कुछ अच्छा काम करता है तो मैं उसके साथ हूं, अगर वो समाज में कुछ गलत करता है, तो उसे फांसी पर लटका दिया जाए। वह कंप्यूटर इंजीनियर है। देवराज ने कहा,अगर उसने कुछ गलत किया है, तो वह मेरा बेटा नहीं है। लेकिन मैं आपको बता दूं कि वह अच्छा लड़का है, मुझे नहीं पता था कि वह दिल्ली में हैं। वह अपने कॉलेज के दिनों में एक छात्र नेता था। बैटरी रिक्शा चलाता है सागर वहीं, दर्शक दीर्घा से कूदने वाला दूसरा युवक सागर शर्मा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ, आलमबाग के रामनगर का रहने वाला है। सागर घर में यह कहकर निकला था कि वह दिल्ली में किसी धरना-प्रदर्शन में शामिल होने जा रहा है। बताया गया कि सागर बैटरी रिक्शा चलाता है और उसके पिता कारपेंटर का काम करते हैं। सागर के पिता कारपेंटर का काम करते हैं। गुरुग्राम के एक घर में रुके थे आरोपी बताया जा रहा है पांच आरोपी गुरुग्राम के सेक्टर 9 थाना क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मकान नंबर 67 में ठहरे थे। मकान ललित झा का बताया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

**डा. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के...**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय नागरिक विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद थे। समारोह में कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंराड संगमा, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस व अजीत पवार एवं नागालैंड के उप मुख्यमंत्री वाय. पैटन शामिल हुए। इसके साथ ही राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि समारोह में मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने नए मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में डबल इंजन सरकार दोगुने जोश के साथ काम करेगी और विकास के नए प्रतिमान गढ़ेगी। शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि देश के हृदयस्थल मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेंद्र शुक्ला को हार्दिक बधाई। महिलाओं ने शपथ ग्रहण स्थल के बाहर शिवराज को रोकाराजधानी भोपाल में शपथ ग्रहण स्थल मोतीलाल नेहरू स्टेडियम के बाहर महिलाओं ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला रुकवाया दिया। इस दौरान महिलाएं मामा-मामा के नारे लगाने लगी। दरअसल, शिवराज सिंह चौहान शपथ ग्रहण समारोह संपन्न होने के बाद बाहर निकले तो महिलाओं ने उन्हें घेर लिया।

**भजनलाल शर्मा 15 को...**

उपमुख्यमंत्रियों को निमंत्रण भेजा है। शपथ ग्रहण समारोह जयपुर में अल्बर्ट हॉल के बाहर होगा। विधायक दल की बैठक के बाद भजनलाल ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा भी पेश किया।

**विष्णुदेव साय बने छत्तीसगढ़ के...**

नाम पर हिन्दी में शपथ ली। साय राज्य के चौथे तथा भाजपा के दूसरे मुख्यमंत्री हैं। मध्यप्रदेश को विभाजित कर नवंबर 2000 में आस्तित्व में आए इस राज्य में इससे पहले स्वं अजीत जोगी, डॉ.रमन सिंह एवं भूपेश बघेल मुख्यमंत्री रहे हैं। डॉ.रमन सिंह लगातार तीन कार्यकाल मुख्यमंत्री रहे है।भाजपा ने पहली बार राज्य में उप मुख्यमंत्री बनाए है।

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 58.850

चांदी (किलो) 75.500

## एक नजर

### भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर बढ़कर 5.55 फीसदी हुई

**नई दिल्ली।** भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर अक्टूबर में चार महीने के निचले स्तर 4.87 प्रतिशत पर पहुंचने के बाद नवंबर में फिर से बढ़कर 5.55 प्रतिशत हो गई। खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों से जीवन यापन की लागत बढ़ गई और साथ ही घरेलू बजट भी बढ़ गया। आरबीआई के 4 प्रतिशत लक्ष्य से ऊपर मुद्रास्फीति में वृद्धि का मतलब है कि केंद्रीय बैंक दरों में कटौती नहीं करेगा। खाद्य मुद्रास्फीति, जो कुल कंज्यूमर प्राइस बास्केट का लगभग आधा हिस्सा है, अक्टूबर में 6.61 प्रतिशत की तुलना में नवंबर में 8.7 प्रतिशत बढ़ी। महीने के दौरान प्याज, फल और दालों जैसी सब्जियों की कीमतें तेजी से बढ़ीं। आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से ये बात पता चली है।

### गेमिंग इंडस्ट्री का मेगा इवेंट ई3 अब स्थायी रूप से रद्द

**नई दिल्ली।** ई3 (इलेक्ट्रॉनिक एंटरटेनमेंट एक्सपो) गेमिंग इवेंट, जो कभी दुनिया का सबसे बड़ा गेमिंग इवेंट हुआ करता था, दो दशकों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है। ई3 चलाने वाली इंडस्ट्री एंटरटेनमेंट सॉफ्टवेयर एसोसिएशन (ईएसए) ने बीबीसी से पुष्टि की, कि यह आयोजन दोबारा कभी नहीं होगा। आयोजकों ने एक बयान में कहा, ई3 के दो दशकों से ज्यादा समय के बाद अलविदा कहने का समय आ गया है। यादों के लिए धन्यवाद। जीजीडब्लूपी ई3 को आखिरी बार विचुअली 2021 में आयोजित किया गया था और आखिरी इन पर्सन इवेंट 2019 में हुआ था। इस साल मार्च में, लॉस एंजिल्स में 'ई3 2023' को रद्द कर दिया गया था। यह कार्यक्रम 13-16 जून तक निर्धारित था।

### ग्लोबल मार्केट से मिले जुले संकेत, एशियाई बाजारों में दबाव

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। हालांकि यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एशियाई बाजार में भी आज दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। ब्याज दरों को लेकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व का फैसला आने के पहले पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों में तेजी का रुख बना रहा। डाउ जॉन्स दिन भर के कारोबार के बाद 178 अंक उछल गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,643.72 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डैक 0.64 प्रतिशत मजबूत होकर 14,525.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित

**एजेंसी। पर्थ**

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज पैट कमिंस टीम का नेतृत्व करेंगे और अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ उनके डिप्टी होंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड भी इस सूची में हैं। पिछले महीने के विश्व कप में, उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर रिकॉर्ड छठी बार ट्रॉफी जीती। ऑस्ट्रेलियाई टीम में अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन की भी वापसी हुई है, जो पिंडली की चोट के बाद अंतिम एकादश में वापसी कर रहे हैं। उन्हें उनके हमवतन टॉड मर्फी से ऊपर चुना गया है। इस साल की शुरूआत में ओवल में एशेज श्रृंखला के अंतिम मैच में इंग्लैंड से भिड़ने वाली ऑस्ट्रेलियाई एकादश में यह एकमात्र बदलाव है। मेजबान टीम के लिए डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा की बाएं हाथ की जोड़ी पारी की शुरूआत करेगी। एक मजबूत मध्यक्रम में मार्नस लाबुशेन, स्मिथ, हेड और मिशेल मार्श दिखेंगे। मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।



**ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन**

डेविड वार्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिच मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस (कप्तान), नाथन लियोन, जोश हेजलवुड

**पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवन**

इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, शान मसूद (कप्तान), बाबर आजम, सऊद शकील, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सलमान अली आगा, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, आमिर जमाल और खुर्रम शहजाद

# केएल राहुल तीनों फॉर्मेट में मिडिल ऑर्डर की जिम्मेदारी संभालेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केएल राहुल तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज बन सकते हैं। राहुल न केवल तीन वनडे मैचों में बल्कि 3 टेस्ट मैचों में भी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल साउथ अफ्रीका दौरे पर वनडे सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी संभालेंगे। वह आज रात तक साउथ अफ्रीका पहुंच जाएंगे। फिलहाल, दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज खेली जा रही है जिसके सदस्य राहुल नहीं हैं। वह तीन मैचों की वनडे सीरीज में बतौर कप्तान खेलने के बाद 2 टेस्ट मैच के लिए भी स्क्वॉड में शामिल हैं। इसी कड़ी में एक बड़ा अपडेट आया है कि उनके बल्लेबाजी क्रम में बदलाव देखने को मिलेगा। मतलब, राहुल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज मध्यक्रम में अपना स्थान बनाने पर काम कर रहे हैं। इसे केएल राहुल का नया अध्याय कहा जा सकता है।



वह तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज बन सकते हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, राहुल न केवल तीन वनडे मैचों में बल्कि 3 टेस्ट मैचों में भी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। जबकि ईशान किशन 16 सदस्यीय टीम में शामिल हैं लेकिन राहुल विकेटकीपिंग के लिए ईशान की तुलना में ज्यादा बड़े दावेदार हैं।

## आंद्रे रसेल की दमदार वापसी, वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत

**एजेंसी। बारबाडोस**

स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी करते हुए वेस्टइंडीज को इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दिलाई है। दो साल से अधिक समय में रसेल का यह पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच था। अपने कमबैक मैच में इस स्टार ऑलराउंडर ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। टी20 वर्ल्ड कप से पहले वेस्टइंडीज के लिए यह जीत बेहद खास है। 35 वर्षीय रसेल ने 14 गेंदों में तीन विकेट और नाबाद 29 रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज के लिए अन्य बल्लेबाजों में ब्रेंडन किंग (22), काइल (35), साई (36), और रोमेन पॉवेल ने 31 रन का अहम योगदान दिया। रसेल को उनकी शानदार व्यक्तिगत खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और उन्होंने खेल के बाद स्वीकार किया कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी बिल्कुल योजना के अनुसार हुई है। बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल मैदान पर वेस्टइंडीज के लिए यह रन चेज सबसे सफल रहा, जिसने 2014 में इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज के 155/5 के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर को भी पीछे छोड़ दिया। आईसीसी ने मैच के बाद रसेल के हवाले से कहा, जब से मुझे बुलावा आया है तब से दो सप्ताह से मैं सपना देख रहा हूं कि मैं अपने पहले मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बनूंगा।

## 9 साल बाद रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी करेगी भारतीय महिला टीम

**मुंबई।** घरेलू परिस्थितियों में खेलने के फायदे के अलावा भारतीय महिला क्रिकेट टीम खेल के सभी प्रारूपों में हाल के अच्छे प्रदर्शन पर भरोसा करेगी। ताकि जब वह चार दिवसीय वन-ऑफ टेस्ट में गुरुवार से यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिलाओं से भिड़ेगी तो उसे मदद मिलेगी। पिछले कुछ वर्षों में टीम द्वारा रेड-बॉल मैच नहीं खेलने के कारण टीम के अधिकांश खिलाड़ियों को इस प्रारूप का अधिक अनुभव नहीं है और इसलिए वे मैदान में जाने और चीजों को वैसे ही लेने की योजना बना रहे हैं जैसे वे आते हैं।

# आईपीएल का संयुक्त ब्रांड मूल्य 10 अरब डॉलर से अधिक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कुल संयुक्त ब्रांड वैल्यू 10 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गई है। अब तक, आईपीएल की ब्रांड वैल्यू 10.7 अरब डॉलर है, जबकि 2022 में 8.4 अरब डॉलर थी, इस प्रकार 28% की वृद्धि दर्ज की गई। ब्रांड वैल्यूएशन कंसल्टेंसी ब्रांड फाइनेंस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2008 में लॉन्च होने के बाद से आईपीएल का कुल ब्रांड मूल्य 433 प्रतिशत बढ़ गया है। इसमें कहा गया है कि आईपीएल की महत्वपूर्ण वृद्धि का श्रेय 6.2 बिलियन डॉलर (48,390 करोड़ रुपये) के मीडिया अधिकार सौदे सहित कारकों को दिया जाता है।, आईपीएल राजस्व के केंद्रीय पूल में वृद्धि, दो फ्रेंचाइजी टीमों को शामिल करना, और कोविड -19 महामारी के बाद 2023 में पूर्ण स्टेडियम उपस्थिति की वापसी। इसमें आगे कहा गया है कि पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 87 मिलियन डॉलर के साथ सबसे मूल्यवान आईपीएल ब्रांड के रूप में उभरी है, उसके बाद पांच बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) है, जो अब 81 मिलियन डॉलर के साथ दूसरा सबसे मूल्यवान ब्रांड है। शीर्ष पांच सूची में अन्य फ्रेंचाइजी में दो बार के विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) क्रमशः 78.6 मिलियन डॉलर और 69.8 मिलियन डॉलर शामिल हैं।




## मार्करम और शम्सी ने मैच का पलड़ा द. अफ्रीका के पक्ष में झुकाया: तिलक

**गकेबेरहा।** भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों तबरेज शम्सी और कप्तान एडेन मार्करम के स्पैल ने दूसरे टी20 मैच को उनके पक्ष में करने में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अगर यह जोड़ी नहीं होती तो नतीजा कुछ और हो सकता था। गकेबेरहा में दक्षिण अफ्रीका की पांच विकेट की जीत में मार्करम ने 1-29, जबकि शम्सी ने 1-18 के किफायती आंकड़े के साथ वापसी की। तिलक वर्मा ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि जब हमने बल्लेबाजी की तो विकेट थोड़ा धीमा था।

# भोजपुरिया क्रिकेट लीग टूर्नामेंट 19 दिसंबर से, एंट्री 15 दिसंबर तक

**एजेंसी। जमशेदपुर**

भोजपुरिया क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का उद्घाटन 19 दिसंबर को होगा. सभी मैच गोलमुरी अंतर्गत केबुल क्रिकेट ग्राउंड में खेले जायेंगे. सभी नॉक आउट मकाबले दिन की रोशनी में खेले जायेंगे. टूर्नामेंट की विजेता टीम को ट्रॉफी समेत एक लाख रुपये ईनामी राशि और रनर-अप को 50 हजार रुपये समेत ट्रॉफी दीया जायेगी. मैन ऑफ द टूनामेंट को स्पोर्ट्स साइकिल पुरस्कार के रूप में भेंट की जायेगी. फाइनल मुकाबले के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को




स्पोर्ट्स जूता और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व गेंदबाज को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जायेगा. भोजपुरिया क्रिकेट लीग के आयोजक और भोजपुरी नवचेतना मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अप्पू तिवारी ने उक्त जानकारी दी. उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान कराने के साथ ही प्रतियोगिता के माध्यम से उनमें प्रतिस्पर्धा विकसित करना है. 15 दिसंबर तक इच्छुक टीमें अपना नामांकन करा सकती हैं. प्रत्येक टीम के लिए प्रवेश शुल्क 5001 रुपये निर्धारित है. अप्पू तिवारी ने बताया कि भोजपुरी साहित्य के पितामह स्व भिखारी ठाकुर की जयंती को समर्पित यह टूर्नामेंट 19 दिसंबर से प्रारम्भ होगा. टूर्नामेंट के सभी मैचों का यू-ट्यूब चैनल पर लाईव प्रसारण होगा. विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9263598533 एवं 9334791840 पर संपर्क किया जा सकता है।

## व्यापार

# नहीं थमी सोने की कीमत में गिरावट चांदी ने किया सपाट स्तर पर कारोबार

**अलग-अलग सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 150 से 250 रुपये प्रति 10 ग्राम गिरा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू सराफा बाजार में लगातार गिरावट का दौर चल रहा है। आज सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भी देश के सराफा बाजारों में गिरावट का रुख बना हुआ है। देश के अलग-अलग सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 150 से 250 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोने की कीमत में भी आज 100 से 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। आज की गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 62 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे चला गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज चेन्नई को छोड़ कर देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 57 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे कारोबार कर रहा है। चांदी आज सपाट स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी



बिना किसी उतार-चढ़ाव के 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 61,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 61,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 62,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 61,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 56,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 61,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 61,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 56,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** पिछले 24 घंटे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का मूल्य घटकर 73 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 69 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.27 डॉलर यानी 0.37 फीसदी की गिरावट के साथ 72.97 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.28 डॉलर यानी 0.41 फीसदी लुढ़ककर के साथ 68.33 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## भारत में निवेश के अपार अवसर यहां बड़ा घरेलू बाजार भी : गोयल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत में निवेश के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। गोयल ने विदेशी निवेशकों को भारत में कारोबार के अवसर तलाशने की सलाह देते हुए कहा कि भारत एक बड़ा घरेलू बाजार है, यहां निवेश के अनुकूल माहौल भी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री राजधानी नई दिल्ली में आयोजित विश्व निवेश सम्मेलन (डब्ल्यूआईसी) को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने निवेश सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में निवेश के अवसर बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद निर्यात भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों को भारत में कारोबार के अवसर तलाशने चाहिए। गोयल ने कहा कि निवेश पर अच्छा प्रतिफल मिल रहा है। निवेशकों को संबोधित करते हुए



उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर में संभावनाएं तलाशने के लिए आमंत्रित किया। हालांकि, राज्यसभा में नेता सदन पीयूष गोयल ने संसद में हुई घटना की जानकारी मिलने के बाद कहा कि मुझे तुरंत संसद में वापस जाना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैं अपने सहयोगी मंत्रियों से माफी मांगता हूं, लेकिन मेरे बोलने के बाद मुझे इस कार्यक्रम को छोडकर यहां से जाना पड़ेगा।

## सिंधिया एयरलाइन उद्योग के प्रतिनिधियों से मिले

# वाजिब किराया लें और अच्छी सुविधा दें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया ने मंगलवार को कामकाज और ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए एयरलाइन उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ सलाहकार समूह की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का प्राथमिक फोकस प्रत्येक एयरलाइन के लिए ऑन-टाइम प्रदर्शन (ओटीपी) में सुधार करना था। सिंधिया ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को वीएफआर-सुसज्जित (विजुअल फ्लाइट रूल्स) हवाईअड्डों पर तकनीकी विशिष्टताओं का पुनर्मूल्यांकन करने का निर्देश दिया, जिसका उद्देश्य एयरलाइंस के ओटीपी को बढ़ाना और यात्रियों के लिए अधिक कुशल यात्रा अनुभव सुनिश्चित करना है। मंत्री ने ओटीपी



की जांच करने के अलावा, प्रत्येक एयरलाइन द्वारा कार्यान्वित हवाई किराये से संबंधित स्व-निगरानी तंत्र पर भी चर्चा की। उचित मूल्य निर्धारण की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने एयरलाइंस से विशिष्ट मार्गों पर उचित किराया बनाए रखने का आग्रह किया। एक अधिकारी ने कहा, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) टैरिफ मॉनिटरिंग यूनिट को अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए चयनित मार्गों पर हवाई किराये की नियमित निगरानी करने का भी काम सौंपा गया है। सिंधिया ने टियर 2 और टियर 3 शहरों और अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने की दृष्टि से एयरलाइंस से अगले छह महीनों के लिए व्यक्तिगत विमान प्रेरण और तैनाती योजनाएं प्रस्तुत करने का आह्वान किया। उन्होंने पॉइंट-टू-पॉइंट सीधी कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया और एयरलाइंस को चौड़ी बॉडी और नैरो-बॉडी-लंबी दूरी के विमानों का उपयोग करते हुए क्षमता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। सिंधिया ने एयरोस्पेस निमार्ताओं और एमआरओ के सलाहकार समूह से भी मुलाकात की और कराधान के साथ-साथ क्षेत्रों के विकास को प्रभावित करने वाले नियामक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, इसके अलावा, एयरोस्पेस निमार्ताओं को भारत सरकार के प्रत्येक विभाग से उनकी आवश्यकताओं को रेखांकित करते हुए एक सहयोगी योजना पेश करने की सलाह दी गई, ताकि उन्हें भारत में अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं का विस्तार करने में मदद मिल सके। बैठक में केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त), नागरिक उड्डयन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## होंडा ने रांची में सड़क सुरक्षा जागरुता अभियान चलाया

**रांची।** होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया सड़क का इस्तेमाल करने वाले सभी यूजर्स के लिए सुरक्षित वातावरण के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क सुरक्षा के प्रति, लोगों के उन्मुख इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए एचएमएसआई ने रांची शहर में अपने सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान को आगे बढ़ाया। एचएमएसआई अपने कॉर्पोरेट उत्तरदायित्व के तहत बीएसपी स्कूल, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल और प्रमथानाथ मध्य विद्यालय में तीन दिवसीय कैम्प आयोजित किया गया। इस कैंप में 2500 से अधिक छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों ने सक्रियता के साथ हिस्सा लिया। एचएमएसआई के रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर्स ने प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए उचित सड़क सुरक्षा लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाया।

# बिहार इंवेस्टर्स मीट : 15 कंपनियों ने 15,570 करोड़ का एमओयू किया

**एजेंसी। पटना**

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 का दो दिवसीय आयोजन बुधवार को आरंभ हो गया। पहले दिन टेक्सटाइल, लेदर, खाद्य प्रसंस्करण व जेनरल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की 15 प्रमुख कंपनियों ने 15,570 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उद्योग मंत्री समीर महासेठ ने उद्यमियों को कहा कि बिहार से जुड़कर देखिए, यह पूरे देश में बेहतर है। विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह ने उद्यमियों को एडवांटेज बिहार की बातें समझाईं। वहीं, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक अलग-अलग सेक्टर में बिहार में उद्योगों के लिए किस तरह से पॉलिसी के माध्यम से मदद दी जा रही है, इस बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार में बताया। नामी-गिरामी उद्योग समूहों के अतिरिक्त, अमेरिका, हंगरी, यूएई, वियतनाम और बांग्लादेश के उद्यमी भी इस दौरान मौजूद रहे।

**उद्योग में निवेश से बिहार अग्रणी राज्य बन जाएगा :** उद्योग मंत्री समीर महासेठ ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में मौजूद उद्यमियों को कहा कि उद्योग में निवेश से बिहार अग्रणी राज्य बन जाएगा। सरकार उद्यमियों को आरंभ से लेकर उत्पादन शुरू होने तक वह सभी प्रकार की मदद करेगी, जिसकी उन्हें अपेक्षा है। बिहार से बस जुड़कर देखिए। देश में जो औद्योगिक इकाइयां हैं उन्हें चलाने वाले बिहार से हैं। वहीं, नीचे के स्तर पर 25 प्रतिशत लोग बिहारी हैं। लक्ष्य यह है कि अगले तीन वर्षों के भीतर बिहार को एक से दस के बीच जो अग्रणी राज्य हैं उसमें शामिल करना है।

## जिलेट के नवीनतम टीवीसी में रवि किशन ने कहा, गार्ड से कटेगा नहीं

**नई दिल्ली।** जिलेट की ब्रैंड फिल्म में लोकप्रिय भोजपुरी अभिनेता रवि किशन अभिनय कर रहे हैं। यह फिल्म शेविंग करते समय खरोंच और कट्स को रोकने के लिए सेफ्टी कॉम्ब के साथ जिलेट गार्ड के सिंगल-ब्लेड सिस्टम को प्रदर्शित करती है जिलेट इंडिया की नवीनतम कैंपेन फिल्म मशहूर भोजपुरी अभिनेता रवि किशन द्वारा अभिनीत है। फिल्म में देखा जा सकता है कि वे शेविंग करते समय अपने नियमित रेजर से काफी निराश हैं, क्योंकि इसकी वजह से शूटिंग से ठीक पहले उनके चेहरे पर एक कट लग जाता है। उनके साथ यह घटना तब होती है, जब वे एक महत्वपूर्ण सीन के लिए तैयार हो रहे होते हैं। यह कट न सिर्फ उनकी दिनचर्या में खलल डाल देता है, बल्कि उनके मेक ओवर को बाधित करने के साथ ही फिल्म की शूटिंग में भी रुकावट बन जाता है। इसके बाद रवि किशन को उनके एक स्टाफ से जिलेट गार्ड का इस्तेमाल करने की सलाह मिलती है।